

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कबीरधाम जिले के ग्राम कुसुमघटा में नवनिर्मित गुड़ उद्योग का शुभारंभ किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 09 अंकः 19 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group





### आदर्श विचार



"राम नाम का महत्व ना जाने वह अज्ञानी अभागा है जिसके दिल में राम बसे हैं वह परम सौभागा है।"
भगवान राम

### मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"
स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# 22 को केंद्रीय संस्थानों में आधे दिन की छुट्टी

= केंद्र सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया ताकि हर कोई प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देख सकें।

**अधिसूचना**

**8 भावनाओं को देखते हुए दोपहर ढाई बजे तक सभी केंद्रीय दफ्तरों में अवकाश का ऐलान किया**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अयोध्या** के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समारोह के लिए हर कोई उत्साहित है। इस खास दिन के लिए केंद्र सरकार ने सरकारी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए एक विशेष घोषणा की है। 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सरकारी कर्मियों की भावनाओं को देखते हुए दोपहर ढाई बजे तक सभी केंद्रीय दफ्तरों में अवकाश का एलान किया है। इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इस आदेश में कहा गया कि कर्मचारियों की भारी भावना और उनके अनुरोध के कारण केंद्र सरकार ने आधे दिन की छुट्टी का ऐलान किया है। केंद्र सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया ताकि हर कोई प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देख सकें। इससे पहले, इस खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक जारी की। वहीं, पीएम मोदी द्वारा अयोध्या राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' से पहले मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने के आह्वान के बाद, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली के विश्वास नगर में पशुपति नाथ मंदिर में सफाई सेवा की।

**प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य कर्मकांड हुआ शुरूः** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य कर्मकांड आज दोपहर शुभ मुहूर्त में प्रारंभ हो गया। इससे पहले रामलला की अचल मूर्ति को बुधवार देर रात गर्भगृह में पहुंचा दिया गया है। आज शाम तक उन्हें विधि विधान पूर्वक अपने आसन पर विराजमान कर दिया जाएगा।

**रामलला ने किया मंदिर परिसर का भ्रमणः इसके** पहले बुधवार को रामलला की चांदी की प्रतिमा को राममंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया। पहले रामलला की अचल मूर्ति को जन्मभूमि परिसर में भ्रमण कराने की योजना थी लेकिन सुरक्षा कारणों और मूर्ति का वजन अधिक होने के कारण परिसर भ्रमण की रस्म रामलला की छोटी रजत प्रतिमा से पूरी कराई गई।

## राम मंदिर की नई तस्वीरें जारी

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
बुधवार को रामलला की अचल मूर्ति को परिसर में पहुंचा दिया गया है। यह वही रामलला हैं जो 23 जनवरी से नए मंदिर में दुनिया भर के भक्तों को दर्शन देंगे। रामलला की अचल मूर्ति की एक झलक पाने को लेकर अयोध्यावासी दिन भर बेताब रहे, उत्साहित रहे। बुधवार को रामलला पहली बार परिसर में प्रवेश करने वाले थे इसलिए तैयारियां भी भव्य तरीके से की जा रही थीं।

## मूर्ति की एक झलक पाने के लिए बेताब रहे अयोध्यावासी

22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही है। नई तस्वीरों में मंदिर के बाहर की भव्यता दिखाई दे रही है। रामनगरी बुधवार को भक्ति के सागर में डूबती-उतराती रही। प्राण प्रतिष्ठा की शुभ तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, उल्लास बढ़ता जा रहा है।

प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान भी शुरू हो गए हैं। बुधवार को रामलला की अचल मूर्ति को परिसर में पहुंचा दिया गया है।

## कैबिनेट से तीन पदों के सृजन को मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** कैबिनेट से 16वें वित्त आयोग का गठन करने पर अहम फैसला लिया है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में तीन पदों के सृजन को मंजूरी दी गई। गुरुवार को हुई इस अहम बैठक के बाद जारी बयान के अनुसार, 16वें वित्त आयोग के लिए सरकार एक आर्थिक सलाहकार और दो संयुक्त सचिवों के पद का सृजन करेगी। सरकार ने कहा कि आयोग के काम-काज में योगदान के लिए इन पदों का सृजन हुआ है। सरकार ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल कर वित्त आयोग का गठन किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने लगभग ढाई हफ्ते पहले इसकी अधिसूचना जारी की थी।

**फैसला**

**8 सरकार ने कहा कि आयोग के काम-काज में योगदान के लिए इन पदों का सृजन हुआ है**



दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट और टिकटों की एक पुस्तक जारी की।

## ईडी के सामने पेश नहीं होंगे केजरीवाल

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। केजरीवाल का कहना है कि उन्हें राजनीतिक कारणों से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया है। भाजपा उन्हें लोकसभा चुनाव से पहले जेल भेजने की साजिश रच रही है। ईडी ने शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए चौथी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को आज पेश होने के लिए नोटिस भेजा था। सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल ने ईडी के नोटिस का लिखित में जवाब दिया है। इसमें उन्होंने कहा है कि राजनीतिक कारणों से परेशान किया जा रहा है।

## भारतीय जहाज पर अदन की खाड़ी में हमला

### समुद्री लुटेरों की तरफ से ड्रोन से निशाना बनाए जाने की खबर मिली

**मार भगाया**

**8 रात करीब 12.30 बजे व्यापारिक जहाज- एमवी जेनको पिकार्डी को मदद मुहैया कराई गई**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** नौसेना ने बताया कि आईएनस विशाखापत्तनम अदन की खाड़ी में मिशन पर तैनात है। बुधवार रात करीब 11.11 बजे समुद्री लुटेरों की तरफ से हमले और ड्रोन से निशाना बनाए जाने की खबर मिली। मार्शल आइलैंड के झंडे वाले इस व्यापारिक जहाज- एमवी जेनको पिकार्डी से मदद मांगे जाने पर नौसेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। नौसेना ने बताया कि आईएनएस विशाखापत्तनम मिसाइल को नष्ट करने की क्षमता रखता है।

**चालक दल में 22 सदस्य, नौ भारतीय भी शामिल; नौसेना ने बचायाः** अदन की खाड़ी में समुद्री लुटेरों पर नजर रखने की ड्यूटी पर तैनात आईएनएस विशाखापत्तनम मिशन मोड में काम करता है। अदन की खाड़ी में हमले के खतरे से जुड़ी कॉल पर तत्काल जवाब देते हुए नौसेना ने करीब एक घंटे बाद संकट में फंसे व्यापारिक जहाज को खोज निकाला। रात करीब 12.30 बजे व्यापारिक जहाज- एमवी जेनको पिकार्डी को मदद मुहैया कराई गई।

## गरीबी के सही आंकड़ों को छिपा रही है मोदी सरकार : कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार गरीबी के सही आंकड़ों को छिपा रही है। हाल ही में नीति आयोग ने जो गरीबी के आंकड़े दिए हैं, वह सही नहीं हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार कहती है कि 09 साल में 24.82 करोड़ भारतीयों को गरीबी से उबार दिया गया है




लेकिन असल में यह गरीब के खिलाफ एक बहुत बड़ी साजिश है। सरकार का यह दावा जमीनी हकीकत के विपरीत है। श्रीनेत ने कहा कि अगर गरीबों की संख्या घट गई है तो उपभोग क्यों नहीं घट रहा है?

## एलओसी पर बारूदी सुरंग में विस्फोट, अग्निवीर का बलिदान

**शहीद**

**8 एक जवान की मौत हो गई और दो घायल हो गए, विस्फोट उस समय हुआ जब जवान अग्रिम इलाके में गश्त पर थे**



**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**
**जम्मू संभाग** के जिला राजोरी के नौशेरा में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम इलाके में बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। इससे एक जवान की मौत हो गई और दो घायल हो गए। यह विस्फोट उस समय हुआ जब जवान अग्रिम इलाके में गश्त पर थे। जानकारी के अनुसार, राजोरी जिले के कलाल में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम चौकी पोखरा के पास गश्त के दौरान गुरुवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। इससे एक जवान का बलिदान हो गया और दो जवान घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही तुरंत अन्य जवान मौके पर पहुंचे। उपचार के लिए घायल को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत एयरलिफ्ट के माध्यम से घायल एक जवान को उधमपुर कमान अस्पताल में शिफ्ट किया गया। पंजाब के जिला लुधियाना के निवासी अग्निवीर अजय सिंह बलिदान को प्राप्त हुए। सिपाही बलवंत को चोटें आईं हैं, जिनका इलाज उधमपुर में जारी है। नायब सुबेदार धरमिंदर सिंह को हल्की चोटें आई हैं। उनका इलाज 150 जीएच में उनका उपचार चल रहा है।

## योगी सरकार का तोहफाः 20 रुपये बढ़ा गन्ना मूल्य

**टीम एक्शन इंडिया/मुजफ्फरनगर**
**भारतीय** किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत और भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि खेती महंगी हो रही है। कृषि यंत्रों, कीटनाशक, जुताई, डीजल समेत अन्य चीजों के दाम बढ़े हैं। छोटी जोत के किसानों के लिए हालात विकट हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने 20 रुपये बढ़ाए हैं, लेकिन यह लाभकारी



मूल्य नहीं है।

इस दाम से किसान की आय दोगुनी नहीं हो सकती। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने गन्ना मूल्य की घोषणा की है।

**न्याय यात्रा** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा में असम पर खास फोकस है

## आज भाजपा और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा असम को विभाजित कर रहेः राहुल

**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**
**कांग्रेस** की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुरुवार को नगालैंड से असम पहुंच गई। शिवसागर जिले से शुरू होकर यह यात्रा असम के 17 जिलों से गुजरेगी और 833 किमी का सफर तय करेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों से होकर गुजरेगी। यात्रा नगालैंड से शिवसागर जिले के हलुवाटिंग होते हुए असम पहुंची। राहुल ने सुबह नगालैंड के तुली से बस यात्रा फिर से शुरू की और लगभग 9:45 बजे असम पहुंचे। हलुवाटिंग में सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने गांधी का स्वागत



किया और राज्य में आठ दिवसीय यात्रा के लिए कांग्रेस की असम इकाई के नेताओं को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा गया। असम में यह यात्रा 25 जनवरी तक जारी रहेगी। असम के शिवसागर जिले के अमगुरी और जोरहाट जिले के मारियानी इलाके में राहुल गांधी दो जनसभाओं को संबोधित भी करेंगे। साथ ही जनसभा से पहले राहुल गांधी अमगुरी और मारियानी में रोड शो भी करेंगे। असम में यात्रा सबसे बड़े नदी द्वीप माजुली से भी गुजरेगी।

**साधा निशाना**

**8 कांग्रेस सांसद के नेतृत्व में 6,713 किलोमीटर लंबी यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई थी**

**राहुल गांधी ने हिमंत बिस्वा सरमा को कहा भ्रष्ट सीएमः** असम के लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। राहुल ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को भ्रष्ट सीएम बताया है। उन्होंने कहा, 'आज भाजपा और आपके मुख्यमंत्री (हिमंत बिस्वा सरमा) असम को विभाजित कर रही है। शायद देश का सबसे भ्रष्ट सीएम असम का सीएम है।' बता दें कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के कारण असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने 18 जनवरी और 19 जनवरी को जोरहाट और डेरगांव में अपने कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। वहीं, आगामी लोकसभा चुनाव से पहले शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा में असम पर खास फोकस है।

## स्थगित हुआ चंडीगढ़ मेयर चुनाव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चंडीगढ़** में इन दिनों शहरी निकाय चुनाव को लेकर सियासी पारा गर्म है। यहां गुरुवार (18 जनवरी को) नगर निगम के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए मतदान होने थे लेकिन इसे ऐन वक्त पर स्थगित कर दिया गया। दरअसल, पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह की तबीयत अचानक खराब हो गई। इस वजह से चुनाव को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया। इस चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने साथ मिलकर उम्मीदवार उतारे हैं। मेयर पद के उम्मीदवार आप से हैं तो सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के उम्मीदवार कांग्रेस से हैं। चुनाव स्थगित होने पर आप



सांसद राघव चड्ढा ने इसे भाजपा की साजिश करार दिया है। चंडीगढ़ में नगर निगम के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए गुरुवार (18 जनवरी) को चुनाव होने थे। सुबह 11 बजे से चंडीगढ़ नगर निगम के पार्षदों को मेयर पद के उम्मीदवारों के लिए वोट डालना था। इसके बाद सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए मतदान होना था, लेकिन सुबह पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह की तबीयत खराब होने की खबर आई। इसके चलते अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया। गुरुवार सुबह से ही पार्षदों को एक टेक्स्ट संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह के खराब स्वास्थ्य की बात लिखी थी।

**विरोध**

**8 मसीह को पीठासीन प्राधिकारी के रूप में नामित किया गया था। इसके विरोध में कांग्रेस और आप ने विरोध शुरू किया**

# 'जन संवाद पोर्टल पर अपलोड हुए कार्यों को प्रतिदिन देखें अधिकारी'

## लक्ष्य निर्धारित करते हुए जल्द इन्हे पूरा करने के लिए करें आवश्यक कार्यवाही, विश्वविद्यालयों के छात्र बनायेंगे एस्टीमेट, विकास कार्यों को मिलेगी गति

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ/ काजल रानी**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अधिकारी जन संवाद पोर्टल पर अपलोड हुए सभी प्रकार के विकासात्मक कार्यों को प्रतिदिन देखें और एक लक्ष्य निर्धारित करते हुए इन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। अधिकारी विकास कार्यों की प्लानिंग जितनी ज्यादा करेंगें उतना ही प्रदेश की जनता को फायदा होगा। प्रदेश सरकार की मंशा है कि जन संवाद कार्यक्रम के दौरान नागरिकों द्वारा उठाए जा रही सभी मांगों व शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए इन्हें पूरा किया जाए। मनोहर लाल आज यहां विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा विकास कार्यों की प्रगति को लेकर आयोजित एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली भी उपस्थित थे। बैठक में विभाग द्वारा किए जा रहे विकास



कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पहले प्रदेशभर से विकास कार्यों को लेकर जो भी मांगें आती थी वे संबंधित विभागों द्वारा मनमर्जी के आधार पर पूरी होती थी। इसी को देखते हुए वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा गत वर्ष अप्रैल माह में जन संवाद कार्यक्रम शुरू किया गया ताकि लोगों से मिलने वाली सभी मांगों का पंजीकरण हो और उसी आधार पर प्राथमिकता के साथ ऐसे कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विकास कार्यों से संबंधित लगभग 70,000 डिमांड/शिकायत जन संवाद पोर्टल पर अपलोड हो चुकी हैं। प्रदेश में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में आने वाली सभी मांगों को भी इस पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। उसके बाद प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्यों को धरातल पर लाने की दिशा में संबंधित विभाग कार्य करेगें। इस कड़ी में विकास एवं पंचायत विभाग की भी अहम जिम्मेदारी बनती है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जन संवाद पोर्टल से अब हमें चंडीगढ बैठे ही पता चलता है कि किस इलाके की क्या मांग है और कौन-कौन से काम लंबित हैं ताकि इन्हें प्राथमिकता देते हुए तेजी से पूरा करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आंचल में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है अगर बजट को और बढाना पडेगा तो भी हम बढाएगें।

### छात्रों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी होगा

**बैठक** में विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस विषय में तीन विश्वविद्यालयों के कुलपति व हरियाणा स्टेट एजुकेशन कांउसिल के साथ उनकी बातचीत हो चुकी है। विश्वविद्यालयों के मनोनीत अधिकारी के साथ विकास एवं पंचायत विभाग का तालमेल हो चुका है और ऐसे सभी छात्रों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी करवाया जायेगा। यह कदम विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए एक बेहतर इंटर्नशिप कार्यक्रम भी होगा। बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य वित आयोग व केन्द्रीय वित आयोग के अनुदान के खर्च व उपयोग, जिला परिषद, ग्राम पंचायत व पंचायत समिति में विकास कार्यों, अमृत सरोवर व अमृत प्लस सरोवर आदि की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**समीक्षा**

**8 प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्यों को धरातल पर लाने की दिशा में संबंधित विभाग कार्य करेगें**

**विश्वविद्यालयों के छात्र बनायेंगे एस्टीमेट, विकास कार्यों को मिलेगी गति:** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण आंचल में छोटे स्तर के विकासात्मक कार्यों को गति देने के लिए विश्वविद्यालयों के विशेषतौर पर इंजीनियरिंग के छात्रों को ऐसे कार्यों से जोड़ा जायेगा। गांव में छोटे स्तर के विकास कार्यों जैसे की गलियों का निर्माण व इनकी मरम्मत, शिवधाम की मरम्मत आदि के रफ एस्टीमेट बनवाने के लिए इन छात्रों की सेवाएं ली जाएंगी।

# 'नागरिकों के सपनों के अनुरूप आगे बढ़ रहे हैं पीएम मोदी'

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि आजादी के बाद जो सपना संजोया गया था उसी के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प में हम सभी मिलकर पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश अनुसार विकसित भारत जन संकल्प यात्रा को प्रदेश में जन-कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का माध्यम बनाया गया है। ओम प्रकाश यादव आज नारनौल में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सतनाली खंड के गांव जड़वा व सोहड़ी, अटेली खंड के मोहमदपुर व भौड़ी, निजामपुर खंड के तलोट व छिलरो, सिहमा खंड के गांव सागरपुर व दुलोठ जाट तथा नगर परिषद नारनौल पहुंचने पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने कहा कि सरकार ने आयुष्मान के जरिए गरीब लोगों को बीमार होने पर बल की चिंता से मुक्त करने का कार्य किया है। जिला महेंद्रगढ़ में 4.50 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इस मौके पर मंत्री ने महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी कार्रवाई। यादव ने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है।

**लाभार्थी**

**8 संकल्प यात्रा जन-कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का माध्यम बनी**

## न्यूज फ्लैश

### धरातल स्थल पर लोगों की समस्याओं को जाना और उनका निदान किया: ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने कहा कि सरकार ने धरातल स्थल पर लोगों की समस्याओं को जाना और उनका निदान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चलाई गई विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम ने योजनाओं से वंचितों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया है। सरकार द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में करोडों रुपए के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। राज्य मंत्री कमलेश ढांडा वीरवार को राजौंद के गांव गुलियाना व तारागढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने उपरांत लोगों को संबोधित कर रही थी। इससे पहले उन्होंने स्कूल परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गई स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। राज्य मंत्री ने कहा कि यह यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए थे। सरकार जनता के घर द्वार पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दी है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित किया है। सरकार का उद्देश्य यह है कि कोई भी लाभार्थी सरकार द्वारा जनहित के क्रियान्वयन के लिए चलाई गई योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाए। सरकार का उद्देश्य केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगों को योजना के दायरे में लाना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वैन विशेष रूप से डिजाइन की गई है, जिसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। भारत को विकसित देश बनाने में समाज के हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का 100 फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है। कार्यक्रम में जल जीवन मिशन, ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती, उज्ज्वला योजना, स्वामित्व योजना, स्वच्छ भारत मिशन व अंत्योदय योजना आदि की संपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की जा रही है। यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को चिह्नित करके उन्हें हेल्थ कैंप, आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आधार अपडेट, पीएम-उज्ज्वला योजना का ऑन स्पॉट लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त चिकित्सा शिविर लगा कर लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम के बाद उन्होंने गांव गुलियाना में नव निर्मित बीसी चौपाल का उद्घाटन भी किया।

### केंद्र सरकार ने हर वर्ग के लिये की योजनाएं क्रियान्वित: केंद्रीय राज्य मंत्री सोम प्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार ने हर वर्ग के लिए योजनाएं क्रियान्वित की है। आज देश विकसित, खुशहाल व ताकतवर बन रहा है। देश में गुलामी की मानसिकता को खत्म किया जा रहा है। सामूहिक योगदान से 2047 तक हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना पूरा करेंगे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री वीरवार को ऐलनाबाद में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सांसद सुनीता दुग्गल भी मौजूद रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त और समृद्ध बनाने की नीतियां देश को नई ऊंचाइयों की ओर लेकर जा रही हैं। हर क्षेत्र में देश तरक्की कर रहा है, भारत पहना राष्ट्र है जिसने साउथ पॉल पर चंद्रयान को उतारा है। हम सभी को देश की तरक्की करने व विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी का सहयोग देना होगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लें और उनका लाभ उठाएं। इसके अलावा, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीब वर्ग को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। आने वाले समय में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर समृद्ध बने और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहयोग करें।

# घर का सबसे सुंदर कोना वही होता है जहां किताबों का ठिकाना होता है: पी के दास

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**बिजली** वितरण एवं उत्पादन कंपनियों के अध्यक्ष पीके दास ने कहा कि घर का सबसे सुन्दर कोना वही होता है जहां किताबों का ठिकाना होता है। किताबों के माध्यम से ही अतीत वर्तमान को जान सकते है तथा अपने आने वाली पीढ़ियों को विरासत के रूप में रख सकते है। पी के दास ने आज पंचकूला में आयोजित पुस्तक मेले के तीसरे दिन कहा कि साइबर युग में किताबें और ई-बुक्स विषय पर विमर्श का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करते हुए दिल्ली से आई प्रख्यात साहित्यकार सुषमा गुप्ता ने कहा कि इस टेक्नोलॉजी युग में ई-बुक्स का लाभ हर बच्चे को उठाना चाहिए। इस भागते समय में समय का सदुपयोग सबसे जरूरी है। ई-बुक्स के माध्यम से किताबें आप के फोन और लैपटॉप में आप के साथ चलती है और इस तरह आप अपने रोजमर्रा के काम करते हुए भी साहित्य से लगातार जुड़े रह सकते हैं।

## संजय नामक लोकेशन इंटेलिजेंस प्लेटफार्म किया लांच, उपायुक्त हर माह सड़क सुरक्षा संगठनों के साथ करेंगें मासिक बैठकें

# 'सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतू किया जाएगा कार्य'

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़/ दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बड़े स्तर पर कार्य किया जाएगा। इसके लिए जिलें में उपायुक्त हर माह सड़क सुरक्षा संगठनों के साथ मासिक बैठकें आयोजित करेंगें। इसके अलावा लोगों को जागरूक एवं सचेत करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। मुख्य सचिव आज यहां भारतीय प्रौद्यौगिकी संस्थान, मद्रास के सड़क सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र द्वारा विकसित संजय के नामक लोकेशन इंटेलिजेंस प्लेटफार्म लांच कर रहे थे। उन्होंने



कहा कि महाभारत के धृतराष्ट्र के संजय के वृतांत की तरह लोग अपने दिमाग में इस एप को सदैव याद रखेंगे ओर इससे सड़क दुर्घटनाओं में अवश्य ही कमी आएगी। इसके अलावा डाटा एकत्र करने में भी संजय एप की मदद ली जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा कि यह एप टूल सड़क-स्वामित्व वाली एजेंसियों, कानून प्रवर्तन, आपातकालीन सेवा प्रदाताओं और अन्य सड़क सुरक्षा हितधारकों के लिए काफी मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी इस टूल की मदद से हाई फ्रीक्वेंसी एक्सीडेंट जोन से सम्बन्धित डेटा जुटाकर योजना लक्षित हस्तक्षेप अमल में लाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत में इस समय सड़क दुर्घटनाओं और इनके कारण होने वाली मौतों की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा है। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित 2022 के दुर्घटना आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में लगभग 60 प्रतिशत मौतों में से 5 प्रतिशत मौत सड़कों (राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग) पर हुईं। देश में सड़क दुर्घटनाओं में हुई कुल मौतों में 83.4 प्रतिशत हिस्सा 18 से 60 वर्ष के आयु वर्ग के कामकाजी लोगों का है, जिससे परिवार और समाज पर बड़े पैमाने पर भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है।

# योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया

## विधायक डा. कृष्ण लाल ने संकल्प कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़/ अंकुश जैन**

केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला में विकसित भारत-संकल्प कार्यक्रम के दौरान पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है। जींद के विधायक डा. कृष्ण लाल मिढ़ा ने आज घिमाना गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर गांव के पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया व उनकी समस्याएं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया गया। डा0 कृष्ण लाल मिढ़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में सरकार की नेक सोच व तकनीक का लाभ निरंतर लोगों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 में विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने में टेक्नोलॉजी हमारा प्रमुख माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बड़े स्तर पर आधुनिक डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार करने में हरियाणा सरकार की ओर से निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में शुरू की गई परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) जैसी सेवा इसका जीवंत उदाहरण है। इसी से आज बुजुर्गों की पेंशन व जरुरतमंद परिवारों के राशन कार्ड आदि योजनाओं का घर बैठे लाभ मिल रहा है।

**लाभ**

**8 सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया व उनकी समस्याएं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया**

### गोलगप्पे वाला उठाकर देने लगा तो ट्रिगर दबकर पेट में लगी गोली

**सोनीपत: सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गीता** भवन के पास मोबाइल मार्केट में जमीन पर गिरी दुकानदार की लाइसेंसी रिवाल्वर उठाते समय गोली चलने से गोलगप्पे बेच रहा युवक घायल हो गया। युवक को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसे उपचार दिया गया।

युवक के बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ लापरवाही समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम मामले में जांच कर रही है। गांव वसेवरा कलां मिजार्पुर उत्तर प्रदेश हाल में मसद मोहल्ला निवासी त्रिभुवन ने बताया कि गीता भवन के पास मोबाइल मार्केट में गोलगप्पे की रेहड़ी लगाता है।

# जल संसाधन कार्य योजना के धरातल पर आने लगे परिणाम



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**हरियाणा** में पानी की उपलब्धता व मांग के अंतर को कम करने के उद्देश्य से जल संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए शुरू की गई द्विवार्षिक जल संसाधन कार्य योजना (2023-2025) के अब धरातल पर सकारात्मक परिणाम दिखने लगे है। कार्य योजना के तहत दिसंबर 2023 तक 2,60,498 करोड़ लीटर पानी की बचत का लक्ष्य था, जिसका 95 प्रतिशत यानी 2,48,702 करोड़ लीटर पानी की बचत के लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण की बैठक के दौरान दी गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन गांवों में भू-जल स्तर सबसे अधिक नीचे चला गया है, उन गांवों में भू-जल रिचार्जिंग की योजनाएं सबसे पहले क्रियान्वित करें। इसी प्रकार, जिन क्षेत्रों में जलभराव की समस्या हाल ही में शुरू हुई है, उन क्षेत्रों में इस समस्या को सबसे पहले दूर करें ताकि ऐसे क्षेत्रों को त्वरित ठीक किया जा सके। उन्होंने मार्च 2024 तक पानी की बचत करने के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। हरियाणा में कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां जलभराव की समस्या है, लेकिन वहां भू-जल स्तर काफी नीचे चला गया है। इसका प्रमुख कारण केमिकल युक्त उर्वरकों का अत्यधिक इस्तेमाल है, जिसके कारण मिट्टी की परत मोटी होने के साथ-साथ क्ले का रूप ले चुकी है। इस कारण पानी भूमि में नहीं जा पा रहा है, जिससे भू-जल स्तर में कोई सुधार नहीं हो रहा है।

**सकारात्मक**

**8 दिसंबर 2023 तक लगभग 2,48,702 करोड़ लीटर पानी की बचत करने का लक्ष्य किया हासिल**

# तेजी से आगे बढ़ रही विकसित भारत संकल्प यात्रा: कंवरपाल

## समाज में अंतिम पायदान के व्यक्ति को मिल रहा अंत्योदय योजनाओं का लाभ: कंवरपाल

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद यात्रा जिला यमुनानगर में अंत्योदय उत्थान पथ पर तेजी से आगे बढ़ रही है। नगर निगम क्षेत्र में स्थित तेजली स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद का गर्मजोशी से स्वागत करने उपरांत प्रदर्शनी का अवलोकन किया और पात्र व्यक्तियों को सरकार की अंत्योदय व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक व प्रेरित किया। इस अवसर पर केंद्र व हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित शॉर्ट फिल्म का भी प्रसारण किया गया तथा लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित कलेंडर व प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वैन विकसित भारत संकल्प यात्रा के रूप में सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के गरीबों का कल्याण हो रहा है। भारत का सांस्कृतिक तथा वैज्ञानिक गौरव भी निरंतर बढ़ रहा है। आजादी के अमृत काल में देश के हर नागरिक तक सभी सुविधाओं का लाभ पहुंचाने और सभी पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से प्रेरित इस संकल्प यात्रा के दौरान शहरी क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों में कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को सरकार की अंत्योदय व गरीब कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं से हितग्राहियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में जानकारी भी प्राप्त की।

**जागरूक**

**8 पात्र व्यक्तियों को सरकार की अंत्योदय व योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक व प्रेरित किया**

# कंवरपाल ने खेड़ा मंदिर में की सफाई

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

हरियाणा के वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी के प्राचीन और ऐतिहासिक खेड़ा मंदिर में जलाभिषेक कर माथा टेक सफाई अभियान की शुरूआत की। उन्होंने जगाधरी के प्राचीन खेड़ा मंदिर और गौरी शंकर मंदिर के पूरे परिसर में झाडू लगाकर मंदिर में साफ-सफाई की। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर जगाधरी मंदिरों में साफ सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशभर के मंदिरों और तीर्थ स्थलों में आम जनमानस द्वारा साफ-सफाई का कार्य हो रहा है। देशभर में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलेगा। उन्होंने इस मौके पर बताया कि पीएम नरेंद्र



मोदी ने 30 दिसंबर को अयोध्या से आह्वान किया था कि स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ ग्राम, अयोध्या धाम। पीएम ने स्वयं इस अभियान की शुरूआत पंचवटी से की थी। जहां भगवान राम अपने वनवास के दौरान सबसे लंबे समय तक रहे थे। कंवरपाल ने कहा कि हमारे आस-पड़ोस के जो मंदिर है हमें उसकी भी चिंता करनी है। मंदिर हमारी संस्कृति का केंद्र है। निश्चित तौर से इसका बहुत लाभ मिलेगा। इस अभियान को लेकर पूरा देश उत्साहित है। इससे हमारी संस्कृति और मजबूत होगी। बहुत से लोग इस दिशा में पहले से ही काम कर रहे हैं। इस प्रकार के अभियान से हम एक दूसरे से प्रेरणा लेते है और जब सभी मिल जुलकर काम करेंगे तो निश्चित रूप से एक बहुत बड़ा बदलाव आएगा।

# किसानों के खेत में ड्रोन से होगा नैनो यूरिया का छिड़काव

## पोर्टल पर पंजीकरण जरूरी, प्रति एकड़ सौ रुपये का किसान को करना होगा भुगतान, हर जिले में उपलब्ध होगी ड्रोन की सुविधा, कृषि अधिकारी करेंगे किसानों को जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

हरियाणा सरकार ने किसान हित में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए यूरिया के छिड़काव में ड्रोन तकनीक उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि हर किसान के खेत तक यह सुविधा पहुंचनी चाहिए। यहां यह गौरतलब है कि सरकार नैनो यूरिया के छिड़काव के लिए किसानों की राह आसान बना रही है। प्रदेश में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 2023-24 के अगस्त माह तक खरीफ फसल के लिए 8.87 लाख किसानों द्वारा पंजीकरण करवाया गया है। प्रदेश की 60.40 लाख एकड़ भूमि का पोर्टल पर पंजीकरण हो चुका है।



एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक को बढ़ावा दे रहे है। साथ ही महिलाओं को भी ड्रोन तकनीक में प्रशिक्षित किया जा रहा है।नैनो यूरिया का छिड़काव ड्रोन से करने की सुविधा सभी को उपलब्ध करवाने का फैसला लेते हुए उसे किसानों को बड़े पैमाने पर उपलब्ध करवाने की सरकार ने तैयारी कर ली है। यह आवेदन ऑनलाइन पंजीकरण से ही हो पाएगा। इसके लिए किसान को अपने मोबाइल या फिर सीएससी सेंटर से मेरी फसल मेरा ब्यौरा के पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। इस पंजीकरण के दौरान ही उसे नैनो यूरिया के लिए भी आवेदन करना होगा और आनलाइन आवेदन के साथ ही फीस भी जमा करवानी होगी।

**सुविधा**

**8 कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि हर किसान के खेत तक यह सुविधा पहुंचनी चाहिए**

**प्रति एकड़ सौ रुपये ही देना होगा शुल्का:** प्रवक्ता के अनुसार किसान को ड्रोन से छिड़काव के लिए प्रति एकड़ सौ रुपये का शुल्क देना होगा। उदाहरण के लिए किसान पांच एकड़ में छिड़काव करना चाहता है तो उसे पांच सौ रुपये का शुल्क देना होगा। ड्रोन कृषि विभाग की ओर से निशुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है।

इस समय किसानों द्वारा सरसों व गेहूं में यूरिया का छिड़काव किया जा रहा है। किसान बड़ी संख्या में नैनो यूरिया का प्रयोग भी कर रहे हैं। विभाग की ओर से नैनो यूरिया भी किसानों को उपलब्ध करवा जा रहा है। सरकार ने इस तकनीक को जल्द किसान तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक जिले का लक्ष्य निर्धारित किया है।

# 'देश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर'

## हिन्दुस्तान के छोटे से लेकर बड़े भाजपा कार्यकर्ता व राजनेता का डीएनए एक ही है कि काम करना है : अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि हिन्दुस्तान के छोटे से लेकर बड़े भाजपा कार्यकर्ता व राजनेता का डीएनए एक ही है कि काम करना है। हमें यही सिखाया जाता है कि अपनी पुरी ताकत लगाकर लोगों के दुख-दर्द को दूर किया जाए। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे विश्व में भारत का रूतबा बढ़ाने का काम किया है। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज बोह में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधन दे रहे थे। इससे पहले उनका कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय निवासियों ने फूल-मालाएं पहनाकर भव्य अभिनंदन भी किया।

विज ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में



देश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने देश का नाम विश्व में ऊंचा करने का काम किया है। विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके देश में जाते हैं तो वे उनका स्वागत करने के लिये तत्पर रहते हैं। हर भारतवासी को आज विदेशों में पूरा मान-सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अम्बाला के कौने-कौने में विकास की ब्यार बही है। हर जगह पर हमने विकास कार्यों को करवाने का काम किया है। अम्बाला पहले अविकसित शहर रहा है, पूर्व में किसी ने भी यहां पर विकास के नाम पर दो ईंटे तक नहीं लगवाई। इतना ही नहीं जो पुरानी परियोजनाएं थी, उन्हें भी हमने यानि वर्तमान सरकार ने पूरा करने का काम किया है। अब अम्बाला के हिस्से की राशि विकास के लिए सबसे पहले मिलती है और

**विकास कार्य**

**8 हमें यही सिखाया जाता है कि अपनी पुरी ताकत लगाकर लोगों के दुख-दर्द को दूर किया जाए**

यहां पर निरंतर विकास कार्यों को करवाने का काम उन्होंने किया है। अम्बाला छावनी का नागरिक अस्पताल उत्तर भारत का सबसे बेहतरीन अस्पताल है, इस अस्पताल में रोजाना 3000 से अधिक लोग इलाज के लिये आ रहे हैं। यहां पर अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं शामिल हैं, इनमें से कुछ तो पीजीआई से भी बेहतर हैं। एमआरआई, अल्ट्रासाउंड, प्लास्टिक सर्जरी, दिल का ईलाज, एमआरआई के साथ-साथ अन्य सुविधाएं शामिल हैं। अटल कैंसर केयर सेंटर के माध्यम से हिमाचल, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के लोगों को इसका फायदा मिल रहा है। पहले लोग इलाज के लिये चंडीगढ़ या अन्य जगहों पर जाते थे लेकिन अब इलाज करवाने के लिये लोग यहां पर आ रहे हैं। अम्बाला के साथ-साथ सभी 22 नागरिक अस्पतालों में डायलसिस की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। सुभाष पार्क का निर्माण कार्य भी करवाया गया है, जहां पर लोग यहां पर आकर इस पार्क की सुंदरता का आनन्द लेते हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फुटबाल स्टेडियम, ऑल वैदर स्वीमिंग पूल, जिम्नास्टिक हाल, लघु सचिवालय, धर्मशालाओं का निर्माण कार्य, साईंस म्यूजियम, योग शालाओं के साथ-साथ जीटी रोड अम्बाला छावनी में 500 करोड़ रुपये की लागत से आजादी की पहली लड़ाई का राष्ट्रीय स्तर का भव्य शहीदी स्मारक बनाने का काम किया जा रहा है, जिसमें आजादी की लड़ाई का सम्पूर्ण विवरण दशार्या जाएगा।

# गृह मंत्री अनिल विज ने त्यागमूर्ति स्वामी चिंरजीपुरी जी महाराज से लिया आशीर्वाद

**प्रेरणा**

**यह व्यक्ति एक संस्थान की तरह समाज सेवा में लगे हुए है। ऐसे व्यक्ति से प्रेरणा लेनी चाहिए**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने वाले विरले लोग ही होते है। इन लोगों में त्यागमूर्ति स्वामी चिरंजीपूरी महाराज भी शामिल है। इस त्यागमूर्ति ने अपना सारा जीवन लोगों की सेवा करने में लगा दिया। यह व्यक्ति एक संस्थान की तरह समाज सेवा में लगे हुए है। ऐसे व्यक्ति से प्रेरणा लेनी चाहिए।

गृह मंत्री अनिल विज त्यागमूर्ति स्वामी चिरंजीपूरी महाराज से मिलने के लिए ब्रह्मसरोवर के पास स्थित श्री ब्रहमपूरी अन्नक्षेत्र आश्रम



ट्रस्ट में पहुंचे। यहां पर गृह मंत्री अनिल विज ने त्यागमूर्ति स्वामी चिरंजीपूरी महाराज से मुलाकात की और परमात्मा से उनकी लंबी आयु की कामना भी की है। इस दौरान त्यागमूर्ति स्वामी चिरंजीपूरी महाराज ने गृह मंत्री अनिल विज को 18 मंजिला मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। गृह मंत्री अनिल विज ने त्यागमूर्ति स्वामी चिरंजीपूरी महाराज को जन्मदिन की बधाईयां दी और ट्रस्ट का अवलोकन करने के उपरांत 18 मंदिरा ज्ञान मंदिर के बारे में जानकारी भी हासिल की है।

गृह मंत्री ने कहा कि त्यागमूर्ति स्वामी चिरंजीपुरी महाराज ने हमेशा जरुरतमंदों को अन्न, आवास और चिकित्सा जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने में हमेशा अग्रणी होकर कार्य किया है। यह महान व्यक्ति भविष्य में भी समाज की सेवा में अग्रणी पंक्ति में रहकर कार्य करते रहेंगे। इस प्रकार के त्यागी महापुरुषों से समाज के लोगों को प्रेरणा मिलती है।

# 'श्री रामलला जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा देखना हमारा सौभाग्य'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**विधायक** असीम गोयल नन्यौला ने अयोध्या में राम लला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 14 जनवरी से 22 जनवरी तक मंदिरों, धार्मिक स्थानों व अन्य पूजा घरों में श्रमदान कर सफाई करने का आहवान किया है, उसी के तहत विधायक असीम गोयल ने सर्वप्रथम माता वैष्णो देवी मंदिर सैक्टर-10 अम्बाला शहर, दोपहर गुरू रविदास बस्ती स्थित शिरोमणी श्री गुरू रविदास जी के मंदिर अम्बाला शहर में सफाई की और शाम को नाहन हाउस स्थित महाऋषि वाल्मीकि मंदिर में स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत शामिल होकर श्रमदान किया। इस अवसर पर असीम गोयल ने कहा कि हम सभी भारतवासियों का और युवा पीढ़ी का यह सौभाग्य है कि हमें अयोध्या धाम में श्री रामलला जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा देखने का सौभाग्य मिल रहा है। इसी के तहत माननीय प्रधानमंत्री जी के आहवान पर आज मंदिरों में सफाई कर श्रमदान कर स्वच्छ तीर्थ अभियान में हम सभी शामिल हुए हैं। उन्होंने सभी लोगों से निवेदन किया कि अपने आस पास के मंदिरों, गुरूद्वारा साहिब, डेरे व अन्य धार्मिक स्थानों पर साफ-सफाई करके अपना श्रमदान दें व 22 जनवरी को सभी शहरवासी अपने घरों में श्रीराम ज्योति प्रज्वलित कर प्रभु श्रीराम की अराधना में शामिल हों। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मंडल अध्यक्ष पार्षद हितेष जैन, प्रभु दयाल गोयल, एस.पी. गोयल, मुकेश लक्खा, बलबीर सिंह, अमरजीत सिंगला, प्रमोद जिंदल, राजीव, नरेश खोखर, पूर्व मेयर रमेश मल, अमन सूद, गुरविन्द्र सिंह, रघुबीर नडियाली शामिल रहे।

# महिला का नकदी, मोबाइल व अन्य बैग चोरी

**सोनीपत:** अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर हिमाचल एक्सप्रेस गाड़ी में सफर कर रही महिला का रुपये व सामान से रखा बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जीआरपी स्टेशन पर लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

जनकपुरी दिल्ली निवासी नीना संदल ने बताया कि गत 23 दिसंबर को वह हिमाचल एक्सप्रेस गाड़ी में यात्रा कर रही थी।

# नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप ने जरूरतमंद परिवार की बेटी का किया कन्यादान

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल।** शहर की अग्रणी संस्था नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप के द्वारा आज एक जरूरत मंद परिवार की बेटी का कन्यादान किया गया आज एक बार फिर संस्था के सभी साथियों के सहयोग से बहन की शादी के लिय घर में उपयोग आने वाली लगभग सभी समान कन्यादान स्वरूप में दिया गया। आज के इस कन्यादान की अध्यक्षता डॉक्टर शिव कुमार ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में राकेश यादव चेयरमैन यू एस एस एल एकेडमी रहे । वहीं कार्यक्रम संयोजक हरिकिशन गौड़ एवम् प्रदीप स्वामी रहे ।



संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया ने बताया की संस्था की हर संभव कोशिश रहती है की कोई भी जरूरत मंद परिवार हमारी संस्था के पास सहयोग की उम्मीद से आता है तो वो खाली न जाए ।संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया ने बताया की यह 2024 का पहला कन्यादान हैं ओर इसमें सभी सहयोगियों और दानवीर साथियों का सहयोग रहता हैं जिसके लिए मैं सभी साथियों का आभार प्रकट करता हूं और सभी का धन्यवाद किया जो अपनी नेक कमाई से इस नेक कार्य में अपना योगदान देते है । इस मौके पर डॉक्टर शिव कुमार, अनिल शर्मा , मनीष गोगिया,राहुल सोनी,राकेश यादव टाइगर,मुकेश वालिया,संदीप जैन,राकेश सेकवाल, कुणाल शुक्ला, ,हिमांशु संघी,हरिकिशन गौड़,राजकुमार शर्मा,महेंद्र कथूरिया,प्रेम चंद जैन,नरेश शर्मा, विकास जैन,नरेंद्र बंसी,देव शर्मा,मुकेश शर्मा, नारायण शास्त्री, प्रदीप स्वामी एवम् अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही ।

**सबसे बड़ा दान**

**8 शादी के लिय घर में उपयोग आने वाली लगभग सभी समान कन्यादान स्वरूप में दिया गया**

# 'लाडवा हल्के को तीन विधायक मिलने पर भी आज लाडवा हल्का पिछड़ा हुआ'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्के को अभी तक तीन विधायक मिले हैं। परंतु लाडवा हल्का आज भी पिछड़ा हुआ है। यही कारण है कि तीनों विधायक जनता के कार्य को करवाने में सफल नहीं हो पाए, तभी आज कार्य अधूरे है और जनता तीनों ही विधायकों से खुश नहीं हो सकें।समाजसेवी संदीप गर्ग गुरूवार को लाडवा अनाजमंडी में स्थित अपने कार्यालय में युवाओं से बातचीत करते हुए बोल रहे थे।



उन्होंने कहा कि लगभग 15 साल से लाडवा हल्के को अभी तक तीन विधायक मिले हैं। परंतु किसी के कार्यकाल में लाडवा हल्के ने कोई तरक्की नहीं की है। उन्होंने कहा कि जब से लाडवा हल्का बना है तभी से वह अभी तक सीमित दायरे में ही सिमटा पड़ा है। उन्होंने कहा कि न तो कोई भी विधायक लाडवा हल्के को लड़कियों के लिए कॉलेज दिला सका है और न ही लाडवा की जो सबसे प्रमुख मांग बाईपास की है उसे ही पूरा करवा सका है। उन्होंने कहा कि सिर्फ यह नेता चुनाव के समय में तो बड़े-बड़े वायदे कर देते हैं कि एक बार आशीर्वाद दीजिए उसके बाद लाडवा हल्के का चहुमुखी विकास करवाया जाएगा। परंतु वोट लेने के बाद पूरे पांच साल तक जनता के बीच जाकर नहीं देखते कि जनता का क्या हाल है। उन्होंने कहा कि इस बार 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनावों में ऐसे नेता को लोकसभा या विधानसभा में भेजने का काम करें जो लाडवा हल्के की जनता के दुख दर्द को समझ सके और लाडवा हल्के को विकास की ओर लेकर जा सकें। मौके पर घनश्याम काम्बोज, रविप्रकाश, विजय काम्बोज, अमन सैनी, दीपक दहिया, दलजीत सिंह, दीपक चौधरी, राजेश कुमार, राहुल आदि मौजूद थे।

**समर्थन की मांग**

**8 यह नेता चुनाव के समय में तो बड़े-बड़े वायदे कर देते हैं कि एक बार आशीर्वाद दीजिए**

# हर्ष फायरिंग से बचें अन्यथा होगी कार्रवाई: पुलिस अधीक्षक



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**पुलिस** प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया के निदेर्शानुसार हर्ष फायरिंग को लेकर जिला पुलिस पूरे तरीके से मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया ने प्रैस विज्ञपति जारी करते हुए जिले के आमजन को संदेश देते हुए कहा है कि शादी विवाह समारोह में हर्ष फायरिंग करना कानूनी रूप से अपराध है। इसलिए कोई भी ऐसा न करें यदि कोई ऐसा करता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति लाइसैंसी हथियार से इस तरीके का अपराध करता है तो उसका लाइसैंस भी रद्द करवाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील करते हुये कहा कि लोग अपनी जिम्मेवारी समझे और इस तरीके के अपराध करने से बचें। उन्होंने कहा कि लाइसैंसी हथियार केवल व्यक्ति की सुरक्षा के लिए है ना कि हर्षोल्लास के अवसरों पर इस तरीके की फायरिंग करने के लिए।

# नपा कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र की हड़ताल जारी रही

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** 18 जनवरी 2024 को भी नगरपालिका कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र की हड़ताल जारी रही। जिसकी अध्यक्षता सागर कुमार ईकाई प्रधान ने की व संचालन सुनील कुमार ईकाई सचिव ने किया।आज की हड़ताल को संबोधित करते हुए जितेंद्र बंसल जिला प्रधान रिटायर कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र व रावल गुप्ता जिला कैशियर सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने संयुक्त रूप से बताया कि नगरपालिका प्रशासन कुरुक्षेत्र द्वारा नगरपालिका कुरुक्षेत्र के कर्मचारियों का बढ़ी हुई पे का एरियर व एलटीसी काफी लम्बे समय से लटकाई हुई है। जब तक जारी नहीं की जाती हड़ताल जारी रहेगी। इसके साथ साथ रेगुलराइजेशन की नीति, पुरानी पेंशन, कौशल रोजगार निगम भंग



करने, खाली पदों पर पक्की भर्ती करना, आरक्षित वर्ग के बैकलॉग को पूरा करना, हरियाणा का अलग वेतन आयोग गठित करने, सरकारी विभागों में निजीकरण बंद करने, सार्वजनिक क्षेत्र के विभागों का विस्तार करने, प्रदेश के सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने आदि मांगों को लेकर रोहतक में 4 फरवरी 2024 को होने वाली आक्रोश रैली में भी नगरपालिका कुरुक्षेत्र से सैंकड़ों कर्मचारी भाग लेंगे। अपनी बात रखते हुए जितेंद्र बंसल व सभी कर्मचारियों ने पटवारियों के आंदोलन में बीमार होने के कारण कपिल कम्बोज पटवारी की हुई मौत पर श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया।आज की हड़ताल में विक्रम सिंह, राजेन्द्र सिंह, मीरा देवी,सुमन, रामधारी, जुम्मन सिंह, सुरेंद्र कुमार, विकास, सुरेश कुमार, जसबीर सिंह के साथ साथ सैंकड़ों महिला व पुरुष कर्मचारियों ने भाग लिया।

**मांग**

**8 कर्मचारियों का बढ़ी हुई पे का एरियर व एलटीसी काफी लम्बे समय से लटकाई हुई है। जारी नहीं की जाती हड़ताल जारी रहेगी**

# धर्म सिंह छौक्कर के नेतृत्व में श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/ समालखा ( कुलदीप सिंह )**

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन 22 जनवरी को ही समालखा में कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर के नेतृत्व में दोपहर को श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी,वहीं शाम को भगवान श्रीराम जी का राज्याभिषेक किया होगा। श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन शहर में आजादी से पूर्व श्रीराम लीला का मंचन करती आ रही श्रीरामा ड्रामाटिक क्लब के सौजन्य से किया जाएगा। श्रीरामा ड्रामाटिक क्लब के डायरेक्टर राजेंद्र जैन व दिनेश शर्मा ने उपरोक्त जानकारी देते



हुए बताया कि श्रीरामा क्लब शहर की सबसे प्राचीन रामलीला है जो देश की आजादी से पहले स्वर्गीय ओमप्रकाश शर्मा के निर्देशन में शुरू हुई थी। तब से हर साल समालखा मंडी में भगवान श्री राम का चरित्र मंचन कर रही है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी के उस ऐतिहासिक क्षण का सभी देशवासियों को बेसब्री से इंतजार है,जब श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। इस दिन देश भर में दीपावली जैसा उत्सव होगा वहीं समालखा में भी श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

# श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )** स्व० भीमसेन सच्चर, गांधीवादी, समाज सेवी एवं पूर्व मुख्यमंत्री संयुक्त पंजाब की पुण्यतिथि के अवसर पर गांधी स्मारक निधि पंजाब, हरियाण तथा हिमाचल प्रदेश, स्वाध्याय आश्रम पट्टीकल्याणा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम हवन यज्ञ किया गया। इसके पश्चात उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

हेमलता रावत ने स्व० भीमसेन सच्चर के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि उनका पूरा जीवन देश को समर्पित था। सच्चर दो बार संयुक्त पंजाब के मुख्यमंत्री रहे तथा कई राज्यों में राज्यपाल रहे। इसके बाद वे स्वाध्याय आश्रम पट्टीकल्याणा में आ गए और



उन्होंने अपना अन्तिम जीवन इसी आश्रम में बिताया। आश्रम की दिनचर्या में वे अन्य सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की तरह प्रार्थना, शरीर श्रम, सफाई आदि के कार्यों में सम्मिलित रहते थे। स्व० सच्चर ने भोडवाल माजरी गांव को गोद लिया हुआ था। वे इस गांव से काफी जुड़े हुए थे और अक्सर गांव में जाकर वंहा की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करते थे। श्रद्धांजलि पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सचिव आनन्द कुमार शरण, किरण शरण, नायब सिंह आर्य, डॉ० आकाश बिसौने, अजय श्रीवास्तव, धनराज, योगेन्द्र यादव, सुशीला, मोनिका, विपिन, रानो, सुनीता एवं साधना हेतु आए साधक साधिकाएं उपस्थित रहे।

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा का शहर में जगह-जगह हुआ स्वागत'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को सुगमता से मिल रहा है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी लोगों के लिए खुशहाली लेकर आई है। देश व प्रदेश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर है। विधायक विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड नम्बर 1, 9 व 10 के तहत हाउसिंग बोर्ड कालोनी कम्यूनिटी सेंटर नारायणगढ़ रोड़, घेल रोड़ स्थित जीआरएसडी स्कूल, नाहन हाउस स्थित वाल्मिकी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहीं।

विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गांरटी वाली गाड़ी एक संकल्प के साथ पूरे देश में निकली जा रही हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित

**उन्नति**

**8 मोदी की गारंटी वाली गाड़ी लोगों के लिए खुशहाली लेकर आई है। उन्नति के पथ की ओर अग्रसर**



राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूर्ण आहुति डालनी होगी, तभी हम इस संकल्प को पूरा करने में सफल होगें। मोदी की गांरटी वाली गाडी आमजन के लिए खुशहाली लेकर आई हैं। विधायक कहा कि इस भूमंडल पर तीन तरह के राष्ट्र हैं, जिनमें एक अविकसित राष्ट्र है, जिसमें किसी प्रकार का कोई काम नही हुआ है, दूसरा विकासशील देख जैसे हमारा भारत देश है, जो निरंतर विकास कर रहा है और तीसरा विकसित देश हैं, जिनमें सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं, ऐसे 37 देश हैं। हमें उन 37 देशों की श्रेणी में शामिल होने के लिये संकल्प लेकर अपने राष्ट्र को 38वां विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि सरकार के संकल्प लेने मात्र से कुछ नहीं होगा, जब तक प्रत्येक भारत वासी चाहे वह गांव, शहर, ढानी में रहता है, हर यूवा बिजनसमेन, किसान, मजदूर जब तक संकल्प नहीं लेगा कि मैंने भारत को आगे बढ़ाना हैं, तब तक यह संकल्प पूरा नहीं होगा। आज जो मोदी जी की गांरटी वाली गाड़ी यहां आई है, यह गाड़ी भारत के पौने तीन लाख गांवों के साथ-साथ शहरों में भी जा रही है। आपने साढे 9 साल पहले मोदी जी को एक नया भारत बनाने के विश्वास के साथ देश की बागडोर संभाली थी, इन साढे 9 सालों में भारत कितना आगे बढ़ा हैं।

## न्यूज फ्लैश

### मेयर निखिल मदान ने वार्ड नंबर 2 में नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का लिया जायजा



**सोनीपत: मेयर** निखिल मदान वीरवार को नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नं 2 के मोहल्ला कलां में पहुंचें, जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ निगम पार्षद एवं फाइनेंस कमेटी के सदस्य सुरेंद्र नैय्यर विषेश रूप से मौजूद रहे। मौके पर मौजूद दुकानदारों और क्षेत्रवासियों ने मेयर निखिल मदान और निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर का फूल मालाओं से स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि कोट मोहल्ला और मोहल्ला कलां की अधिकांश गलियां ऐसी थी जहां पिछले 30 –40 वर्षों से सीवरेज लाइन नहीं बदली गयी थी, साथ ही क्षेत्र की आबादी के हिसाब से सीवरेज लाइन की पाइपों का साइज भी छोटा था। जिसके कारण स्थानीय लोगों को सीवरेज ओवरफ्लो और दूषित जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। उपरोक्त समस्या के स्थायी समाधान के लिए उन्होंने कुछ समय पूर्व क्षेत्र का दौरा किया था और निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर ने हाउस की बैठक में इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था। जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी कर नगर निगम द्वारा इस कार्य को शुरू किया गया था। अब पूरे वार्ड 2 की सीवरेज लाइन को 86 लाख रुपए की लागत से10 इंची नयी पाइपलाइन से बदला जा रहा है। निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर ने बताया कि कोट मोहल्ला और मोहल्ला कलां की आधे से ज्यादा गलियों की सीवरेज लाइन बदली जा चुकी और और गलियां पक्की की जा चुकी है। साथ ही बाकि गलियों में भी कार्य प्रगति पर है जिसे जल्द ही पूरा किया जायेगा। इस दौरान मेयर निखिल मदान ने मोहल्ला कलां की दुर्गा मंदिर वाली गली और अंदर अन्य गलियों में जाकर विकास कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित एजेंसी को जरुरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर ,मुकेश कुमार चक्की वाले ,गौरव, पूर्व पार्षद संजय शर्मा, हिमांशु कुकरेजा मार्किट प्रधान ,गौरी शंकर,नान्नु मदान ,दीपू बत्रा,हरिओम ,कौशल्या देवी,रीता पटियाल,कांता,रिक्की आदि लोग मौजूद रहे।

### प्रदेश युवा सचिव व हल्का राई युवा प्रभारी बनने पर प्रमोद दहिया ने जताया आभार

**राई।** इंडियन नेशनल लोकदल प्रदेश युवा सचिव एवं हल्का राई युवा प्रभारी बनने पर प्रमोद दहिया उर्फ मोदी (पूर्व पार्षद)ने पार्टी के हाई कमान पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला, वरिष्ठ नेता अभय चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष नफेसिंह सिंह राठी, कर्ण चौटाला ,अर्जुन चौटाला का आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त युवा हलका प्रभारी प्रमोद उर्फ मोदी ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है। उस पर वे खरा उतरेंगे और पार्टी की नीतियों को गांव- गांव जाकर लोगों व युवाओं को अवगत करवाएंगे। प्रमोद ने कहा कि इनेलो छत्तीस बिरादरी की पार्टी है। इनेलो ने अपने शासनकाल में युवाओं के लिए जो कार्य किए थे। उन्हें प्रदेश का युवा आज भी याद कर रहा है।

### प्रभारी निशांत छौक्कर का बुके भेंट करते ग्रामीण

**गन्नौर।** भाजपा ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला उपाध्यक्ष निशांत छौक्कर को गन्नौर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है।
गन्नौर विधानसभा प्रभारी नियुक्त करने पर निशांत छौक्कर ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। निशांत छौक्कर ने कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई इस जिम्मेदारी को पूरी मेहनत के साथ निभाएंगे। सरकार बनाने के लिए वे पार्टी पदाधिकारियों के साथ विधानसभा के हर गांव में जाकर पार्टी की नीतियों के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे।

# अराईपुरा में पीएम श्री स्कूल बनाने की सिफारिश: हरविंद्र कल्याण

## 86 करोड़ से देश की दूसरी एनसीसी अकादमी बनेगी, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर अराईपुरा और बसताड़ा पहुंची विकसित भारत



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव अराईपुरा और बसताड़ा पहुंची। दोनों स्थानों पर विधायक हरविंद्र कल्याण मुख्य अतिथि रहे। अराईपुरा में उन्होंने बताया कि यहां पीएम श्री स्कूल बनाने की सिफारिश सरकार को भेजी गई है। उम्मीद है कि आने वाले समय में यह मांग पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अराईपुरा में 86 करोड़ रुपए की लागत से देश की दूसरी एनसीसी अकादमी मंजूर हो चुकी है। हलके में इस गांव के सर्वाधिक युवक सेना में हैं। अकादमी की स्थापना से भविष्य में युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और उनके सपनों को नए पंख लगेंगे। इतना ही नहीं यहां करीब ढाई करोड़ की लागत से कम्युनिटी सेंटर भी बनाया जाएगा। हलके में चार कम्युनिटी सेंटर मंजूर हुए हैं जिनमें से एक अराईपुरा का है।
अराईपुरा में सरपंच प्रतिनिधि दीपक ठाकुर और बसताड़ा में सरपंच सुरेश फौजी के नेतृत्व में पंचायत ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअली उद्बोधन सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। गायक कलाकार विजेंद्र नरवाल ने विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए। अराईपुरा में कविंद्र राणा और बसताड़ा में विधायक ने खुद भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई। दोनों गांवों में विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। अराईपुरा में सरपंच प्रतिनिधि और बसताड़ा में सरपंच ने गांव में पिछले 9 साल में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। विधायक को बसताड़ा में रामायण भेंट की। हरविंद्र कल्याण ने बताया कि कांग्रेस शासन से पहले अराईपुरा में मात्र 116 बीपीएल कार्ड थे लेकिन अब इनकी संख्या बढकर 1134 हो गई है, यानी भाजपा शासन में 1018 नए कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी बीपीएल कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं जिन्हें सालाना 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त होगी। हलके में कई ऐसे गांव भी हैं जिनकी पंचायत के पास आय का साधन नहीं है। उनकी कोशिश ऐसे गांवों को अधिक ग्रांट देने की रही है।

# खेलों का हमारे जीवन में अधिक महत्व: पूजा देवी



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिला** युवा अधिकारी रेनू सिलग के निदेर्शानुसार नेहरू युवा केंद्र द्वारा ब्लॉक कुंजपुरा में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के दौरान शारीरिक स्वास्थ्य दिवस, शांति के लिए युवा दिवस और शपथ समारोह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी कराटे कोच प्रमोद एवं अभिषेक मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक पूजा देवी द्वारा की गई। पूजा देवी ने अपने विचार रखते हुए युवाओं को बताया कि खेलों का हमारे जीवन में अधिक महत्व है। शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए खेल सबसे अच्छा तरीका है, जो बहुत लाभदायक है। समाजसेवी कराटे कोच प्रमोद ने बताया कि बहुत से देशों में खेलों को बहुत अधिक महत्व दिया जाता है, क्योंकि वे एक व्यक्ति के जीवन में खेल के वास्तविक लाभ और व्यक्तिगत व पेशेवर जीवन में इसकी आवश्यकता को जानते हैं।

# दो पहिया वाहन चालक करें हेलमेट का प्रयोग : रेनू सिलग



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। नेहरू युवा** केंद्र करनाल द्वारा 11 से 17 जनवरी तक सडक सुरक्षा सप्ताह मनाया गया, जिसके तहत करनाल में 25 युवाओं की एक टीम बनाई गई है। जो कि प्रत्येक दिन करनाल के अलग-अलग चौराहों पर लोगों को रोड सेफ्टी के बारे में जागरूक कर रही है। इसके अंतर्गत करनाल शुगर मिल में जाकर लोगों को जागरूक किया गया।
जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने कहा कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग उसी तरह करें, जिस प्रकार जीने के लिए हवा और पानी की जरूरत है। हम हेल्मेट का प्रयोग किसी के डर में न करके अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए करें। इसके अलावा सडक पर यातायात के नियमों का पालन करते हुए चलें। हम किसी भारी वाहन के साथ दौड़ न लगाएं। उन्होंने कहा कि अपने साथ वाहन के कागजात साथ लेकर घर से निकलें। कभी भी दो पहिया वाहन पर दो से अधिक व्यक्ति सफर ना करें। सडक पर की गई सुरक्षा भी जीवन की रक्षा है।

## पटाखे बजाने वाली बुलेट बाइक पर पुलिस सख्त

**गन्नौर। शहर** में बुलेट बाइक पर पटाखे बजाने वालों के खिलाफ थाना गन्नौर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। अब बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखे बजाने वालों की वीडियो मिलने पर भी पुलिस बाइक मालिकों के मोटे चालान करेगी। इसी कड़ी में गुरूवार को पुलिस ने शहर में अभियान चला कर बाइकों की चेकिंग की और नियमों की अवेहलना करने वालों के चालान काटे। हालांकि इस अभियान के दौरान बाइक चालकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई से विशेष तौर पर बुलेट वाहन चालकों में हड़कंप मच गया व लोग शहर की तंग गलियों से निकलते नजर आए। थाना प्रभारी रवि कुमार ने कहा कि पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है।

# जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत

## 6 अंडर ट्रायल केसों में से एक के किया अंडरगोन



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। मुख्य** न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव जसबीर कौर द्वारा जिला कारागार में स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में 6 अंडर ट्रायल केसों का चयन किया गया, जिसमें एक केस में एक अंडरगोन किया।
उन्होंने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अथॉरिटी के द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। सीजेएम ने कहा कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय रुपए 3 लाख से कम है, ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने के हकदार है। आज की जेल लोक अदालत मे जेल सुपरिटेंडेंट अमित, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट शैलाक्षी भारद्वाज भी उपस्थित थे। जेल डिप्टी सुपरिंटेंडेंट शैलाक्षी भारद्वाज ने सीजेएम को आश्वस्त किया कि हम सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए ना हो तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा उसे निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

# 26 को देशभर में किसानों की लंबित मांगों को लेकर निकाली जाएगी ट्रैक्टर परेड

## प्रस्तावित ट्रेक्टर परेड का दिल्ली किसान आंदोलन के बाद किसानों की लंबित मांगों को मनवाने के लिए आयोजन किया जा रहा



**तैयारी**

**8 संगठन शामिल होंगे, जिसको सफल बनाने के लिए भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता एकजुट होकर तैयारियां कर रहे**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। संयुक्त** किसान मोर्चा की प्रस्तावित घोषणा के मुताबिक आने वाली 26 जनवरी को देशभर के जिला मुख्यालयों पर ट्रेक्टर परेड निकाली जाएगी। प्रस्तावित ट्रेक्टर परेड का दिल्ली किसान आंदोलन के बाद किसानों की लंबित मांगों को मनवाने के लिए आयोजन किया जा रहा है।
इस ट्रैक्टर परेड में सभी किसान संगठन शामिल होंगे, जिसको सफल बनाने के लिए भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता एकजुट होकर तैयारियां कर रहे है। इसी क्रम में सर छोटूराम किसान भवन में जिला स्तरीय कार्यकताओं की एक विशेष बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष रतन मान की अगुवाई में किया गया। वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर, उतरी हरियाणा प्रभारी महताब कादियान, प्रदेश संगठन सचिव शाम सिंह मान, चेयरमैन यशपाल राणा व प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान सहित कई किसान नेताओं ने बैठक में अपने अपने विचार सांझा करके ट्रेक्टर परेड को सफल बनाने का जोरदार आह्वान किया।
प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने करनाल में निकाली जाने वाली ट्रेक्टर परेड को लेकर कार्यकताओं की ड्यूटी सौंपी। भाकियू की बैठक में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली किसान आंदोलन को केंद्र सरकार के आश्वासन के बाद करीब 2 साल का अर्सा बीत चुका है, लेकिन केंद्र सरकार लगातार चुप्पी साधे हुए है। इसलिए 26 जनवरी को देशभर में ट्रेक्टर परेड निकालने का एसकेएम की ओर से निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रे1टर परेड का आयोजन शांतिप्रिय तरीके किया जाएगा। ट्रेक्टर परेड में शामिल सभी ट्रैक्टरों को राष्ट्रीय व किसान संगठनों के झंडों से सजाया जाएगा। किसान नेता रतनमान ने सभी किसान-मजदूर भाईयों से ट्रेक्टर परेड में पूरी ताकत के साथ शामिल होने की जोरदार अपील भी की। बैठक में किसानों द्वारा जबरी तौर पर नैनो यूरिया की जा रही बिक्री का मुद्दा भी उठाया गया। किसानों ने कहा कि जब वे खाद बिक्री केंद्रों पर यूरिया खाद लेने जाते है तो उन्हें जबरी तौर पर नैनो यूरिया की बोतल बेची जा रही है।

# गांजा पत्ती उपलब्ध करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। एंटी नारकोटिक्स** सेल की टीम ने 20 दिसंबर 2023 को विश्वसनीय सूचना पर आरोपी अकबरी खातून पत्नी स्व. मोहम्मद दिलशाद वासी ठाठा थाना चिरिया बरियारपुर जिला बेगूसराय बिहार और अंकित उर्फ मुन्ना पुत्र बब्बन राय वासी चौरी थाना पंडोली जिला मधुबनी बिहार हाल शिव कॉलोनी करनाल को मोटरसाइकिल पर जाते हुए दाह जागीर से काबू कर गिरफ्तार किया था। आरोपियों के कब्जे से बैग में 8 किलो 500 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की गई थी, जिसकी कीमत लगभग एक लाख बीस हजार रूपए है। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों आरोपियों को 21 दिसंबर को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।
मामले में आगामी कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर गांजा पत्ती उपलब्ध कराने वाले आरोपी राजाराम पुत्र उपेंद्र वासी स्मार्था कल्याणपुर जिला समस्तीपुर बिहार हाल न्यू अनाज मंडी करनाल को नई अनाज मंडी से एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ में पाया गया कि आरोपी राजाराम के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें यह जेल में भी रह चुका है। आरोपी राजाराम पैसों के लालच में यह काम करता है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी

**टीम एक्शन इंडिया/गुड़गांव/फरीदाबाद**
: आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने बेनिफिट एन्हांसर के साथ आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी लॉन्च किया है। यह उद्योग की अपने किस्म की पहली एन्युइटी योजना है जो ग्राहकों को खरीदने की तिथि से शुरू होने वाले किसी भी समय भुगतान किए गए प्रीमियम का 100% रिफंड प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करती है। यह उत्पाद उन विशेषताओं से भरपूर है, जो सेवानिवृत्ति योजना को लेकर ग्राहकों की सभी आशंकाओं का समाधान करती हैं। ग्राहक कई किस्म के एन्युइटी विकल्पों में से चयनकर सकते हैं, जैसे सिंगललाइफ विकल्प, जिसमें आय का भुगतान तब तक किया जाता है जब तक वे जीवित रहते हैं, या जॉयंट-लाइफ विकल्प, जिसमें निधन के बाद, आय का भुगतान पति या पत्नी, बच्चे को किया जाता है। माता-पिता या भाई-बहन - द्वितीयक एन्युइटेंट के रूप में जाने जाते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी, श्री अमित पाल्टा ने कहा, ह्लहमें बेनिफिट एन्हांसर के साथ आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी को पेश करते हुए खुशी हो रही है, यह एक बहुमुखी एन्युइटी उत्पाद है।इसे उन अनिश्चितताओं को दूर करने के लिए तैयार किया गया है,जिसका सामना लोगों को अपनी सेवानिवृत्ति की योजना बनाते समय सामना करना पड़ सकता है। यह एन्युइटी उत्पाद इस तरह अलग है कि यदि पॉलिसी धारक प्रीमियम का भुगतान जारी रखने में असमर्थ हैं तो किसी भी समय भुगतान किए गए प्रीमियम का 100% रिफंड प्राप्त कर सकतेहैं। उल्लेखनीय है कि जॉयंट लाइफ,विकल्प प्रीमियम माफी विकल्प के साथ आता है।

# मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**काबू**

**8 सोनू पुत्र सुरेंद्र सिंह वासी करण विहार करनाल को जाटो गेट करनाल से गिरफ्तार किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** एंटी व्हीकल थेफ्ट यूनिट द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चुराई गई पांच मोटरसाइकिलें बरामद की गई है।
चोरी के पहले मामले में टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी शमशेर सिंह उर्फ शेरा उर्फ सोनू पुत्र सुरेंद्र सिंह वासी करण विहार करनाल को जाटो गेट करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।
पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी शमशेर ने 22 दिसंबर 2023 को शिकायतकर्ता रिशिप्रकाश वासी गोगडीपुर की मोटरसाइकिल हांसी रोड करनाल से, 23 दिसंबर 2023 को शिकायतकर्ता प्रेमचंद वासी बंबरेहड़ी की मोटरसाइकिल शनि मंदिर कोहंड से और 24 नवंबर को शिकायतकर्ता इंद्रजीत सिंह वासी तरावड़ी की मोटरसाइकिल उसके घर के बाहर से चोरी कर वारदातों को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मोटरसाइकिल चोरी के तहत थाना शहर, थाना घरौंडा और थाना तरावड़ी में मुकदमें दर्ज हैं। पूछताछ में पाया गया कि आरोपी आदतन अपराधी है, जो कि नशापूर्ति और जल्दी पैसे कमाने के लिए चोरी करता है। आरोपी मोटरसाइकिल चोरी के दो मुकदमों में पहले भी जेल में रह चुका है। चोरी के दूसरे मामले में पुलिस टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर बजीदा रोड करनाल से आरोपी नितेश उर्फ काका पुत्र सतीश वासी मुस्तफाबाद रोड नजदीक साई मंदिर लाडवा कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई।
पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी नितेश ने 20 मार्च 2023 को शिकायतकर्ता अमित पाल वासी करनाल की मोटरसाइकिल किसान चौंक करनाल और 22 सितंबर 2021 को शिकायतकर्ता विक्रम वासी काछवा की मोटरसाइकिल कल्पना चावला पार्किंग से चोरी कर वारदातों को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मोटरसाइकिल चोरी के तहत थाना शहर और थाना सिविल लाइन में मुकदमे दर्ज हैं।

# सरकार ने घर बैठे ही योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया



**अहम**

**8 योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा अहम साबित हो रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को करनाल के वार्ड नंबर-18 और वार्ड नंबर-19 में पहुंची। इस दौरान अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वार्ड नंबर-18 के प्रेम नगर में भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए जबकि वार्ड नंबर-19 के राम नगर में मेयर रेनू बाला गुप्ता ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।
**पीपीपी अहम दस्तावेज, हर किसी को मिला लाभ : योगेंद्र राणा** वार्ड नंबर-18 के प्रेम नगर में भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि सरकार ने जो व्यवस्था परिवर्तन किया है, उससे हर नागरिक को फायदा हुआ है। प्रदेश सरकार ने लोगों को दफ्तर, दरखास्त और दस्तावेज से मुक्ति दिलाते हुए उन्हें घर बैठे ही योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया है। इस दिशा में परिवार पहचान पत्र सबसे अहम दस्तावेज बनकर उभरा है, जिससे हर किसी को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद एवं गरीब पात्र व्यक्ति तक केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा अहम साबित हो रही है। यात्रा के तहत कस्बों में हजारों लोगों ने योजनाओं का लाभ प्राप्त किया है या फिर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। मोदी की गारंटी वाली ये गाडि ?ां लोगों के जीवन में खुशहाली ला रही हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीब एवं जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों का है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार इस कार्य को बखूबी कर रही है। इस दौरान पार्षद हरीश कुमार ने शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, जिला महामंत्री सुनील गोयल, पार्षद

# कंपनी की डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाला काबू

**शिकंजा**

**8 17 जनवरी 2023 को थाना मधुबन में आईपीसी की धारा 406, 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। थाना** मधुबन की टीम द्वारा फॉर्च्यून कंपनी की डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। टीम द्वारा इकरार हुसैन पुत्र नन्हे वासी नूरपुर जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में शिव कुमार वासी अंधेड़ा करनाल ने शिकायत दी थी कि उसके पास सितंबर 2022 में नीलेश मिश्रा नाम के व्यक्ति से काल आया, जिसने कहा कि वह अडानी विलमार लिमिटेड फॉर्च्यून का आरएम बात कर रहा है और उसने शिकायतकर्ता शिव कुमार को करनाल की फॉर्च्यून कंपनी की डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने का आश्वासन दिया। उसने कहा कि आपसे ही सभी डीलर फॉर्च्यून कंपनी का सामान खरीदेंगे।
आरोपी ने शिकायतकर्ता शिव कुमार को इसके लिए साढ़े सात लाख रुपए की पेमेंट करने को कहा। इसके बाद शिकायतकर्ता ने पूरी पेमेंट कर दी। आरोपी ने ईमेल पर अप्रूवल आने का संदेश आने बारे कुछ दिन का समय दिया, लेकिन ऐसा कुछ मैसेज नहीं आया। फिर आरोपियों का फोन भी बंद आने लगा। इससे शिकायतकर्ता के धोखाधड़ी होने का एहसास हुआ। इस संबंध में शिकायत के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ 17 जनवरी 2023 को थाना मधुबन में आईपीसी की धारा 406, 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

## संपादकीय

# कोहराः हवाई और रेल यात्रा की कब सुध ली जाएगी?

**आमजन** की यात्रा सुविधा के नाम पर संचालित सरकारी सेवाएं बेहद गैर जिम्मेदाराना व्यवहार कर रही हैं। चाहे हवाई यात्रा हो या रेल, हर रोज करोड़ों लोग परेशान हो रहे हैं। इनमें वो भी हैं जिन्हें हर हालत में अपनी नियत तिथि पर वांछित गंतव्य पर पहुंचना होता है और वो भी जिन्हें दो कनेक्टिविटी के सहारे यात्रा पूरी करनी पड़ती है। भारत में सही समय पर यात्रा पूरी होने की न तो किसी की गारंटी है और न ही कोई इस बदहाली को चुनौती ही दे सकता है। हर रोज पूरे देश में बड़ी संख्या में हवाई और रेल सेवाएं लेटलतीफी का शिकार हो रही हैं। जिसके जवाब में प्री रिकॉर्डेड चार शब्द असुविधा के लिए खेद है काफी हैं। इन दिनों तो घने कोहरे के चलते स्थिति और भी बदतर है। देश में औसतन ढाई से तीन हजार फ्लाइट्स रोजाना लगभग 4,56,000 यात्रियों को मुकाम तक पहुंचाती हैं। वहीं 8 अक्टूबर 2023 का एक आंकड़ा बताता है कि रेलवे रोजाना 22,593 ट्रेनें चलाता है जिनमें 13,452 यात्री ट्रेनों से औसतन 2.40 करोड़ यात्री सफर करते हैं, बाकी 9141 मालगाड़ियां हैं। बसों और निजी वाहनों से सफर करने वालों की संख्या जोड़ दें यह कई गुना बढ़ जाएगी। अभी हवाई और रेल सेवा कोहरे के चलते ऐसी चरमराई हुई है कि पूछिए मत। अकेले दिल्ली से रोजाना 1400 उड़ानें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित होती हैं। कोहरे से हालात ऐसे हैं कि कई-कई दिन सूर्यदेव दर्शन नहीं देते, कोहरा छाया रहता है। ऐसे क्या टेक ऑफ, क्या लैण्ड सभी उड़ानों को रद्द, री-शिड्यूल या डायवर्ट करना पड़ता है। पूरे देश का यही हाल है। अभी दो दिन पहले 13 जनवरी को घने कोहरे के चलते मुंबई-गुवाहाटी उड़ान को बांग्लादेश के ढाका में इमरजेंसी लैंडिंग खातिर मजबूर होना पड़ा। इसमें फंसे यात्री बिना पासपोर्ट के अंतरराष्ट्रीय सीमा तो पार कर गए लेकिन कई घंटे हवाई जहाज में बैठे रहे। विदेशी धरती पर कैसे उतरते? कोहरे की मार से हमारे सभी हवाई अड्डे प्रभावित हैं। ऐसे में महंगी और सही वक्त पर पहुंचने के खातिर हवाई यात्राओं के भी कोई मायने नहीं।

कमोबेश इससे भी बदतर हालत यात्री ट्रेनों की है। कोहरे की मार से रोजाना आधे से ज्यादा रेल यात्री परेशान होते हैं। जहां कोरोना के चलते रद्द कई ट्रेन शुरू नहीं हो पाईं वहीं जो चलीं वो भी कई तरह के सुधार और सुविधाओं के नाम पर रद्द, लेट या री-शिड्यूल हो रही हैं। बिलासपुर जोन ने तो ट्रेनों के रद्द करने का देश में कीर्तिमान ही बना डाला। यहां कुछ सालों में हजारों जोड़ी ट्रेन रद्द हुईं। कोयला, दूसरी खदानों व पॉवर सेक्टर वाले बिलासपुर जोन में आने-जाने वाले लाखों यात्रियों को लेटलतीफी या एकाएक ट्रेन कैंसिल होने से असहनीय परेशानी होती है। अभी यात्री गाड़ियों के खातिर कोहरे का बहाना है और मालगाड़ियां पूरी रफ्तार में हैं। आखिर हवाई और रेल यात्रियों की सुध लेगा कौन? उनकी परिस्थिति और मानसिक स्थिति को कौन समझेगा? आगे की यात्रा के लिए दो-तीन घण्टे की मार्जिन रख, कनेक्टिंग फ्लाइट्स या ट्रेन की कंफर्म टिकट लेकर महीनों पहले अपना कार्यक्रम तय कर चुके लोग ऐन वक्त पर चार शब्दों के जवाब असुविधा के लिए खेद है से निपटा दिए जाते हैं और भुक्तभोगी अपना सिर नोचने के कुछ नहीं कर पाता। चाहे विमानन सेक्टर हो या रेलवे इन्हें पता होता है कि कब से कब कोहरा तो कब बारिश और कब गर्मी होगी। लेकिन जानकर भी न निपट पाने की ढिठाई इस हाईटेक और आर्टिफीशियल इण्टेलीजेंस के जमाने में समझ से बाहर है।

# संबंध मूल्य को स्थापित करता है राजा राम का लोकजीन

**डॉ.सौरभ मालवीय**

> श्रीराम मनुष्यों से ही नहीं, अपितु पशु-पक्षियों से भी हृदय से प्रेम करते थे। पशु-पक्षियों ने भी समय-समय पर उनकी सहायता की। इनकी सहायता से ही उन्हें सीता के हरण के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। श्रीराम का गिलहरी से संबंधित एक अत्यंत रोचक प्रसंग है। जिस समय श्रीराम की सेना रामसेतु के निर्माण के कार्य में व्यस्त थी, उस समय लक्ष्मण ने उन्हें गिलहरी को निहारते हुए देखा। इस बारे में पूछने पर श्रीराम ने बताया कि एक गिलहरी बार-बार समुद्र के तट पर जाती है तथा रेत पर लोटपोट करके रेत को अपने शरीर पर चिपका लेती। जब रेत उसके शरीर पर चिपक जाती, तो वह सेतु पर जाकर सारा रेत झाड़ देती है। वह बहुत समय से ऐसा कर रही है। यह सुनकर लक्ष्मण ने कहा कि वह केवल क्रीड़ा का आनंद ले रही है। इस पर श्रीराम ने कहा कि लक्ष्मण से कहा कि मुझे ऐसा प्रतीत नहीं होता

**सनातन** धर्म के अनुयायी श्रीराम को भगवान मानते हैं तथा उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। वह भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं, जिन्होंने लंका नरेश रावण एवं अन्य राक्षसों का संहार करके मानव जाति को उनके अत्याचारों से मुक्त करवाने के लिए अयोध्या के राजा दशरथ के यहां राम के रूप में जन्म लिया था। इसके इतर राम ने स्वयं को एक जननायक के रूप में स्थापित किया। उनका संपूर्ण जीवन इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मयार्दा के नूतन आयाम स्थापित किए। इसीलिए उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में कभी मयार्दा का उल्लंघन नहीं किया, इसलिए भी उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है।

**आदर्श पुत्र**

श्रीराम एक आदर्श पुत्र थे। उन्होंने अपने पिता राजा दशरथ के वचन का पालन किया। उन्होंने राजा दशरथ द्वारा अपनी पत्नी कैकेयी को दिए वचन को पूर्ण करने के लिए राजपाट त्याग कर चौदह वर्ष का वनवास सहर्ष स्वीकार कर लिया। उन्होंने अपनी माता के वचन का सहृदय से पालन करके यह सिद्ध कर दिया कि उनके लिए पिता के वचन और माता की प्रसन्नता से बढ़कर कुछ भी नहीं है। उन्होंने वैभवशाली जीवन का त्याग करके वन में जीवन व्यतीत करना उचित समझा। उन्होंने अपने पिता की मनोव्यथा एवं उनकी विवशता को अनुभव किया तथा बिना किसी अंतर्द्वन्द्व के वनवास जाने का निर्णय ले लिया। यह निर्णय कोई सरल कार्य नहीं था। आज के युग में कोई अपनी एक इंच भूमि भी अपने भाई को नहीं देना चाहता। भूमि और संपत्ति को लेकर भाइयों के मध्य रक्तपात हो जाता है। ऐसे में त्रेता युग में जन्मे श्रीराम परिवार मूल्य बोध के लिए एक आदर्श स्थापित करते हैं। चित्रकूट में जब भरत व उनके अन्य परिवारजन उन्हें पुनः अयोध्या वापस लौटने को कहते हैं, वह इसे अस्वीकार कर देते हैं। उनकी माता कैकेयी भी उनसे अपने वचनों को वापस लेने की बात कहती हैं, परन्तु वह अपने निर्णय पर अटल रहते हैं तथा उनके कथन को अस्वीकार कर देते हैं। वह अपनी माता से कहते हैं कि आपका वचन पिता से संबंधित था, मुझसे नहीं। मेरा संबंध तो पिता के वचन से है आपसे नहीं, इसलिए मैं उनके वचन की अवज्ञा नहीं कर सकता। मैं अपने पिता के वचन से बंधा हुआ हूं।



तभी से यह कहा जा रहा है कि रघुकुलरीत सदा चली आई, प्राण जाय पर वचन न जाय। वास्तव में राजा दशरथ अपने पुत्र से अत्यधिक स्नेह करते थे। पुत्र के वियोग में उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए, परन्तु अपने वचन का पालन किया।

**आदर्श भाई**

श्रीराम एक आदर्श भाई भी थे। उनके लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के प्रति अथाह प्रेम, त्याग एवं समर्पण के कारण उन्हें आदर्श भाई माना जाता है। उन्होंने अपनी माता कैकेयी के आदेश पर अपना राज्य अपने छोटे भाई भरत को सौंप दिया और स्वयं अपनी पत्नी सीता और छोटे भाई लक्ष्मण के साथ वनवास के लिए प्रस्थान कर गए।

रामचरित मानस में भक्त शिरोमणि तुलसीदास कहते हैं-

**सजि बन साजु समाजु सबु बनिता बंधु समेत।**
**बंदि बिप्र गुर चरन प्रभु चले करि सबहि अचेत।।**

अर्थात वन के लिए आवश्यक वस्तुओं को साथ लेकर श्रीराम पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण सहित ब्राह्मण एवं गुरु के चरणों की वंदना करके सबको अचेत करके चले गए।

**सद्भाव का संदेश**

श्रीराम ने समाज के प्रत्येक वर्ग को आपस में जोड़कर रखने का संदेश दिया। उन्होंने प्रेम एवं भाईचारे का संदेश दिया। निषादों के राजा निषादराज श्रीराम के अभिन्न मित्र थे। वह ऋंगवेरपुर के राजा थे। उनका नाम गुह्यराज था। वह श्रीराम के बाल सखा थे। उन्होंने एक ही गुरुकुल में रहकर शिक्षा प्राप्त की थी। आदिवासी समाज के लोग आज भी निषादराज की पूजा करते हैं। उन्होंने वनवास काल में श्रीराम, सीता एवं लक्ष्मण को गंगा नदी पार करवाई थी।

**संपूर्ण प्राणियों से प्रेम**

श्रीराम मनुष्यों से ही नहीं, अपितु पशु-पक्षियों से भी हृदय से प्रेम करते थे। पशु-पक्षियों ने भी समय-समय पर उनकी सहायता की। इनकी सहायता से ही उन्हें सीता के हरण के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। श्रीराम का गिलहरी से संबंधित एक अत्यंत रोचक प्रसंग है। जिस समय श्रीराम की सेना रामसेतु के निर्माण के कार्य में व्यस्त थी, उस समय लक्ष्मण ने उन्हें गिलहरी को निहारते हुए देखा। इस बारे में पूछने पर श्रीराम ने बताया कि एक गिलहरी बार-बार समुद्र के तट पर जाती है तथा रेत पर लोटपोट करके रेत को अपने शरीर पर चिपका लेती। जब रेत उसके शरीर पर चिपक जाती, तो वह सेतु पर जाकर सारा रेत झाड़ देती है। वह बहुत समय से ऐसा कर रही है। यह सुनकर लक्ष्मण ने कहा कि वह केवल क्रीड़ा का आनंद ले रही है। इस पर श्रीराम ने कहा कि लक्ष्मण से कहा कि मुझे ऐसा प्रतीत नहीं होता। उत्तम तो यही होगा कि हम इस संबंध में गिलहरी से ही पूछ लेते हैं। उन्होंने गिलहरी से पूछा कि तुम क्या कर रही हो? गिलहरी ने उत्तर दिया कि कुछ नहीं, केवल सेतु निर्माण के पुनीत कार्य में अपना थोड़ा सा योगदान दे रही हूं। उन्हें उत्तर देकर गिलहरी पुनः अपने कार्य के लिए चल पड़ी, तो लक्ष्मण ने उसे रोकते हुए पूछा कि तुम्हारे रेत के कुछ कणों से क्या होगा?

इस पर गिलहरी ने उत्तर दिया कि आप सत्य कह रहे हैं। मेरे रेत के कुछ कणों से कुछ नहीं होगा, परन्तु मैं अपने सामर्थ्य के अनुसार जो योगदान दे सकती हूं, दे रही हूं। मेरे कार्य का कोई मूल्यांकन नहीं, परन्तु इससे मेरे मन को संतुष्टि प्राप्त हो रही है कि मैं अपनी योग्यता एवं सामर्थ्य के अनुसार अपना योगदान दे रही हूं। मेरे लिए यही पर्याप्त है, क्योंकि यह राष्ट्र का कार्य है एवं धर्म का कार्य है। गिलहरी का यह प्रसंग सदैव से ही प्रासंगिक रहा है, क्योंकि इससे यह प्रेरणा मिलती है कि प्रत्येक मनुष्य को अपने सामर्थ्य के अनुसार जनहित एवं राष्ट्र हित में कार्य करना चाहिए।

**नेतृत्व क्षमता**

श्रीराम एक लोक नायक थे। उनमें नेतृत्व की अपार क्षमता थी। उन्होंने समुद्र में पत्थरों से सेतु का निर्माण करवाया, जिसे राम सेतु कहा जाता है। सीताहरण के पश्चात उन्होंने वानरों की सेना के माध्यम से लंका पर चढ़ाई कर दी। एक ओर लंका नरेश रावण की बलशाली राक्षसों की शक्तिशाली सेना थी, तो दूसरी ओर निर्बल वानरों की छोटी सी सेना। किन्तु श्रीराम के पास सत्य की शक्ति थी और वानर सेना का उनके प्रति अटूट प्रेम, श्रद्धा एवं विश्वास था। इस सत्य एवं श्रद्धा के बल पर उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त की। वे अपने मित्रों एवं साथियों को आदर एवं सम्मान देते थे। उन्होंने अपने मित्र निषादराज, सुग्रीव, हनुमान, केवट, जामवंत एवं विभीषण आदि को समय-समय पर नेतृत्व करने के अवसर प्रदान किए तथा उनकी हृदय से सराहना भी की।

**मातृभूमि से प्रेम**

लंका पर विजय प्राप्त करने के पश्चात श्रीराम ने लंका का राज्य रावण के भाई विभीषण को सौंप दिया तथा अयोध्या लौटने का निर्णय किया। इस पर लक्ष्मण ने कहा कि लंका में स्वर्गीय सुख है। लंका स्वर्णमयी है। अयोध्या में क्या रखा है? इस पर श्रीराम ने कहा-

अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते।
जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।।
(वाल्मीकि रामायण)

अर्थात यद्यपि यह लंका स्वर्ण से निर्मित है, फिर भी इसमें मेरी कोई रुचि नहीं है, जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान है। श्रीराम ने स्वयं को एक लोकनायक के रूप में ही प्रस्तुत किया। इसलिए वह कभी स्वाभाविक जीवन व्यतीत नहीं कर पाए। उनका बाल्यकाल शिक्षा ग्रहण करते हुए गुरुकुल में व्यतीत हुआ।

## कविता

खुशबू की मीठी बयार क्या कहें
बारिश की रिमझिम फुहार क्या कहे।

नम्र दूबों पर ओश की चमका क्या कहे
फूलों की महक ,कलियाँ लचकदार क्या कहें।

नम पंखुड़ियों पर आसमानी रंग क्या कहे।
झूमती लताओं पर जिंदगी का रंग क्या कहे।

होठों पर खुशी महकी महकी सी क्या कहे।
फूलों का गुलाबी रंग चेहरे पर क्या कहे।

हंसी की शुरूआत खुशी की बारात क्या कहे।
महकते जज्बात कलियों की सौगात क्या कहे।

चमेली की महक,लताओं का साथ क्या कहें।
चाँदनी रात में सितारों की सौगात क्या कहे।

फूलों की कलियों से चुपके बात क्या कहे।
लताओं का पुष्पों के संग प्रेमालाप क्या कहे।

फूलों की सेज दुल्हन की सुहागरात क्या कहें
चौदहवी का चाँद भीगी सी रात क्या कहें।

संजीव ठाकुर

# भारत की गाथा रखने का स्वर्णिम अवसर

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर दुनिया के अनेकों देश अनेकों वैश्विक मंचों पर साझा प्रतिभागी बनाकर, वैश्विक सम्मेलन की साझा चर्चा कर आपसी सहमति से उसका हल निकालते हैं, जो सभी देशों के आर्थिक स्वास्थ्य मानवीय सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, आपसी मतभेद मिटाने सहित अनेकों समस्याओं का सजा हल निकाला जाता है यह मंच प्रतिवर्ष अपना सम्मेलन करते हैं। ऐसा ही एक अवसर हर देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए इस कार्य व अन्य संबंधित विषयों को लेकर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी स्विट्जरलैंड के दावोस में 15 से 19 जनवरी 2024 तक आयोजन किया जा रहा है जिसमें भारत के एक महिला केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में दो अन्य मंत्रियों का दलसम्मिलित हुआ है जो डब्ल्यू ई टी मंच के हर क्षेत्र और वहां के अलग-अलग संबंधित मंचों पर तीन केंद्रीय मंत्रियों ने व्यापक चर्चा व भारत की गाथाओं व विकसित भारत संकल्प की चर्चा कर भारत के अवसरों को सामने लाने व वैश्विक निवेशकों के सामने भारत की गाथा समर्थित अवसरों संबंधित अवसरों में रखी जिसकी सारी क्लिप दिनांक 17 जनवरी 2024 को देर रात दूरदर्शन पर साझा की गई जिससे प्रेरित होकर मैने आज यह आर्टिकल इस विषय पर लिखने के लिए चुना 15 से 19 जनवरी 2024 के पांचो दिन भारत 54 वांटसीडब्ल्यू की थीम बिल्डिंग ट्रस्ट के तहत चर्चा व समाज का जोरदार आगाज दिखाया है इसलिए आज हम मीडिया में पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत के अवसरों को सामने लाने व वैश्विक निवेशकों को के सामने भारत की गाथा रखने का स्वर्ण असम अवसर चोपन और डफ 2024 है।

साथियों बात अगर हम डब्ल्यूईएफ बैठक 15से 19 जनवरी 2024 की करें तो, विश्व आर्थिक मंच की बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले भारत सरकार के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महिला एवं बाल विकास मंत्री करेंगी। उनके साथ पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री श्र और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के डीपीआई ह हैं। विश्व आर्थिक मंच के विभिन्न सत्रों में प्रतिनिधिमंडल अन्य वैश्विक राजनीतिक और व्यापारिक लीडर्स की उपस्थिति में शिक्षा, जैव ईंधन,लिंग अंतरनवीकरणीय, सेमीकंडक्टर और विनिर्माण के विषयों पर अपने विचार रखेगा।विश्व आर्थिक मंच में भारत की प्रभावशाली उपस्थिति चार अलग-अलग स्थानों को सुरक्षित कर चिह्नित की गई है। इनमें से प्रत्येक भारत के अवसरों को सामने लाने और वैश्विक निवेशकों के सामने अपनी विकास गाथा रखने को समर्पित है। 15 जनवरी से 19 जनवरी 2024 तक स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित हो रही 54वीं विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक दमदार कहानी सामने लाता है। भारत व्यापक विषय 'बिल्डिंग ट्रस्ट' के तहत चर्चा और संवाद का दावा करता है।'

## विचार

# डीपफेकः सावधानी बरतने की जरूरत

**सुनील कुमार महला**

**आज** विज्ञान और तकनीक का युग है और विज्ञान तथा तकनीक का उद्देश्य यह रहा है कि इससे मानव जीवन बेहतर और अच्छा बनें। सच तो यह है कि मानव समाज की प्रगति,उसका उत्तरोत्तर विकास ही विज्ञान और तकनीक का असली उद्देश्य रहा है लेकिन आज के समय में विज्ञान और तकनीक दोनों का ही मानव द्वारा दुरूपयोग किया जा रहा है। विज्ञान और तकनीक मानव के लिए वरदान है तो अभिशाप भी साबित हुई है। डीपफेक इन दिनों काफी चर्चा में है।मनोरंजन के उद्देश्य से मनोरंजक वीडियो और तस्वीरें बनाना ही डीपफेक का एकमात्र उपयोग नहीं है। जो चीज शौकिया प्रयोग के रूप में शुरू हुई थी वह अब एक संभावित खतरनाक तकनीक बन गई है।फिल्म जगत से लेकर बड़ी राजनीतिक हस्तियों तक का डीपफेक बनाया गया है। जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले दिनों भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर तक का डीपफेक विडियो बन चुका है। डीपफेक विडियो में एक्स्प्रेशन रीयल लगते हैं लेकिन वे रीयल होते नहीं है।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि 'डीपफेक लोकतंत्र के लिए एक नया खतरा बनकर उभरा है।' केंद्रीय मंत्री ने बताया था कि सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने डीपफेक के खतरे और इसकी गंभीरता को स्वीकार किया है। वैष्णव ने कहा था कि डीपफेक के क्रिएटर्स और उसको होस्ट करने वाले प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी तय होगी।आज देश-दुनिया में 'डीपफेक' के मामले लगातार बढ़ते ही चले जा रहे हैं। यहां प्रश्न यह उठता है कि आखिर डीपफेक है क्या ? तो पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वास्तव में डीपफेक का तात्पर्य कृत्रिम मीडिया से होता है, जिसमें एक मौजूदा छवि या वीडियो में एक व्यक्ति की के स्थान पर किसी दूसरे को इतनी अधिक समानता से लगा दिया जाए कि उनमें अंतर करना कठिन हो जाए। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि डीपफेक एआई( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एक प्रकार की कृत्रिम बुद्धिमत्ता है जिसका उपयोग ठोस छवियां, ऑडियो और वीडियो धोखाधड़ी बनाने के लिए किया जाता है। आज के इस युग में नकली छवियां बनाई जातीं हैं और वीडियो-आडियो में हेरफेर किया जाता है। डीपफेक बनाने के लिए आज जेनेरेटिव एडवरसैरियल नेटवर्क (जीएएन) जैसे उन्नत एआई एल्गोरिदम का उपयोग किया जा रहा हैं। बताना चाहूंगा कि डीपफेक टेक्नोलॉजी का आविष्कार वर्ष 2014 में किया गया था और इसे गुडफेलो और उसकी टीम ने पेश किया था। डीपफेक में आमतौर पर डीप लर्निंग एल्गोरिदम, विशेष रूप से जेनरेटिव एडवरसैरियल नेटवर्क (जीएएन) का उपयोग शामिल होता है, जो डेटा में पैटर्न का विश्लेषण और नकल कर सकता है। यह भी जानकारी मिलती है कि डीपफेक शब्द पहली बार 2017 में यूज किया गया था। तब अमेरिका के सोशल न्यूज एग्रीगेटर रेडिट पर डीपफेक आईडी से कई सेलिब्रिटीज के वीडियो पोस्ट किए गए थे। इसमें एक्ट्रेस एमा वॉटसन, गैल गैडोट, स्कारलेट जोहानसन के कई पोर्न वीडियो थे। सरल शब्दों में कहें तो हम यह बात कह सकते हैं कि किसी रियल वीडियो, फोटो या ऑडियो में दूसरे के चेहरे, आवाज और एक्सप्रेशन को फिट कर देने को डीपफेक नाम दिया गया है। ये इतनी सफाई से होता है कि कोई भी इस पर यकीन मान बैठता है। इसमें फेक भी असली जैसा लगता है।इसमें मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लिया जाता है। इसमें वीडियो और ऑडियो को टेक्नोलॉजी और सॉफ्टवेयर की मदद से बनाया जाता है।

आज सोशल मीडिया का युग है, हर कोई सोशल मीडिया का उपयोग, प्रयोग करता है। हर कोई आज सोशल मीडिया का प्रयोग तो धड़ल्ले से करते हैं लेकिन धोखाधड़ी से डरते हैं। सच तो यह है कि डीपफेक टेक्नोलॉजी इंसानों की प्राइवेसी के लिए एक बड़ा खतरा साबित हो रही हैं।

जानकारी देना चाहूंगा कि डीपफेक टेक्नोलॉजी में कोडर और डिकोडर टेक्नोलॉजी की मदद ली जाती है। डिकोडर सबसे पहले किसी इंसान के चेहरे को हावभाव और बनावट की गहन जांच करता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादकः राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भारत से लेकर सारी दुनिया हुई राममय

**आर.के. सिन्हा**

**कई सप्ताह से पूरा** विश्व उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रहा है। दक्षिण पूर्वी एशियाई देश हों या फिर यूरोप, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया या जर्मनी से जापान तक सभी राममय हो रहे हैं। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर से लेकर यूरोप के एफिल टावर तक देखने को मिलेगा। फ्रांस की राजधानी पेरिस में 21 जनवरी को ह्यरामरथ यात्राह्न का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरे यूरोप से हजारों लोग भाग लेंगे। इतना ही नहीं, एफिल टावर के पास भव्य उत्सव भी मनाया जाएगा। इसी तरह अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलिकास्ट किया जाएगा। नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन और दीपोत्सव किया जाएगा। अमेरिका में कैलिफोर्निया के साथ ही वाशिंगटन, शिकागो और अन्य शहरों में विशाल कार रैलियाँ आयोजित की जा रही हैं। दुनिया के 50 से अधिक देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन देशों में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव देखा जा सकेगा। अमेरिका में 300, ब्रिटेन में 25, ऑस्ट्रेलिया में 30, कनाडा में 30, मॉरीशस में 100 के अलावा आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी जैसे 50 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किए जाने की तैयारी है। न्यूयार्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा भी कि अयोध्या में राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सिर्फ भारत ही नहीं, न्यूयार्क में दक्षिण एशियाई और इंडो कैरेबियाई समुदायों के हिंदुओं के लिए भी जश्न मनाने का मौका है। प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर नेपाल से 3 हजार से अधिक उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। जनकपुर से सीताजी के लिए साड़ी, चांदी के जूते, आभूषण आदि उपहार भेजे गए। श्रीलंका ने अशोक वाटिका से विशेष पत्थर अयोध्या भेजा है। मॉरिशस ने तो अपने यहां 22 जनवरी को अवकाश भी घोषित किया है। बकायदा, 2 घंटे का विशेष अवकाश पूजा पाठ के लिए प्रदान किया गया है। राममंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में कुल 7 हजार से अधिक मेहमान शामिल होंगे।

# माता-पिता घर में बनाएं पढ़ाई का माहौल

**विजय गर्ग**

**बच्चों के** लिए सिलेबस याद रखना एक बड़ी समस्या है. माता-पिता इस समस्या को बहुत आसानी से कम कर सकते हैं और पढ़ाई को रोचक बना सकते हैं। अगर पढ़ाई साथ-साथ चल रही हो तो बच्चों को पेपर के दिनों में कोई परेशानी नहीं होती. माता-पिता को घर पर सीखने का माहौल बनाने की जरूरत है। ताकि बच्चे शिक्षा को बोझ न समझें और पूरे मन से उसमें लगें।बच्चों में शिक्षा के प्रति जुनून पैदा करने के लिए माता-पिता को प्रतिदिन 35-40 मिनट तक बच्चों के साथ किसी न किसी विषय पर चर्चा करनी चाहिए।यह आवश्यक है। शाम की चाय के समय या रात को टहलते समय आप बच्चों से देश-विदेश की घटनाएँ, राजनीति, भूमि, जल, खजाना, ब्राह्मण एवं नैतिक शिक्षा आदि किसी भी विषय पर चर्चा कर सकते हैं। जब बच्चे जाएं आपके साथ घूमने के लिए। ताकि उन्हें खेतों, फसलों और कृषि उपकरणों के बारे में बताया जा सके। सड़कों पर टोल टैक्स की जानकारी दी जा सकती है. घर में प्रतिदिन किसी न किसी विषय पर चर्चा करने से बच्चे भी यह समझने लगेंगे कि हमें चूहे को पीटना नहीं है। प्रत्येक विषय की अवधारणा अपने आप में स्पष्ट हैपी रहे हैं इस तरह पढ़ाई करने से बच्चे की सोचने, समझने, बोलने और सुनने की क्षमता बढ़ती है। यह आत्मविश्वास जगाता है. इस तरह पढ़ाई करने से पढ़ाई नहीं भूलती और बच्चा कंपटीशन के पेपर में फेल नहीं होता। विषय पर चर्चा से माता-पिता और बच्चों के बीच संबंध स्थापित होता है और सीखने का माहौल बनता है। माता-पिता को बच्चों के मन की बात पता चलती है और दोनों के बीच रिश्ता मजबूत होता है, जो आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। माता-पिता बच्चे के पहले शिक्षक होते हैं। उनके बच्चेशब्दावली पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। घर पर जब भी माता-पिता अपने बच्चों से कोई चीज लाने को कहें तो उन्हें हमेशा उस चीज के पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग करना चाहिए, इससे बच्चा जल्दी सीखेगा और याद रखेगा। माता-पिता को घर में हिंदी, पंजाबी, अंग्रेजी हर भाषा के शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। छोटे-छोटे शब्दों का प्रयोग करना जैसे चुटकी को क्लैंप, चाय को फिल्टर, रोटी को चपाती, दवा को दवा आदि। ऐसा करने से बच्चे के बोलने का लहजा अपने आप बदल जाएगा। इस तरह सीखें शब्दवह अपने दोस्तों को भी बताता है।

## न्यूज फ्लैश

### स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस ने रोहतक में दावों के निपटान के लिए किया 10 करोड़ रुपये का भुगतान

**रोहतक:** भारत के अग्रणी स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता, स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस ने घोषणा की है कि उसने पिछले 8 महीनों के दौरान, यानी अप्रैल 2023-नवंबर 2023 के बीच रोहतक में 10 करोड़ रुपये के दावों का निपटान किया। कंपनी ने नेटवर्क अस्पतालों के लिए दावा निपटान के तौर पर 9 करोड़ रुपये और इस क्षेत्र के गैर-नेटवर्क अस्पतालों के दावा निपटान के लिए 1 करोड़ रुपये का भुगतान किया। स्टार हेल्थ ने रोहतक में कैशलेस दावा निपटान के लिए 9 करोड़ रुपये और प्रतिपूर्ति (रिइंबर्समेंट) दावा निपटान के लिए 1 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया। कंपनी ने ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखते हुए सभी कैशलेस दावों का निपटारा 2 घंटे के भीतर कर दिया। ज्यादातर मामलों में, कैशलेस उपचार के लिए प्रारंभिक ऑथराइजेशन 2 घंटे के भीतर दिया गया। स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य दावा अधिकारी, श्री सनथ कुमार के ने दावा निपटान पर अपनी टिप्पणी में कहा, "हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि स्टार हेल्थ ने रोहतक में दावों के निपटान और कैशलेस उपचार को मंजूरी देने में तेजी दिखाई है। हमने अपने ग्राहकों की स्वास्थ्य कवर से जुड़ी हर तरह की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवोन्मेषी उत्पाद लॉन्च किए हैं औरदावा प्रबंधन प्रक्रिया को मजबूत बनाए रखने का प्रयास किया है। हम अपने ग्राहकों को उचित कीमत पर अच्छा इलाज मुहैया कराने के लिए इस शहर में अपने अस्पतालों का नेटवर्क बढ़ाना जारी रखेंगे।" स्टार हेल्थ ने अप्रैल 2023 से नवंबर 2023 के बीच पूरे देश में लगभग 11 लाख दावों के निपटान के लिए कुल 5600 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का भुगतान किया।

### फ्लिपस्टर्स अवार्ड्स में फ्लिपकार्ट ने टॉप सेलर्स को किया सम्मानित

**गुरुग्राम:** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट ने नई दिल्ली स्थित सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित फ्लिपस्टर्स 2023 के दौरान अपने सेलर्स को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के माननीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार और श्रीमती लारा दता एवं श्री अमित त्रिवेदी जैसे कलाकार भी उपस्थित रहे। पुरस्कार समारोह का संचालन अभिनेता अपारशक्ति खुराना ने किया। 'फ्लिपस्टर्स' अवार्ड्स एक वार्षिक आयोजन है, जिसमें फ्लिपकार्ट से जुड़े सेलर्स की उपलब्धियों को सामने रखा जाता है और उनकी सफलता का जश्न मनाया जाता है। ये पुरस्कार अपने ग्राहकों की मांग को पूरा करने की दिशा में सेलर्स के प्रयासों को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इससे उनके कारोबार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। देशभर से 750 से ज्यादा सेलर्स ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। फ्लिपकार्ट के हेड ऑफ मार्केटप्लेस राकेश कृष्णन ने कहा, "भारत के घरेलू मार्केटप्लेस के तौर पर हम अपने स्थानीय सेलर्स की जरूरतों एवं उनकी महत्वाकांक्षाओं को समझते हैं। हमारा मिशन सतत रूप से सकारात्मक बदलाव लाना और उद्यमियों को सफलता के उनके सफर में सहयोग प्रदान करना है। मैं सभी सेलर्स का हृदय से आभार जताता हूं, जो देशभर में हमारे ग्राहकों को सुगम शॉपिंग का अनुभव देने और उत्पादों की विविध रेंज डिलीवर करने की हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एक मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म के रूप में साथ मिलकर हमने जो उपलब्धि हासिल की है, उस पर हमें गर्व है। हम आगामी वर्षों में और भी उपलब्धियां हासिल करेंगे।" कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने कार्यक्रम की मेजबानी की।



### भाजपा के पूर्व जिला प्रधान की माता के निधन पर नामचीन हस्तियों ने दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा की माता जी के निधन पर जिले व प्रदेश भर से गणमान्य लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए, जिसमें प्रमुख रूप से महिला विकास निगम हरियाणा सरकार की अध्यक्ष बबीता फोगाट, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष वीपी यादव, नांगल चौधरी विधायक डॉ अभय सिंह, अटेली विधायक सीताराम यादव, विद्यानंद लंबा प्रदेश संयोजक, वरुण श्योराण पूर्व प्रदेश प्रभारी युवा मोर्चा भाजपा, तेज प्रकाश एडवोकेट प्रदेश महासचिव जननायक जनता पार्टी, मंजीत यादव एडवोकेट प्रधान बार एसोसिएशन नारनौल, राकेश यादव पूर्व न्यायाधीश, रमेश सैनी प्रधान नगर परिषद महेंद्रगढ़, रमेश सैनी प्रधान नांगल चौधरी नगर परिषद, जिला मंत्री भाजपा नीलम कुमारी, सुरेश चौधरी प्रधान आईटीआई, सवाई सिंह जिला मंत्री किसान मोर्चा भाजपा, जिला उपाध्यक्ष उमेद पाथेडा, सतवीर यादव जिला संयोजक कर्मचारी प्रकोष्ठ, कप्तान रमेश जिला उपाध्यक्ष भाजपा भाजपा मंडल अध्यक्ष राज सिंह कुलदीप कौशिक अशोक सैनी प्रधान जननायक जनता पार्टी रहे।

# पीएम मोदी ने जनसंवाद कार्यक्रम में किया शहवासियों को संबोधित

## सांसद रमेश कौशिक ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सेक्टर-14 के कम्युनिटी हाल में आयोजित जनसंवाद

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**शहरी लाभार्थियों** से सीधा संवाद कियाशहर के प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को सोनीपत शहर स्थित सेक्टर-14 के कम्युनिटी हॉल में पहुंची, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से शहरवासियों को संबोधित किया। जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा स्वयं लाभार्थियों के घर द्वार पर पहुंच रही है और उनको मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान करवा रही है।



सांसद ने कहा कि गरीब कल्याण के लिए, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों व कल्याणकारी योजनाओं के बल पर वर्ष 2047 तक भारत अवश्य ही विकसित देशों की सूची में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आप किसी भी क्षेत्र में देख लें भारत अन्य देशों की तुलना में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिके कारण आज हम विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुके है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने गरीब लोगों के कल्याण के साथ-साथ देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने का कार्य किया है, जिसके कारण आज विश्वविख्यात बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में निवेश कर रही है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की विदेशी कूटनीति के कारण विश्व में भारत का मान-सम्मान बड़ा है और विश्व का हर देश विकास के रास्ते पर भारत को साथ लेकर चलना चाहता है। आज डीआरडीओ की मेहनत से भारत चंद्रमा के साऊथ पोल पर पहुंचने वाला पहला देश बन चुका है। आज हमने देश में जी-20 सम्मेलन का सफल आयोजन करवाया है, जिसके चलते देश में विकास के रास्ते खुलेंगे और देश जल्द ही विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि आज केन्द्र सरकार द्वारा देश के गरीब परिवारों को मुफ्त में अनाज मुहैया करवाया जा रहा है ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। इसके अलावा गरीब लोगों के स्वास्थ्य के लिए केन्द्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना, गरीबों को पक्के मकान देने के लिए पीएम आवास योजना जैसी अनेकों योजनाएं है, जिनका लाभ आज पात्र व्यक्तियों तक सरलता व सुगमता के साथ पहुंच रहा है।

# भाजपा ने हमारे अस्तित्व को जिंदा रखा: चंद्रकला खातोद



**टीम एक्शन इंडिया / महेन्द्रगढ़**
**केंद्रीय समाज** कल्याण बोर्ड की पूर्व सदस्या एडवोकेट चंद्रकला खातोद ने अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र के गांव बलाना, बुडीन, निम्बी, पहाड़वास, कुराहवटा, निम्बहेड़ा, आकोदा आदि गांवों का दौरा किया तथा महिलाओं, युवा, बुजुर्गों से 22 जनवरी को अपने घरों को जगमगाने का आग्रह किया। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान लगभग 500 महिलाओं को भी शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।

खातोद ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिल की गहराईयों से प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की रहनुमाई में ही अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है जो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। खातोद ने कहा कि देश तो 1947 में आजाद हो गया, लेकिन देश की 80 प्रतिशत हिन्दुस्तानियों की असली आस्था को आजादी अब मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब इस दुनिया में इस्लामिक राष्ट्र हो सकते हैं, ईसाई राष्ट्र हो सकते हैं तो फिर हिन्दुस्तान हिन्दू राष्ट्र क्यों नहीं हो सकता।

### बाबरपुर में धर्म ई बाइक का शुभारंभ

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**धर्म** ई बाइक बाबरपुर मंडी का मुहूर्त आज किया गया। जिसमें ब्राह्मण सभा के जिला प्रधान रामरतन शर्मा बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे तथा रिबन काटकर विधिवत रूप से धर्म ई बाइक का शुभारंभ किया। यहां पहुंचने पर प्रधान रतन शर्मा का धर्मबीर कौशिक व अन्यों द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। रतन शर्मा ने कहा कि इससे आस-पास के लोगों को ई बाइक खरीदने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं ई बाइक से जहां पर्यावरण सुरक्षित रहेगा वहीं चालकों के धन की बचत भी होगी। धर्म ई बाइक संचालक धर्मबीर कौशिक ने कहा कि उनके शोरूम पर डंकुयैस कंपनी की ई बाइक उपलब्ध है।

# पानीपत में हत्या के मामले को दबाने वाला एसएचओ गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पानीपत पुलिस** के चांदनी बाग थाना के तत्कालीन एसएचओ इंस्पेक्टर कर्मबीर सिंह को पानीपत की ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर पर ब्लैकमेलिंग और एक्सटॉर्शन के अलावा अन्य धाराओं में केस दर्ज है। जिसके बाद से एसएचओ पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। बुधवार देर रात पुलिस की सीआई वन टीम ने एसएचओ को पकड़ लिया है। आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। मामले में नामजद एएसआई सतीश अभी फरार है। जिसकी धरपकड़ में पुलिस की टीमें में जुटी हुई हैं। डीएसपी नरेंद्र कादियान ने कहा कि पूछताछ में कर्मबीर ने बताया की उसे हत्या होने का पता था। आरोपियों से मिलीभगत कर पैसों के लालच में मामले को

**शिकंजा**

**8 एसएचओ पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। बुधवार देर रात पुलिस की सीआई वन टीम ने एसएचओ को पकड़ लिया**

रफा-दफा किया था। इतना ही नहीं तमाम सबूत सीसीटीवी प्रत्यक्षदर्शी को भी मानने से इनकार किया था। यहां तक कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी पसलियां टूटने की बात आई थी। इसे भी दरकिनार कर दिया था। हालांकि पैसे पुलिस के पास आए नहीं थे ये पैसे दलाल के पास रखे थे। बबैल नाका के पास रहने वाले राजू ने बताया था कि 18 दिसंबर 2023 की रात करीब 7 बजे वह साथी आरिफ के साथ खाना खाने के लिए प्रेमी ढाबे में गया था। जहां आरिफ की ढाबे पर वेटर का काम करने वाले चौटाला नाम के युवक से कहासुनी हो गई। बहस बढ? पर चौटाला ने पहले खुद आरिफ से मारपीट की। फिर साथियों को बुलाकर लाठी-डंडों से पिटवाया। मारपीट के बाद आरिफ की मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। मृतक आरिफ के भाई नफीस ने बताया कि वे मामले की शिकायत लेकर पुलिस के पास गए। जहां पुलिस ने परिजनों को कहा कि वे लिख कर दे दें कि आरिफ की बीमारी से मौत हुई है। परिजनों ने कार्रवाई न करने पर एसपी को शिकायत कर दी थी। जिसके बाद एसपी शेखावत ने इसकी जांच सीआईए वन पुलिस टीम से करवाई। जांच के दौरान सीआईए वन की टीम को ढाबे के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मिली। जिसमें आरोपी युवक को पीट रहे हैं। जिससे बाद में उसकी मौत हो गई। यही नहीं युवक का दोस्त भी इसका चश्मदीद था लेकिन पुलिस ने उसकी भी बात नहीं सुनी। इंस्पेक्टर और एएसआई ने कत्ल के चश्मदीद के साथ हत्या के सीसीटीवी फुटेज तक को मानने से इनकार कर दिया था। इस मामले में 12 जनवरी को पानीपत के एसपी अजीत सिंह शेखावत ने दोनों को सस्पेंड किया था। वहीं एएसपी मयंक मिश्रा की शिकायत पर एसएचओ व एएसआई के साथ अनूप उर्फ भांजा, राजेश मलिक, इशांत उर्फ ईशू और अनिल मदान समेत कुल 6 और आरोपियों पर एंटी करप्शन एक्ट की धारा लगाई गई।

### गीता यूनिवर्सिटी के स्वयं सेवकों को पौधरोपण कर संरक्षण की दिलाई शपथ

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**गीता यूनिवर्सिटी** की एनएसएस यूनिट द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में बतौर मुख्यवक्ता पहुंचे ग्रीन मैन प्रो दलजीत कुमार ने स्वयं सेवको से जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण दिन पर पौधरोपण करने का आह्वान किया। इस अवसर छात्रों को घर आँगन में हर्बल नैनो गार्डन बनाने के लिए प्रेरित किया और कहा की पेड़ पौधे हमारे जीवन का मूल है। ऑक्सीजन के लिए पेड़ पोधो के अलावा कोई विकल्प हमारे पास नहीं है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ-साफ वातावरण देने व ऑक्सीजन लेवल को बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है। कार्यक्रम का शुभारंभ जीयू के कुलपति डा विकास सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा नेहा दहिया ने किया। ग्रीन मैन प्रो दलजीत कुमार ने स्वयं सेवकों को निस्वार्थ भाव से समाज व देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की आप प्रकृति के जितना करीब रहोगे आप स्वस्थ्य रहेंगे। अपने आस पास खाली स्थान पर हर वर्ष दो पौधे अवश्य लगाएं। एक पौधा अपने लिए एक पौधा अपनों के लिए। साथ उन्होंने छात्रों को घर आँगन में सिमित जगहों पर हर्बल नैनो गार्डन बनाने के लिए प्रेरित किया। इसमें आप मेडिसिन प्रापर्टी के पौधे लगाकर स्वास्थ्य का लाभ लिया जा सकता है।

# डालनवास में बंद मकान में हुई चोरी, जेवरात व 80 हजार रुपए किए चोरी

**टीम एक्शन इंडिया / महेन्द्रगढ़**
**क्षेत्र के** गांव डालनवास में बंद मकान से अज्ञात चोर लाखों रुपए के जेवरात व 80 हजार रुपये की नकदी चोरी करके ले गए हैं। इस दौरान चोर बच्चे तक का गुल्लक से रुपए भी चोरी करके ले गए हैं। चोरी की सारी गतिविधि मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें चोर गाड़ी में सवार होकर आते हैं और एक व्यक्ति उतरकर घर के अंदर प्रवेश करता हुआ दिखाई दे रहा है। पीड़ित ने पुलिस थाने में शिकायत देकर अपना सामान बरामद करने तथा अज्ञात चोर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है तथा मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार पर जांच की जा रही है। सुमित लांबा ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव डालनवास का निवासी है तथा पिछले 13 वर्षों से भारतीय वायु सेना में कार्यरत है तथा उसकी पोस्टिंग अहमदाबाद में हैं। वह अपने बच्चों सहित अहमदाबाद में ही रहता है। 13 दिसंबर को उसकी माता सुमित्रा देवी हमारा मकान बंद करके उसके पास अहमदाबाद आ गई थी। 14 जनवरी को उसके चचेरे भाई सतीश कुमार ने उसे सूचना दी कि आपका मकान का ताला टूटा हुआ है और अंदर भी सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है। इस सूचना पर वह छुट्टी लेकर अपनी माता सुमित्रा देवी के साथ अपने घर आ गया और घर आकर देखा तो गेट व अंदर कमरों के ताले टूटे हुए थे।

# 'एक्सपो कंपनी का मशीनरी मेला उद्योगपतियों के लिए लाभदायक'

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**अनाज** मंडी पानीपत में होम टैक एक्सपो संचालक कंपनी के निमंत्रण पर भाजपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी व उद्योगपति विजय जैन ने हर साल लगने वाले मशीनरी मेले में पहुंचे। यहां विजय जैन का आयोजकों द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। विजय जैन ने होम टैक एक्सपो कंपनी के मेले की साहराना करते हुए कहा कि यह मेला पानीपत के उद्योगपतियों के लिए बहुत लाभदायक है। इससे पहले पानीपत के उद्योगपतियों को चाइना व अन्य जगहों में आना जाना पड़ता था जिसके चलते उद्योगपतियों का धन व समय व्यर्थ होता था। अब इस मेले के आयोजन से उनको यहीं पर मशीनरी उपलब्ध हो जाती है। इसके लिए उन्होंने कंपनी का आभार प्रकट किया। एक्सपो कंपनी के संचालक राजेश सिन्हा व मैनेजमेंट के लोगों ने विजय जैन से दीप प्रज्वलित कराकर मेले का शुभारंभ कराया तथा शॉल उड़ा कर उनका सम्मान किया।

# शोभा यात्रा को लेकर बैठकों का दौर जारी

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**21 जनवरी** को सायं निकलने वाली शोभा यात्रा को लेकर सांसद संजय भाटिया विभिन्न संगठनों को साथ लेकर जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर रहे हैं और निरन्तर बैठकों का दौर जारी है। इसी को लेकर वीरवार देर सायं तक उन्होंने जिला सचिवालय के सभागार में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया और निर्णय लिया गया कि गांवों में भी विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निमंत्रण भेजा जाएगा। इसका जिम्मा ग्राम सचिवों को सौंपा गया है वे वट्ह्सअप के माध्यम से ई-निमंत्रण उन सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के

**विचार-विमर्श**

**8 संगठनों को साथ लेकर जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर रहे हैं और निरन्तर बैठकों का दौर जारी**

प्रतिनिधियों को देंगे जो गांव से सम्बंध रखती है। गांवों से लोगों के आने-जाने के लिए बसों की व्यवस्था भी की जा रही है। सांसद संजय भाटिया ने कहा कि यह स्वेच्छा का कार्यक्रम है जिसमें श्रद्धालु अपनी इच्छा से भाग लेंगे। उन्होंने सभी जिलावासियों से अपील की कि वे भगवान राम के इस कार्यक्रम में राममयी होने के लिए जरूर पधारें। बैठक में निर्णय लिया गया कि रविवार को बाजार बंद रहेंगे। साथ ही साथ पार्किंग व्यवस्था के लिए भी शुक्रवार सायं तक सूचना सभी लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से दे दी जाएगी। कार्यक्रम में निर्बाद्ध बिजली सेवाएं उपलब्ध रहेगी। इसके लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से अधीक्षण अभियंता धर्मवीर छिक्कारा ने चार एसडीएम व दस जेई तैनात करने के आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से जगह-जगह एम्बुलेंस की तैनाती रहेगी। यही नहीं पांच मेडिकल कैम्प भी लगाए जाएंगे ताकि लोग अपना स्वास्थ्य चैकअप भी करवा सकें।

### नीरू ने शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए मॉडल टाउन बाजार में दिया निमंत्रण

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पानीपत** में 21 जनवरी 2024 को पानीपत के स्काई लार्क से डेरा बाबा जोध सचियार तक राममंदिर के शुभारंभ के उपलक्ष्य में निकाली जा रही भव्य श्री राम मंदिर शोभा यात्रा का आमंत्रण मॉडल टाउन के व्यापारी भाइयों को विधायक प्रमोद कुमार विज की धर्मपत्नी नीरू विज ने व्यापरियों के बीच मे जा कर आमंत्रित किया। नीरू विज ने व्यापरियों को श्रीराम नाम का स्टिकर भी भेट किया एवं खरीदारी करने आए नगर वासियों को श्री राम नाम का स्टिकर देकर 21 को शोभा यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया।

# 'विकसित भारत बनाने के संकल्प में हम सभी मिलकर पूरा करेंगे'

## संकल्प यात्रा जन-कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का माध्यम बनी

**टीम एक्शन इंडिया /संजय शर्मा**
**नारनौल।**
प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि आजादी के बाद जो सपना संजोया गया था उसी के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प में हम सभी मिलकर पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश अनुसार विकसित भारत जन संकल्प यात्रा को प्रदेश में जन-कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का माध्यम बनाया गया है। श्री यादव आज नगर परिषद कार्यालय में विकसित भारत संकल्प



यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।
कार्यक्रम में संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि देश विकसित भारत की राह पर चल पड़ा है हम सबको पूरी निष्ठा के साथ कार्य करना है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में जो विकास का पहिया घूमा है, उससे हम विकसित भारत का संकल्प वर्ष 2047 तक जरूर पूरा कर लेंगे।

**माध्यम**

**8 प्रदेश में जन-कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का माध्यम बनाया गया**

उन्होंने कहा कि सरकार ने आयुष्मान के जरिए गरीब लोगों को बीमार होने पर बल की चिंता से मुक्त करने का कार्य किया है। जिला महेंद्रगढ़ में 4.50 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इस मौके पर मंत्री ओम प्रकाश यादव ने महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी कार्रवाई।

# बाघोत कट मंजूर करवाने के लिए संघर्ष समिति ने डिप्टी सीएम का किया धन्यवाद

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल । पिछले** 311 दिनों से 152-डी एक्सप्रेस-वे पर बाघोत कट बनाने की मांग कर रही संघर्ष समिति ने कट मंजूर करवाने के लिए हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार जताया हैं। जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह चेयरमैन ने कहा कि 4 जनवरी को डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला धरना स्थल पर पहुंचे थे और उन्होंने ग्रामीणों की सुविधा के लिए 152-डी पर बाघोत कट बनवाने का वादा किया। उसके बाद 8 जनवरी को एक प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ में जजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री जी से मिला था तब



उन्होंने आश्वासन दिया था के वो जल्दी ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर कट मंजूर करवाएंगे। विजय सिंह ने कहा कि डिप्टी सीएम के प्रयासों से मात्र 15 दिनों में ही 40 गांवों के ग्रामीणों की मांग पूरी हुई है, इसके लिए संघर्ष समिति उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जजपा नेता अभिमन्यु राव सहित समस्त हरियाणा सरकार का धन्यवाद करती है। इस अवसर पर अभिमन्यु राव के साथ हलका अध्यक्ष कुलदीप कलवाड़ी व पंचायती प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बेदू राता विशेष रूप से मोजूद रहे। विजय सिंह ने कहा कि इस बाघोत कट बनने से जहां आस-पास के क्षेत्र के लोगों को

**आभार**

**8 डिप्टी सीएम धरना स्थल पर पहुंचे थे सुविधा के लिए 152-डी पर बाघोत कट बनवाने का वादा किया था**

राहत मिली है, वहीं इससे क्षेत्र की तरक्की भी बढेगी साथ ही ग्रामीणों का 152 डी पर सफर करना भी आसान होगा।
संघर्ष समिति के सदस्यों ने आज जजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव को धरनास्थल पर बुलाया और उनका जोरदार स्वागत किया गया। उन्हें न केवल सम्मान सूचक पगड़ी पहनाई गई बल्कि मिठाई खिलाकर उनका आभार जताया गया। समिति सदस्यों ने एक सुर में कहा कि जजपा नेता अभिमन्यु राव के अथक प्रयास से ही ये सब संभव हो पाया है।
जजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव ने विशेष रूप से डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का आभार व्यक्त किया और कहा कि दुष्यंत चौटाला के मजबूत प्रयासों से आज बाघोत कट को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी मिली है।
उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला ग्रामीणों के हित के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं और बाघोत कट की मंजूरी इस बात पर मुहर लगाती है। इस दौरान 40 गांवो के ग्रामीणों ने भी डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का धन्यवाद किया।

# गले में चार पेज का सुसाइड नोट लटाकर कारागार के शौचालय में बंदी ने की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला कारागार में उम्रकैद** की सजा काट रहे बंदी ने शौचालय के रोशनदान की ग्रील में फंदे से लटकर अपनी जीवना लीला समाप्त कर ली। बंदी ने शॉल के हिस्से से फंदा तैयार करके उससे लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त की है। शौचालय में शौच के लिए दूसरे बंदी ने फंदे से लटका देखकर प्रशासन को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। डयूटी मस्ट्रिेट के नेतृत्व में पुलिस ने परिजनों को बुलाकर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने मृतक के गले में सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें उसने अपने क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए मानसिक परेशान होना बताया है। सुसाइड नोट में देश के प्रधानमंत्री से आरोपितों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। वहीं दो पेज पर परिजनों को तकलीफ पहुंचाने व उसे माफ करने की बात कही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।
उत्तर प्रदेश के जिला हापुड़ के गांव कनौर निवासी प्रभुदयाल (27) हत्या के मामले में जिला कारागार में बंद था। अदालत ने उसे हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। बृहस्पतिवार सुबह शौचालय में जाने के लिए कारागार के नंबरदार से चाबी ली। उसके बाद शौचालय में चला गया। कुछ देर बाद देवेंद्र नाम का बंदी शौचालय में पहुंचा। जहां उसने प्रभुदयाल का शव लटका हुआ देखा। मामले को लेकर नंबरदार को अवगत करवाया। उसके बाद जिला कारागार को सूचना दी गई। सूचना के बाद कारागार प्रशासन ने पुलिस व मजिस्ट्रेट को सूचना दी। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्रभुदयाल के गले में बंधा हुआ सुसाइड बरामद किया है। उसने हाथ पर परिवार से माफी मांगते हुए उसे भूलने की बात लिखी है।
साथ ही हापुड़ जिले के प्रशासनिक अधिकारियों पर लापरवाही बरतने की बात लिखी हुई है। कारागार प्रशासन ने उसके परिजनों को अवगत कराया। जिसके बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# फिर ईडी के सामने पेश नहीं हुए केजरीवाल

## प्रवर्तन निदेशालय को खत लिखकर सीएम अरविंद केजरीवाल ने इसे राजनीतिक समन बताया

**ईडी को घेरा**

8 एक बार फिर यह आरोप लगाया है कि बीजेपी का मकसद उनको गिरफ्तार करना है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी के चौथे समन पर पर अपना जवाब भेज दिया है। इसके साथ ही यह साफ हो गया है कि वह चौथे समन पर भी पूछताछ में शामिल नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय को खत लिखकर केजरीवाल ने इसे राजनीतिक समन बताया है। उन्होंने एक बार फिर यह आरोप लगाया है कि बीजेपी का मकसद उनको गिरफ्तार करना है। केजरीवाल ने अपने जवाब में एक बार फिर यह आरोप लगाया है कि उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए यह समन भेजे जा रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने गुरुवार को पेश नहीं हुए। ईडी ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए तीसरी बार समन भेजा था। वहीं इस पूरे मामले पर मुख्यमंत्री केजरीवाल की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने ईडी के समन को राजनीतिक बदले की भावना करार दिया है। उन्होंने कहा कि ईडी वाले लोगों को मार-मारकर झूठे बयान ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईडी ने मुझे चौथा नोटिस भेजा है। इसमें उन्होंने कहा कि वह 18 जनवरी या 19 जनवरी को उनके समक्ष पूछताछ के लिए उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि ये सभी चार नोटिस गैरकानूनी और अवैध हैं। जब पहले ऐसे नोटिस ईडी के द्वारा भेजे जाते थे, तब इन सभी को कोर्ट द्वारा नकार दिया जाता था। ये नोटिस और कुछ नहीं है बल्कि राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्रवाई है।

उन्होंने कहा कि यह जांच पिछले दो साल से चल रही है। इन दो सालों में इन्हें कुछ नहीं मिला। लोकसभा चुनाव के दो महीने पहले अचानक मुझे नोटिस भेजकर क्यों बुलाया जाता है? ईडी को भाजपा चला रही है। इनका मकसद है कि यह सब कर-के केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने से रोको। चारों तरफ बीजेपी वाले घूम-घूमकर कह रहे हैं कि केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगे। उन्हें यह कैसे पता? मैंने ईडी को जवाब दे दिया है।

**गिरफ्तार करने की पार्टी ने जताई थी आशंका:** बता दें, सीएम केजरीवाल को पूछताछ के लिए बीते तीन बार नोटिस भेजा जा चुका है, लेकिन वह कभी भी उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने कई बार ईडी को चिट्ठी लिखकर पूछा कि वह उन्हें किस हैसियत से बुला रहे हैं। ईडी उन्हें गिरफ्तार करना चाहती है ताकि वह आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचार न कर सकें। केजरीवाल ने इससे पहले दो नवंबर और 21 दिसंबर और तीन जनवरी के तीन समन पर ईडी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया था।

**जब केजरीवाल आरोपी नहीं तो समन और गिरफ्तारी क्यों..?**
इस मामले में आम आदमी पार्टी ने भी सवाल उठाए हैं कि प्रवर्तन निदेशालय ने लिखा है कि केजरीवाल आरोपी नहीं, फिर समन और गिरफ्तारी क्यों करना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी ने इसको लेकर कहा है कि जो नेता भ्रष्ट होते हैं वो बीजेपी में चले जाते हैं, उनके मामले बंद कर दिये जाते हैं।

### 'आप के नेता सुंदरपाठ का कर रहे ढ़ोंग'

**बीजेपी** प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और उनकी पार्टी के नेता सुंदरकांड के पाठ का ढोंग कर रहे हैं। उन्हें भगवान राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारना चाहिए। इंडिया गठबंधन में सभी भ्रष्टाचारी एकत्र हो गए हैं, लेकिन वह बचेंगे नहीं। जांच एजेंसियां ईमानदारी से काम कर रही है। कांग्रेस के शासनकाल की तरह सीबीआई अब पिंजरे का तोता नहीं है। अब वह तथ्यों के आधार पर आरोप की जांच करती है, जिसे जांच में भेदभाव लगता है। वह अदालत जाने के लिए स्वतंत्र हैं।

### जेल जाएंगे सीएम केजरीवाल': बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ईडी** के चौथे समन पर भी पूछताछ के लिए नहीं जाने पर भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आड़े हाथों लिया है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि केजरीवाल संभावित गिरफ्तारी से डरे हुए हैं। उनमें इतनी हिम्मत भी नहीं बची है कि ईडी के सामने जाकर उसके प्रश्नों का जवाब दे सकें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि केजरीवाल को भ्रष्टाचार सिखाने का कोचिंग सेंटर खोलना चाहिए। उनकी सरकार स्कूलों में शौचालय को क्लासरूम बताती है, बस खरीदने में घोटाला करती है। गाड़ी- बंगला नहीं लेने की बात करने वाला अपने सरकारी आवास पर गलत तरीके से करोड़ों रुपये खर्च कर देता है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार हुआ है कि भ्रष्टाचार का आरोपित



जांच एजेंसी के प्रश्नों का जवाब देने की जगह उल्टा उसी से प्रश्न पूछ रहा है। ईडी से पूछ रहा है कि वह समन वापस लेगा या नहीं। जांच एजेंसियों पर झूठे आरोप लगा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।'

**'चौथे समन में भी ईडी के सामने नहीं गए':** ईडी ने पहला समन भेजकर उन्हें दो नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया था। चौथा समन पर उन्हें 18 जनवरी को ईडी के सामने पेश होना था। इन ढाई माह में केजरीवाल अदालत जा सकते थे, लेकिन नहीं गए क्योंकि उन्हें सच्चाई मालूम है। मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को वह कट्टर ईमानदार बताते थे परंतु अदालत से उन दोनों आरोपितों को जमानत नहीं मिल रही है।

**शराब घोटाले में उनका जेल जाना निश्चित':** उन्होंने कहा कि केजरीवाल जानते हैं कि उनका भविष्य अंधकारमय है। आबकारी घोटाला में उनका जेल जाना निश्चित है, इसलिए अदालत जाने कि जगह जांच एजेंसी को पत्र लिखकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं।

# इंडी गठबंधन से भाजपा डर गईः राघव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**2024** से पहले 18 जनवरी यानी आज चंडीगढ़ में होने वाले मेयर इलेक्शन को इंडी गठबंधन लोकसभा का सेमीफाइनल कह रहा है। पीठासीन अधिकारी की तबीयत अचानक बिगड़ जाने के चलते चुनाव रोक दिए गए हैं। चुनाव रुकने के बाद से ही आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेता भाजपा पर चुनाव रोकने की साजिश का आरोप लगा रहे हैं। उनका आरोप है कि इंडी गठबंधन से भाजपा इतना डर गई है कि वह चुनाव रोकने के हथकंडे अपना रही है।

आप सांसद राघव चड्ढा चुनाव रुकने से काफी नाराज दिखे। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, वह दिन दूर नहीं जब भाजपा इतनी बीमार हो जाएगी कि लोकसभा 2024 के चुनाव से भागना पड़ जाए। वह आगे बोले, कांग्रेस और आप ने यह निर्णय



लिया है कि हम सब हाईकोर्ट का दरवजा खटखटाएंगे और न्याय की गुहार लगाएंगे कि मेयर चुनाव हो, जिसमें साफ तौर पर इंडी गठबंधन जीत रहा है।

**'लोकसभा चुनाव में भाजपा का क्या हश्र होगा...'** राघव आगे बोले, आप सोचिए कि ये तो छोटा सा चुनाव है, जब लोकसभा चुनाव होगा तो भाजपा का क्या हश्र होगा। राघव ने कहा कि हम तो यही चाहते हैं कि इलेक्शन आज होना था तो आज ही हो, अगर एक अधिकारी बीमार है तो दूसरा अधिकारी उपलब्ध कराया जाए। भाजपा ने पहले पीठासीन अधिकारी को बीमार किया अब इलेक्शन रोक दिया। यह साफ दिखाता है कि कायर बीजेपी इंडी गठबंधन के हाथों अपनी हार देखकर डर गई।


राघव ने कहा कि भाजपा बच्चे जैसा बरताव कर रही है। वो बच्चा जो गली क्रिकेट में आउट होने के बाद अपना बल्ला लेकर चली जाती है कि अब मैच नहीं होगा। राघव ने आरोप लगाया कि आज वह लोग समय से आकर मतदान स्थल के अंदर जाना चाहते थे जिसके लिए उनके पास पास भी थे, पर वह अंदर नहीं जा सके।

उन्हें बताया गया कि अचानक से पीठासीन अधिकारी की तबीयत खराब हो गई है।

## '22 जनवरी को दिल्ली के स्कूल में हो अवकाश'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
22 जनवरी को भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर देश के विभिन्न राज्यों में स्कूल-कालेज बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन राजधानी में ऐसा नहीं है, इसलिए कई स्कूल इसे लेकर अपनी मांग रख रहे हैं। इस क्रम में जीटीबी नगर के सर्वोदय कन्या विद्यालय के स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से यह मांग की गई है कि भगवान श्रीराम के अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के दिन दिल्ली के शिक्षकों, छात्रों को अवकाश घोषित किया जाए ताकि वह भी इस पावन दिन को अपने घर, मंदिर व प्रांगण में भव्यता से मना सकें।

# चौथाई राशि ही खर्च कर पाई दिल्ली, लक्ष्य है कोसों दूर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पिछले पांच** वर्षों में, पीएम 2.5 के स्तर में लगभग 5.9 की गिरावट के बावजूद, दिल्ली अभी भी राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत तय लक्ष्य हासिल करने से कोसों दूर है। देश के 92 शहरों की सूची में से दिल्ली अभी भी सबसे प्रदूषित शहर है। यह जानकारी एनसीएपी के पांच वर्ष की रिपोर्ट के आधार पर क्लाइमेट ट्रेंड्स और रेस्पिरर लिविंग साइंसेज द्वारा तैयार विश्लेषण से सामने आई है। इसके लिए आंकड़े देश भर में लगे हुए रियल टाइम एयर क्वालिटी मानिटरिंग स्टेशनों से लिए गए हैं।

**खर्च हुए सिर्फ 10.77 करोड़:** विश्लेषण में केंद्र सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया है कि एनसीएपी के तहत केंद्र द्वारा दिल्ली को दिए गए 38.21 करोड़ रुपये में से केवल 28 प्रतिशत यानी 10.77 करोड़ रुपये का ही उपयोग किया जा सका है। खबर लिखे जाने तक इस संदर्भ में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) से कोई पक्ष नहीं मिला था। विश्लेषण बताता है कि 2023 में दिल्ली की वार्षिक औसत पीएम 2.5 सांद्रता 102 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर थी, जो 92 शहरों की सूची में सबसे अधिक थी। इस सूची में फरीदाबाद, गाजियाबाद, नोएडा और मेरठ एनसीआर के अन्य शहर भी हैं, जो 2023 में पीएम 2.5 के मामले में शीर्ष 10 की सूची में शामिल थे।

### 2022 की तुलना में 2023 में अधिक प्रदूषित हवा

**राष्ट्रीय** राजधानी में 2022 की तुलना में 2023 में अधिक प्रदूषित हवा देखी गई जब वार्षिक औसत पीएम 2.5 स्तर 99.5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था। अलबत्ता, यह वर्ष 2019 में दर्ज किए गए औसत 108.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से 5.9 प्रतिशत कम है। पीएम 10 के स्तर के संदर्भ में, दिल्ली में 3.9 प्रतिशत का छोटा सुधार देखा गया। 2019 में 216.8 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से वर्ष 2023 में 208.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर हो गया। विश्लेषण रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम द्वारा निर्धारित 40 प्रतिशत कटौती के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। एनसीएपी, जिसे देश में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 2019 में लांच किया गया था।

# घर खाली करने का नोटिस मिला तो महुआ फिर पहुंची हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सरकारी आवास** खाली करने के 16 जनवरी के ताजा आदेश को लोकसभा से निष्कासित की गई तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इस पर अदालत में सुनवाई हो सकती है। इससे पहले महुआ मोइत्रा ने पूर्व में जारी किए गए आवास खाली करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका चार जनवरी को वापस ले ली थी।

**महुआ ने इसलिए वापस ली थी याचिकाः** महुआ ने कहा था कि इस संबंध में वह संपदा निदेशालय से संपर्क करके लोकसभा चुनाव तक आवास में रहने की अनुमति देने का अनुरोध करेंगी। मोइत्रा का बयान सुनने के बाद न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा



था कि सरकार कानून के तहत निर्णय करे।

**लोकसभा चुनाव तक के लिए मांगी मोहलतः** मोइत्रा ने आगामी लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक सरकारी बंगले में रहने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग की है। उनका तर्क है कि इस समय वैकल्पिक भवन की तलाश करना मुश्किल होगा।

# 'बीजेपी नेताओं के वादों का पर्दाफाश करेगी कांग्रेस'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने जिला अध्यक्षों के साथ बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार रहने का आह्वान किया है। साथ ही सातों भाजपा सांसदों के वायदों बनाम विफलताओं को उजागर करने के लिए भी कहा है

**भाजपा सांसदों ने नहीं किया जनहित का काम- कांग्रेसः** लवली ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अपने आवास पर सभी जिला अध्यक्षों की बैठक बुलाई। उन्होंने जिला अध्यक्षों से कहा कि लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर पूरी तरह सक्रिय होकर तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में सातों भाजपा



सांसदों द्वारा जनहित में कोई काम नही किया और उनकी कार्यशैली में पूर्ण निष्क्रियता रही।

पार्टी कार्यकर्ताओं को इनकी निष्क्रियता और दोहरे मापदंड की नीति को उजागर करना होगा। लवली ने कहा कि अब समय आ गया है कि जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने के लिए पूरी ताकत से सड़कों पर उतर कर भाजपा सांसदों तथा अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बेनकाब करना चाहिए।

**कांग्रेस सरकारों ने हमेशा पूरा किया अपना वादा- लवलीः** उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को दिल्ली के लोगों को कांग्रेस द्वारा किए गए विकास और कल्याणकारी कार्यों के बारे में याद दिलाना होगा, क्योंकि जब कांग्रेस दिल्ली में सत्ता में थी तब दिल्ली का अभूतपूर्व चहुमुखी विकास हुआ था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने हमेशा अपने वादों को पूरा किया है, चाहे पार्टी केंद्र में सत्ता में हो या दिल्ली में। बैठक में शामिल होने वाले जिला अध्यक्षों में पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार, जुबैर अहमद, मदन खोरवाल, गुरुचरण सिंह राजू, एडवोकेट मनोज यादव, मिर्जा जावेद अली, आदेश भारद्वाज सहित एमसीडी में सदन के पूर्व नेता जितेंद्र कुमार कोचर, अमित मलिक, पूर्व निगम पार्षद जय किशन शर्मा, लक्ष्मण रावत एवं राजीव शर्मा शामिल थे।

**तैयारी**

8 साथ ही सातों भाजपा सांसदों के वायदों बनाम विफलताओं को उजागर करने के लिए भी कहा

# 'प्रा[]प्रतिष्ठा' को लेकर बैंड पार्टी की चांदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** पारंपरिक शादी के बैंड्स 22 जनवरी के दिन पूरी तरह व्यस्त रहेंगे। दरअसल, अयोध्या में राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मनाने के लिए शहर भर के मंदिरों में सैकड़ों उत्सव कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। इसी के चलते इन्हें सजाने के लिए इन शादी के बैंड्स की बुकिंग की गई है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट के अनुसार, 22 जनवरी को दिल्ली में भक्ति एवं उत्सव के उत्साह को बढ़ाने के लिए भक्ति गीत और भजन प्रस्तुत करने के लिए शादी के बैंड बुक किए गए हैं। बाजारों और मंदिरों में 1,500 से अधिक ऐसे आयोजन होंगे। बता दें कि शादी के उत्सव के



शुरू होते ही दिल्ली में बैंड पार्टी की डिमांड बढ़ जाती है। वहीं इन दिनों बैंड की बुकिंग के लिए कई गुना डिमांड बढ़ गई है। यह डिमांड रेगुलर सीजन की तुलना में कहीं अधिक है। इसके बावजूद वे उन सभी को समेटने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

**बैंड पार्टी की डिमांड 50-60 प्रतिशत बढ़ीः** जिया बैंड के मालिक सत्या अनिल थडानी ने कहा, "इस साल 'राम बारात' निकाले जाने के कारण ढोल और बैंड बाजा की मांग में काफी वृद्धि देखी गई है। हम अपना दिन सुबह 4 बजे शुरू करेंगे। छोटे और बड़े दोनों बैंड तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 21 और 22 जनवरी की मांग को पूरा करने के लिए बैंड के सदस्यों को कई टीमों में बांटा गया है। उन्होंने कहा कि शादी के बैंड की डिमांड इस साल 50 से 60 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

**विशेष गीतों के अभ्यास में जुटे बैंड के लोगः** वहीं राजधानी बैंड के एक सदस्य ने कहा, "22 जनवरी को कई कार्यक्रमों के कारण हम पूरी तरह से बुक हैं।

# धोनी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के दो पूर्व बिजनेस पार्टनर्स ने उनके विरुद्ध दायर मानहानि मामले में सुनवाई दिल्ली हाई कोर्ट ने 29 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह की पीठ ने साथ ही मुकदमे के संबंध में वादी को धोनी को सूचित करने को कहा। वादी और पूर्व बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास ने धोनी के साथ ही कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म और मीडिया घरानों के खिलाफ स्थायी निषेधाज्ञा के साथ ही हजार्ना देने का निर्देश देने की मांग की है। महेंद्र सिंह धोनी एक भारतीय पेशेवर क्रिकेटर हैं। क्रिकेट के शानदार विकेटकीपर-बल्लेबाजों और कप्तानों में गिना जाता है। उन्होंने इंडियन क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व किया। वह 2007 से 2017 तक वनडे में और 2008 से 2014 तक टेस्ट क्रिकेट में टीम के कप्तान रहे।

**सुनवाई**

8 दिल्ली हाईकोर्ट में 29 जनवरी को होगी मामले की सुनवाई

# नीलम अजाद को जमानत देने से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली की एक** अदालत ने गुरुवार को बीते साल 13 दिसंबर को संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में छह आरोपियों में से एक नीलम आजाद को जमानत देने से इनकार कर दिया। पटियाला हाउस कोर्ट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने मंगलवार को फैसला सुरक्षित रखने के बाद गुरुवार को फैसला सुनाया। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को नीलम आजाद की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि सामग्री और उपलब्ध साक्ष्य अपराध में उसकी संलिप्तता को दशार्ते हैं। इस कारण वह जमानत पर रिहाई के लिए अयोग्य हो जाती हैं। पुलिस ने तर्क दिया था कि आरोपी के खिलाफ



**खारिज**

8 जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि सामग्री और उपलब्ध साक्ष्य अपराध में उसकी संलिप्तता को दर्शाया था

उचित आधार हैं और चल रही कार्रवाई में लगातार पूछताछ की जा रही है, इसलिए जमानत से इनकार किया जाना चाहिए। आरोपी के कथित प्रभाव और शक्ति का हवाला देते हुए पुलिस ने जमानत पर रिहा होने पर जांच एजेंसी पर संभावित प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की थी।

**अनुच्छेद 22 के उल्लंघन का दिया था हवालाः** जमानत के फैसले में प्रासंगिक विचारों के साथ-साथ अपराध की प्रकृति और गंभीरता पर जोर दिया गया था। बता दें, आजाद ने दिल्ली पुलिस की हिरासत से तत्काल रिहाई की मांग की थी। अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए उन्होंने कहा था कि यह संविधान के अनुच्छेद 22 (1) का उल्लंघन है।

# तेज रफ्तार बस का कहर, बच्ची की कुचलने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दक्षिणी पूर्वी दिल्ली में गुरुवार को 12 वर्षीय लड़की को एक स्कूल बस ने टक्कर मार दी। इससे नाबालिग की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा तड़के सुबह हुआ है। मामले में कार्रवाई करते हुए बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को सुबह 08:33 बजे सरिता विहार पुलिस स्टेशन में जनता फ्लैट्स रोड पर बड़ी दुर्घटना के बारे में सूचना मिली। पता चला है कि मदन पुर खादर की रहने वाली 12 वर्षीय काजल को एक स्कूल बस ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पीड़िता



के पिता फरजान सरिता विहार में फल की दुकान करते हैं। पुलिस ने पिता की शिकायत पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी बस ड्राइवर विनोद को गिरफ्तार कर लिया गया है। ड्राइवर उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर का रहने वाला है।

# दिल्ली मेट्रो बनी लोगों की पहली पसंद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली मेट्रो में इन** दिनों कोरोना से पहले की तुलना में अधिक यात्री सफर करने लगे हैं। इस वजह से मेट्रो में पहली बार साल भर में सफर करने वाले यात्रियों की यात्राएं 200 करोड़ (दो अरब) के पार पहुंच गई है, जो अब तक सर्वाधिक है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

डीएमआरसी की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 में कोरोना से पहले मेट्रो में वर्ष भर में 185 करोड़ यात्राएं यात्रियों ने मेट्रो में की थी। तब मेट्रो में प्रतिदिन 50.5 लाख यात्राएं (पैसेंजर जर्नी) करते थे। इसका कारण यह है कि फेज तीन के पिंक लाइन (मजलिस पार्क-शिव विहार) और मजेंटा लाइन



(बॉटेनिकल गार्डन-जनकपुरी पश्चिम) कॉरिडोर पर मेट्रो का परिचालन शुरू होने से मेट्रो में यात्रियों की संख्या बढ़ी थी। लेकिन मार्च 2020 में कोरोना का संक्रमण शुरू होने के कारण लंबे समय तक मेट्रो का परिचालन बंद रहा था।

**कोरोना के बाद यात्रियों की घटी संख्याः** बाद में मेट्रो का परिचालन शुरू होने पर भी मेट्रो में एक सीट छोड़कर यात्रियों के बैठने की व्यवस्था थी। इस वजह से बहुत कम क्षमता के साथ मेट्रो का परिचालन हो रहा था। इस वजह से मेट्रो में यात्रियों की संख्या घट गई थी। लेकिन पिछले वर्ष 2023 में प्रतिदिन 55.7 लाख यात्राएं यात्रियों ने की। इससे वर्ष भर में मेट्रो में करीब 203 करोड़ यात्राएं यात्रियों ने की।

**जनवरी में 67 लाख यात्राएं हुईः** मौजूदा समय में एनसीआर में मेट्रो का नेटवर्क 393 किलोमीटर व 288 मेट्रो स्टेशन है, जिसमें गुरुग्राम का रैपिड रेल कॉरिडोर और नोएडा का एक्वा लाइन शामिल है। इस बार पहली जनवरी को मेट्रो में 67 लाख यात्राएं यात्रियों ने की थी।

**रिकॉर्ड**

8 एक साल में सर्वाधिक 200 करोड़ बार हुई यात्रा; इस जनवरी में भी बना नया रिकॉर्ड

# घर के बाहर खड़ी मारुति अर्टिगा कार उड़ा ले गए चोर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** में लूट और चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक के बाद एक चोरी लूट की घटनाएं सामने आ रही हैं। पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर में डी पार्क के पास एक घर के बाहर खड़ी मारुति अर्टिगा कार चोर हो गई। अर्टिगा कार हरियाणा नंबर की है। शिकायत पर पुलिस ने चोरी की धारा में एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस शिकायत के अनुसार, पीड़ित विकास भारती पुत्र महावीर प्रसाद ने बताया कि उनकी नंबर की अर्टिगा कार पांडव नगर में डी पार्क के पास दुर्गा डिपार्टमेंटल स्टोर पर 15-16 जनवरी की रात में खड़ी



थी।

उन्होंने बताया कि डी पार्क के नजदीक स्थित शिव शक्ति मंदिर के सामने से खड़ी अर्टिगा कार रात में चोरी हो गई थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आईपीसी की धारा 379 के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस कार की तलाश में जुटी हुई है।

# मंदिरों में स्वच्छता अभियान के साथ वॉल पेंटिंग का किया आगाज

## 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर में प्रधानमंत्री मोदी करेंगे रामलला की मूति की प्राण प्रतिष्ठा: रमेश कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सांसद रमेश** कौशिक और भाजपा के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने सोनीपत जिला में मंदिरों में स्वच्छता अभियान के साथ वॉल पेंटिंग अभियान का आगाज किया। उन्होंने जीवीएम गर्ल्स कालेज के निकट श्री रूद्राक्ष शिवालय मंदिर में पूजन करते हुए साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।



शिवालय में सांसद रमेश कौशिक व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने गणमान्य व्यक्तियों के साथ पूजा-अर्चना करते हुए लोगों को अयोध्या में राममंदिर व श्रीराम के दर्शनों का निमंत्रण दिया। साथ ही उन्होंने मंदिर परिसर में झाडू भी लगाई। सांसद कौशिक ने कहा कि जिलाध्यक्ष दोदवा के नेतृत्व में आज से जिला में मंदिरों में स्वच्छता अभियान और वॉल पेंटिंग अभियान की शुरूआत की गई है। इन कार्यों में कार्यकताओं के साथ लोगों को बढ़-चढकर हिस्सा लेना चाहिए। सांसद कौशिक ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठ्दा करेंगे। यह ऐतिहासिक दिवस होगा। उन्होंने मंदिर के पुजारियों के साथ आम जनमानस को प्रोत्साहित किया कि वे प्राण प्रतिष्ठ्दा कार्यक्रम के उपरांत अयोध्या जाकर श्रीराम के दर्शन अवश्य करें। हम श्रीराम से ही हैं, जिनके बिना हमारा जीवन अधूरा है। हमें मंदिरों के साथ अपने कार्यक्षेत्र तथा आसपड़ोस को भी स्वच्छ बनाना होगा। इसके लिए

**सफाई**

**8 श्री रूद्राक्ष शिवालय मंदिर में पूजन करते हुए साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया**

एकजुटता के साथ स्वच्छता अभियान में हिस्सा लें।

वॉल पेंटिंग अभियान के शुभारंभ अवसर पर राई हलका विधायक मोहनलाल बड़ौली ने श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की अग्रिम बधाई दी।

साथ ही उन्होंने कहा कि वॉल पेंटिंग के माध्यम से जन-जन को सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों की जानकारी मिलेगी। इसलिए हर कोई अपने स्तर पर भी वॉल पेंटिंग करवायें।

भाजपा के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने स्वच्छता अभियान और वॉल पेंटिंग अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि इन अभियानों को जन-जन का अभियान बनाना है। मंदिरों में सफाई का अवसर भाग्य से मिलता है, जिसे चूकना नहीं चाहिए। अयोध्या में राममंदिर में होने जा रही प्राण प्रतिष्ठ्दा समारोह के अंतर्गत यह आयोजन किया जा रहा है। हम सबको मिलकर मंदिरों की सफाई करनी चाहिए और सदैव स्वच्छ रखना चाहिए। स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनायें। इस संदेश को जन-जन तक पहुंचायें। साथ में वॉल पेंटिंग अभियान में भी मिल-जुलकर हिस्सा लें।

# 'पीएम मोदी ने जो कहा है, वो किया'

## सोनीपत विधानसभा पहुंचीं अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण यात्रा

**निमंत्रण**

**8 यात्रा के तहत शहर के प्रमुख स्थानों पर लोगों को प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण दिया गया**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**प्रदेश भाजपा** नेता अमित बिंदल के नेतृत्व में अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण यात्रा वीरवार को सोनीपत विधानसभा पहुंचीं। यात्रा के तहत शहर के प्रमुख स्थानों पर लोगों को प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण दिया गया। इसके साथ ही पांच दीये राम के नाम अभियान के तहत दीये वितरित किए गए। यह यात्रा अब तक खरखौदा, गन्नौर, गोहाना, राई विधानसभा कवर कर चुकी है। शहर के प्रमुख स्थानों पर यात्रा लेकर पहुंचें भाजपा नेता अमित बिंदल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का आगमन प्रत्येक भारतीय के लिये आनंद का विषय है। सालों से जिस भगवान राम की कथाएं सुनकर हम लोग बड़े हुए हैं, उस भगवान श्रीराम को उनके स्थान पर विराजा जा रहा है।

सैंकड़ों सालों से जिस राम मंदिर का सपना लेते हुए हमारे बुजुर्ग नहीं, उस राम मंदिर को हम लोग अपनी आंखों से देखेंगे। अमित बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही इस सपने को हकीकत में बदला है। इसीलिये कहा जाता है कि मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा है, वो किया है।

## न्यूज फ्लैश

### नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं ने कहा- नशा मुक्त भारत में सहयोग करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्री शशांक कुमार सावन साहब के आदेशानुसार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन नशे के विरुद्ध युवा पीढ़ी को जागरूक कर रहे हैं। वे आज अम्बाला जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भारंपुर में पहुंचे हुए थे। संस्थान में 70 वां एक दिवसीय नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि प्रतिबंधित नशा हमारे देश की युवा पीढ़ी के लिए अभिशाप है जो अधिकतर अन्य देशों से आ रहा है। यद्यपि भारी मात्रा में ड्रग्स पकड़ी जा रही है, अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है, बड़े नशा तस्करों की अवैध सम्पतियों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है तथापि जागरूकता एक ऐसा शस्त्र है जो सोई हुई मानवता और देश के प्रति निष्ठा को जगाने का काम करता है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 के अधिवेशन में यह स्पष्ट किया गया था कि नशे को समाप्त करने के लिए दोनों प्रकार से काम करने की आवश्यकता है। ब्यूरो अधिकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार अधिकतर 90 प्रतिशत अपराधों की जड़ केवल और केवल नशा है। इस विषय पर उन्होंने युवाओं से ही समाधान ढूंढ़ने को कहा और वातालर्प के माध्यम से उन्हें नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। नशे के कारण, निवारण और समाधान पर चर्चा करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि विधि अनुसार प्रतिबंधित नशा रखना, सेवन करना, क्रय विक्रय करना, उत्पादन करना और ऐसे कार्य में किसी की सहायता करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित एवं दंडनीय है। डॉ. वर्मा ने बताया कि नशा मुक्त समाज के लिए हरियाणा सरकार बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य भी कर रही है। यदि कोई व्यक्ति नशे का शिकार हो चूका है और नशा छोड़ना चाहता है तो वह नागरिक अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र में निशुल्क उपचार करा सकता है। उन्होंने बताया कि वे अब तक 540 से अधिक युवाओं का निशुल्क उपचार करा चुके हैं। उन्होंने महिला प्रशिक्षण संस्थान में अपने वक्तव्य में नारी शक्ति को कहा कि रक्षा बंधन और भाई दूज के त्यौहार पर बहने अपने भाई से जीवन में नशा न करने का वचन लें और यही उनके लिए शगुन होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित विद्यार्थियों ने हृदय पर हाथ रखकर शपथ ली कि वे जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और अन्य लोगों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करेंगे। यदि कोई नशे का कारोबार करता है तो इसकी सूचना 9050891508 पर देंगे। इस अवसर पर जीआई महेश चंद्र, समाजसेवी गौरव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



### लोक सेवक की भावना से प्रेरित होकर कार्य करें अधिकारी व कर्मचारी : डीएस यादव

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल ।** राज्य के सरकारी अधिकारी व कर्मचारी जब कार्यालय में हो तो वह यह सोचकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें कि वे लोक सेवक हैं। यह बात मिशन कर्मयोगी हरियाणा के जिला महेंद्रगढ़ के नोडल ऑफिसर डीएस यादव ने आज नारनौल स्थित राजकीय आदर्श संस्कृती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रशिक्षण के समापन दिवस पर संबोधित करते हुए कही। यह प्रशिक्षण 5 जनवरी से सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए आरंभ हुआ था।

नोडल अधिकारी डीएस यादव ने कहा कि यदि कोई नागरिक आपके पास अपनी समस्या का समाधान करवाने आता है तो वह सबसे पहले उसका विनम्रता एवं शिष्टाचार से स्वागत करें और उसकी समस्या का समाधान करने का प्रयास करें। ऐसा करते समय अधिकारी व कर्मचारी यह चिंतन करें कि वे लोक सेवक हैं और नागरिकों की सेवा के लिए ही सरकार ने उनको नियुक्त किया है।

# वाहन चालकों को बड़ी राहत, पेटीएम से भर सकेंगे चालान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) यातायात व्यवस्था** को सुचारू बनाए रखने के लिए जहां पुलिस ने मोबाइल चालान शुरू किए हैं वहीं अब पेटीएम के माध्यम से चालान भरने की सुविधा भी हरियाणा पुलिस ने शुरू कर दी है। पहले ये चालान केवल नकद राशि के माध्यम से ही भरे जाते थे। अम्बाला पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि हरियाणा पुलिस की तरफ से आमजन को पेटीएम ऐप की सहायता से ट्रैफिक चालान का भुगतान करने की सुविधा प्रदान की गई है। पहले ये यातायात चालान केवल नकद तरीके से भुगतान होता था। जब चालक ट्रेफिक नियमों की अवहेलना करते हैं तो विवादों से बचने और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा यातायात पुलिस की तरफ से यह पहल की गई है। पुलिस ने पहली बार किया ऑनलाइन भुगतान स्वीकार एसपी जशनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि यातायात पुलिस ने पहली बार जुमार्ने की राशि के लिए ऑनलाइन भुगतान स्वीकार करना शुरू किया है। यह भुगतान पेटीएम ऐप के माध्यम से कर सकते हैं। इस पहल के पीछे यह सोच है कि चालानों को चुकाने का सबसे आसान तरीका डिजिटल भुगतान है। आजकल आमजन किसी भी लेनदेन के लिए नकद राशि की तुलना में ऑनलाइन भुगतान को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे होगा चालान का भुगतान पेटीएम से चालान भरने के लिए अपने स्मार्टफोन पर पेटीएम ऐप के माध्यम से अपने चालान का भुगतान करने के लिए ऐप्लीकेशन खोलकर शुरूआत करें। रिचार्ज और बिल भुगतान अनुभाग का चयन करेंए चालान का पता लगाने और चयन करने के लिए नीचे स्क्रॉल करेंए दिखाई देने वाले विकल्पों में से प्रासंगिक यातायात प्राधिकरण के रूप में हरियाणा ट्रेफिक पुलिस चुनेंए आवश्यक विवरण दर्ज करेंए जैसे आपका चालान नंबरए वाहन पंजीकरण नंबर या ड्राइविंग लाइसेंस नंबर।



# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 21 को निकाली जाएगी चरण पादुका यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल ।**

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आगामी 21 जनवरी रविवार को भव्य चरण पादुका एवं निशान यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर वीरवार को तालाब बहादुर सिंह रोड़ ?स्थित सीताराम मंदिर में एक बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया की चरण पदुका एवं निशान यात्रा 21 जनवरी को सुबह दस बजे हुडा सेक्टर एक के चमत्कारी बालाजी मंदिर से शुरू होकर खलाढ़ा वाले हनुमान मंदिर में जाकर संपन्न होगी। इस चरण पादुका यात्रा के मुख्य यजमान संयोजक अजय गुप्ता होंगे। इसके अलावा नगर धार्मिक संस्था श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल एवं श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ के संरक्षक गुरुजी सांवरमल गोयल व प्रधान आचार्य क्रांति निर्मल के पावन सानिध्य में यह शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा मे भगवान राम की चरण पादुका के साथ सभी भगवान राम का निशान लेकर चलेंगे। शोभायात्रा में बैंडबाजे, भगवान राम का दरबार व जगह-जगह पुष्पवर्षा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।

# 'एब्सट्रैक्ट एंड रिसर्च पेपर कैसे लिखें' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिह )**

**गीता** इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, पानीपत की अनुसंधान समिति ने एलएल.बी., बीए.एलएल.बी. (ऑनर्स) और बीबीए.लएल.बी. के दूसरे सेमेस्टर के लिए "एब्सट्रैक्ट एंड रिसर्च पेपर कैसे लिखें?" विषय पर सफलता पूर्वक एक कार्यशाला का आयोजन किया है। कार्यशाला के लिए विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर (डॉ) सौरभ चतुवेर्दी, प्रोफेसर और डीन, गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ थे। डॉ चतुवेर्दी ने कानूनी अनुसंधान और इसकी कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण और आंतरिक पहलुओं पर चर्चा की। कार्यशाला में एक व्यावहारिक सत्र भी शामिल था कि समाचार पत्र का उपयोग करके शोध विषयों को कैसे पाया जा सकता है।

प्रतिभागियों को कई शोध युक्तियां प्रदान की गईं जो निश्चित रूप से उनकी कानूनी और अनुसंधान यात्रा में उनकी मदद करेंगी। कार्यशाला का संचालन गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, पानीपत की सहायक प्रोफेसर वनिता शर्मा द्वारा किया गया था। कार्यशाला का संचालन प्रो (डॉ) सौरभ चतुवेर्दी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला का संचालन सहायक प्रोफेसर शिल्पा नैन ने किया।

# छात्र हर्ष आंतिल का स्कूल संचालक ईश्वर सिंह सैन ने किया जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मध्यप्रदेश** में आयोजित टाईकमाण्डो की नेशनल प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल लाने स्कूल संचालक श्री ईश्वर सैन जी ने छात्र हर्ष आंतिल का जोरदार स्वागत व अभिनन्दन कार्यक्रम स्कूल में आयोजित किया।

स्कूल संचालक ने हर्ष आंतिल के कोच को भी सम्मानित किया और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गुरु के बिगेर जीवन मे आगे बढ़ने का कोई मार्ग नही है हंमे अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए और उनके बातये गए मार्ग पर चलना चाहिए हर्ष आंतिल के स्कूल के आने पर फूल मालाओ से स्वागत किया गया है और हर्ष ने अपने मेडल का लाने का सारा श्रय अपने गुरुजनों को बताया

हरियाणा का प्रतिनिधित्व करके" प्रदेश और विद्यालय का नाम रोशन किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान श्री प्रवीण सैन , प्रधानाचार्या श्रीमती मंजू एवं स्टाफ ,पवन दुग्गल,तरुण ने विद्यालय पहुंचने प्रोत्साहित किया तथा उसके उज्ज्वल की कामना की।



# खेलों में पाइट के छात्र-छात्राओं ने जीते स्वर्ण

**समालखा (कुलदीप सिंह) पाइट कॉलेज** की छात्रा श्रुति जागलान ने 64वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। पाइट कॉलेज के एक अन्य छात्र देव अरोड़ा ने 37वीं हरियाणा स्टेट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वही केयूके में अयोजित हुई इंटर कॉलेज बॉक्सिंग, वेट लिफ्टिंग और तायक्वांडो प्रतियोगिता में विशाल बीसीए प्रथम वर्ष, अतुल बीसीए प्रथम वर्ष और भूमिका बीटेक प्रथम वर्ष ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कॉलेज के खेल अधिकारी डॉ. बजरंग राणा ने बताया कि कॉलेज में खेल प्रतिभाओं को मंच मुहैया कराया जा रहा है।

# 'सोनीपत निगम गंभीर बीमारी से पीड़ित, लोग खुले में लघुशंका करने पर मजबूर'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सोनीपत नगर** निगम गंभीर बीमारी से पीड़ित है, कोई भी डॉक्टर इलाज करने में समर्थ नहीं है, सरकार खुद कोमा की स्थिति में है जिसके चलते नगर निगम बनने के बाद भी क्षेत्रवासी आज तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है यह बात "आप" हरियाणा के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने सोनीपत नगर निगम की लचर व्यवस्था पर सवाल उठाते हुवे कही। देवेन्द्र गौतम ने कहा कि नगर निगम द्वारा सोनीपत में लाखों रुपए खर्च कर सार्वजनिक शौचालयों को रखवाने व रख-रखाव का कार्य करवाया गया था। लेकिन धरातल पर हालात बहुत खराब है। आम लोग शौचालय के बाहर लघुशंका करने पर मजबूर है। शौचालयों की देख-रेख व रख-रखाव में लगने वाले पैसे को अधिकारी हजम कर रहे है या जनप्रतिनिधि ये जाँच का विषय है। देवेन्द्र गौतम ने नगर निगम की लचर व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि करोड़ों रुपए सालभर में नगर निगम सफाई पर खर्च करता है, करोड़ों रुपए का जुमार्ना कंपनी पर भी लगाया जाता है, कंपनी को ब्लैक लिस्ट भी किया जाता है लेकिन फिर से दोबारा उस कम्पनी को सफाई का काम मिलता है, जुमार्ने का पैसा कहाँ जा रहा है ये भी नगर निगम प्रशासन कि कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगातार है। उसके बाद जो करोड़ों रुपए सफाई पर खर्च हो रहे है वो कहाँ जा रहे है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की आज इस वजय से चलते स्वच्छ रैकिंग में सोनीपत नगर निगम पिछले 7 साल के सबसे निचले पायदान पर पहुँच गया है। खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) में प्लस प्लस का प्रमाण पत्र मिलने के बावजूद सार्वजनिक शौचालयों पर ताला लटका रहता है। कचरा उठान की व्यवस्था ठप है। समय पर गाड़िया नहीं पहुँच पा रही है। कचरा पॉइंट पर शैड लगाए गए थे, जो कुछ समय में ही वो उखड़ चुके है। दिनभर सड़को पर कचरा बिखरा रहता है, समय पर उठान नहीं हो पाता है। देवेन्द्र गौतम ने माँग की है की उपरोक्त सभी विषयों पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त सोनीपत अपनी देख-रेख में जाँच करवाए। ताकि नगर निगम क्षेत्र वासियों को मूलभूत सुविधाएं मिल सके।



# बाघोत कट की मंजूरी दिलाने पर डिप्टी सीएम का जताया आभार

**धरना खत्म**

**8 बीते 311 दिनों से चल रहे धरने का समाधान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने करवा दिया**


**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल। नेशनल** हाइवे 152-डी पर बाघोत के पास कट लगवाने की मांग को लेकर बीते 311 दिनों से चल रहे धरने का समाधान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने करवा दिया है। यह जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि जनहित से जुड़ी इस मांग से 40 गांवों को सीधे तौर पर फायदा होगा। इसी खुशी को मनाने के लिए वीरवार को जजपा पार्टी के सिंघाना रोड पर स्थित जिला कार्यालय में पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए और लड्डू बांटकर खुशी मनाई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार चौधरी देवीलाल ने हर वर्ग का ख्याल रखा और अब आमलोग उन्हें जननायक कहकर लोग संबोधित करते हैं। उन्हीं स्व. चौधरी देवीलाल की राह पर अब उनके पौत्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला चल रहे हैं।

# प्राण प्रतिष्ठा पर राम कथा का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**कबीरपुर** स्थित शिरडी साई धाम में आज से राम कथा का आयोजन हो रहा है। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर के उपलक्ष में यह राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। शिरडी साई धाम के संचालक अमिताभ राठौर ने कहा कि प्रभु श्री राम की कथा 19 जनवरी से 22 जनवरी तक शिरडी साईधाम मंदिर के प्रांगण में होगी। उन्होंने कहा कि सुप्रसिद्ध रामकथा वाचक लखन तरुण गुरुजी होंगे। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम कथा दोपहर 3 से 6 बजे तक प्रतिदिन आयोजित होगी। 19 जनवरी को सुबह कलश यात्रा के साथ रामकथा प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि शिरडी साई धाम कबीरपुर में प्रतिदिन भंडारे का भी आयोजन होगा। अमिताभ राठौर ने कहा कि शिरडी धाम कबीरपुर में साई रसोई के माध्यम से प्रतिदिन जरूरतमंदों को भोजन कराया जा रहा है । अमिताभ राठौर ने शहर वासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रभु श्रीराम कथा को श्रवण करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर श्री साई बाबा शिव दुर्गा जी मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अर्चना राठौर ,यश राठौड, रवि गांधी, सनुजछाबड़ा, संजीव अग्रवाल, अनिल चढ़ा, विक्की परुथि, दीपक पाठक, दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।



# कष्ट निवारण समिति की बैठक में हुआ समस्याओं का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**जिला लोक** सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ. बनवारी लाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। एंजैडे के तहत 15 शिकायतें रखी गई, जिनमें से 11 शिकायतों का निपटान मौके पर ही किया गया तथा शेष बची 4 शिकायतों के संबध में सम्बन्धित अधिकारियों इन शिकायतों का निपटान करने बारे भी निर्देश दिए गये। एजेंडे में रखी गई एक शिकायत के मामले में एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी गठित करते हुए एक गैर सरकारी सदस्य को नियुक्त करते हुए मामले पर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, पुलिस अधीक्षक जश्नदीप सिंह रंधावा, एएसपी पूजा डाबला, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम सी.जयाशारदा, नगराधीश विश्वजीत सिंह, आरटीए सुशील कुमार मौजूद रहे।



मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहकारिता मंत्री ने एंजैडे में रखी शिकायतों के संबध में प्रार्थी व सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों द्वारा जो कार्रवाई की जा रही है उसकी विस्तार से समीक्षा की। जंडली निवासी सुरेश कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि वह जंडली पुल के पास 30 वर्षों से पंचायत की दुकान पर किरायेदार के रूप में रह रहा है और अब यह दुकाने नगर निगम को अधिकृत कर दी गई है। स्वामित्व योजना के तहत उसने नियमानुसार दुकान की रजिस्टरी करवाने बारे ऑनलाईन अप्लाई किया हुआ है लेकिन उसकी दुकान की रजिस्टरी नहीं हो रही। नगर निगम से आये अधिकारी ने मंत्री को अवगत करवाया कि प्रार्थी की दुकान की रजिस्ट्री की अप्रूवल कर दी गई है। जल्द ही नियमानुसार उसकी रजिस्ट्री कर दी जाएगी।

इसी प्रकार अम्बाला छावनी मोची मंडी निवासी गोपाल कृष्ण ने अपनी शिकायत में बताया कि क्रास रोड़ नम्बर 11 मोची मंडी के पूर्व और दक्षिण में दो गलियां हैं, उसने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति द्वारा गली में गल्त तरीके से अतिक्रमण करते हुए वहां पर एक रसोई, स्नानघर व कच्चा औटडा बना लिया है तथा गली को भी बंद कर दिया है जिससे लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में नगर परिषद को शिकायत देने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही। नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार ने मंत्री को अवगत करवाया कि जल्द ही डयूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त करवाकर जो भी अवैध कब्जा है, उसे हटवा दिया जाएगा।

# महेन्द्र नागपाल ने मंदिरों में चलाया सफाई अभियान





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर विधानसभा** क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले अशोक विहार इलाके में प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर सांसद डॉ हर्ष वर्धन और मंदिर कमेटी व कार्यकर्ताओं ने मंदिर की सफाई की। उक्त जानकारी वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने दी। श्री नागपाल ने आगे बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। राम भक्तों के द्वारा घर-घर जाकर लोगों को अक्षत व आमंत्रण पत्र, दीये और झंडे का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 22 जनवरी को दीपावली के रूप में मनाये और घर पर दीये अवश्य ही जलाये। साथ ही आपके आस-पास जो भी मंदिर हो उनमें सफाई अभियान चलाये। उन्होंने आगे यह भी कहा कि जिस प्रकार से मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम ने सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए ही किये थे, हमें भी सभी कार्य मर्यादा में ही रहते हुए करने चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है। इसलिए सभी सत्य का साथ दें और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।



जिला केशवपुरम भाजपा के जिला कार्यालय मंत्री नितिन गोयल मंदिरों में सफाई करते हुए।

# 'लोगों को यातायात के लिए मिले बेहतर रोड़ इंफ्रास्ट्रक्चर'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली को** जाममुक्त बनाने के केजरीवाल सरकार के प्रयासों में जल्द एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। केजरीवाल सरकार की पीडब्ल्यूडी द्वारा भैरो मार्ग पर बनाया जा रहा अंडरपास जल्द ही आवाजाही के लिए शुरू होने जा रहा है। इस अंडरपास के शुरू होने के बाद रोजाना सेंट्रल दिल्ली से यमुनपार और नोएडा जाने वाले लाखों वाहनों को जाम से निजात मिलेगा और उनका कीमती समय बचेगा। गुरुवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री ने इस अंडरपास का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जल्द से जल्द बचे हुए काम को पूरा कर अंडरपास को यातायात के लिए शुरू करने के निर्देश दिए। बता दे कि, अंडरपास के शुरू होने के बाद सेंट्रल और नई दिल्ली की ओर से रिंग रोड, यमुनापार पूर्वी दिल्ली, नोएडा आदि की ओर जाना आसान हो जाएगा। इसके लिए वाहनों को आईपीडिपो के पास से करीब डेढ़ किमी लंबा यू-टर्न नहीं लेना पड़ेगा। और वाहन भैरो मार्ग अंडरपास से होकर सीधे रिंग रोड की तरफ जा सकेंगे। साथ ही इससे प्रगति मैदान टनल पर भी वाहनों का लोड कम होगा और यहाँ शाम के समय लगने वाला ट्रैफिक भी कम होगा। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि, केजरीवाल सरकार का विजन है कि, दिल्ली में लोगों को यातायात के लिए बेहतर रोड इंफ्रास्ट्रक्चर मिले और हमारी पीडब्ल्यूडी इस दिशा में प्रतिबद्धता से काम कर रही है। भैरो मार्ग अंडरपास भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यहाँ असाधारण इंजीनियरिंग के साथ हमारी पीडब्ल्यूडी ने एक शानदार अंडरपास तैयार किया है। जिससे रोजाना सेंट्रल दिल्ली से यमुनापार और नोएडा जाने वाले वाहनों को फायदा मिलेगा और लोगों को ट्रैफिक से निजात मिलेगा। अंडरपास यात्रियों के समय और ईंधन दोनों की बचत करेगा, और जल्द घर पहुँच लोग परिवार के साथ, अपनों के साथ कीमती समय बिता सकेंगे।

# इमरान हुसैन ने अफसरों के साथ की समीक्षा बैठक



**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**दिल्ली के खाद्य** एवं नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले मंत्री इमरान हुसैन ने कंट्रोलर, विधिक माप विभाग एवं अन्य अधिकारियों के साथ विभाग की कार्यप्रणाली से संबंधित एक समीक्षा बैठक की। जिसका उद्देश्य दिल्ली के लोगों को पैसे के सही मूल्य के अनुरूप सही माप वाले उत्पाद प्राप्त हों। मीटिंग के दौरान मंत्री को माप-तौल विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि लीगल मेट्रोलॉजी विभाग (माप-टोल) का विश्वास नगर, दिल्ली स्थित नवनिर्मित कार्यालय परिसर फरवरी 2024 के महीने में तैयार हो जाएगा। नए कार्यालय परिसर में कंट्रोलर ऑफिस, 3 जोनल कार्यालय, 6 वर्किंग स्टैंडर्ड लैब एक सेकेंडरी लैब एवं टैक्सी मीटर यूनिट की स्थापना की गई है। मंत्री इमरान हुसैन ने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यालय भवन के क्रियान्वित होने पर दिल्ली के खासकर पूर्वी एवं उत्तरी पूर्वी दिल्ली में रहने वाले लोगों को एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को माप तौल विभाग से संबंधित वेरीफिकेशन, स्टांपिंग, कैलिब्रेशन का कार्य करवाने में सुविधा होगी और समय की भी बचत होगी। बैठक के दौरान मंत्री ने विभिन्न जोनल कार्यालयों द्वारा जारी रिपोर्ट की समीक्षा की। मंत्री ने लीगल मैट्रोलोजी विभाग को निर्देश दिया कि माप मशीनों को सत्यापित करने से पहले वजन उपकरण की सटीकता की उचित जांच सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा कि कुछ जोन में ऑफिस स्टाफ को समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं की बात संज्ञान में आई है। माप तौल विभाग को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की समय-समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि विभागीय कार्य में पारदर्शिता बनी रहे। मंत्री ने कहा कि समय से कार्यालय न पहुंचने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने कंट्रोलर को सभी जोन ऑफिस का सक्रिय निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

# त्रीनगर: जय माता मार्किट रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पुन: अध्यक्ष बने राजेंद्र जिंदल






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर** विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले त्रीनगर वार्ड स्थित जय माता मार्किट रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का सर्वसम्मति से राजेंद्र जिंदल को एक बार फिर से अपना प्रधान चुना। इस मौके पर भाजपा त्रीनगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश वशिष्ट, भाजपा मंडल पूर्व अध्यक्ष छबील दास गर्ग, मंडल कार्यालय मंत्री तरुण मेहरा एवं आरडब्ल्यूए के महामंत्री सुन्दर गोयल, कोषाध्यक्ष आनन्द गोयल सहित सैनी समाज ने अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इन सभी के साथ-साथ विश्व हिंदू परिषद त्रीनगर प्रखंड के अध्यक्ष मोहनलाल गौड, अध्यक्ष सतपाल बंसल, प्रखंड मंत्री पवन सुरेका राजस्थानी, उपाध्यक्ष डॉ विजेंद्र गुप्ता, भारत कुमार, अनिल गुप्ता सहित अन्य गणमान्यों ने राजेंद्र जिंदल को पुनः प्रधान बनने पर हार्दिक बधाई दी तथा जय माता मार्किट क्षेत्र के विकास, सुरक्षा एवं प्रगति की आशा प्रकट की। जय माता मार्किट त्रीनगर की कार्यकारिणी और स्थाई सदस्यों के सभी मेंबरों की एक मीटिंग रखी गई जिसमे सुनील गोयल ने प्रस्ताव रखा की पिछली कार्यकारिणी ने अच्छा काम किया है तो इस टीम को दोबारा एक मौका मिलना चाहिए, सभा में उपस्थित सभी गणमान्य सदस्यों ने सर्वसम्मति से ताली बजाकर उनकी बात का समर्थन किया और पिछली कार्यकरिणी को सर्वसम्मति से दोबारा चुना गया।

# पार्षद सुशील जोंटी ने मंदिरों में चलाया सफाई अभियान




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यशस्वी प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छता अभियान पूरे देश में जोरों-शोरों से चलाया जा रहा है। इसी के मद्देनजर संगम पार्क वार्ड में भी सफाई अभियान चलाया गया। निगम पार्षद सुशील जोंटी के द्वारा यह अभियान मंदिरों में चलाया गया। श्री जोंटी ने बताया कि जहां एक और मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया गया वहीं मंदिरों को सजाया भी जा रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि आज सेवा भारती लाल बाग के दुर्गा माता मंदिर सहित कई मंदिरों में सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने आगे यह भी बताया कि हम अपनी टीम के साथ घर-घर जा रहे है और लोगों को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र और अक्षत, दीये और झंडे दिये जा रहे है और लोगों से कह रहे है कि आप सभी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन को महा उत्सव के रूप में मनाये। उन्होंने लोगों से यह भी अपील की है कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की आपके आस-पास गंदगी न हो और आपका क्षेत्र साफ और स्वच्छ नजर आये। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## मॉडल टाउनः सभी को करना चाहिए पौधारोपणः जेके डाबर

**नई दिल्ली। समाजसेवी जेके** डाबर ने कहा कि पौधारोपण का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें। क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। उन्होंने आगे बताया कि गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए।



वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी को प्रभुश्रीराम का स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए पॉकेट-सी अशोक विहार फेस-3 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अजय चावला व उनकी टीम।

# विधायक के जन्मदिन पर बुजुर्गों को करवाया भोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली विधानसभा** क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के जन्मदिन पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा माता रामबेटी वृद्धा आश्रम में बुजुर्गो को भोजन करवाया गया। इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा, अनुज सिंह के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर आप नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि आज विधायक अजेश यादव के जन्मदिन पर माता रामबेटी वृद्धा आश्रम में बुजुर्गो को भोजन करवाया गया। उन्होंने कहा कि मैं विधायक अजेश यादव को जन्मदिन की बधाई देता हूं और उनकी दीघार्यु की कामना करता हूं और साथ ही सभी से कहना चाहूंगा कि सभी अपने जन्मदिन पर पौधे लगाये, गरीबों में भोजन का वितरण करें, बुजुर्गो की सेवा करें। जिससे की आपको उनकी दुआएं और आशीर्वाद मिले। उन्होंने आगे बताया कि सभी को बड़े-बुजुर्गो का सम्मान करना चाहिए और हमेशा ही सत्य की राह पर चलना चाहिए। उन्होंने आगे यह भी बताया कि जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एक दिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है।

# श्रीरामजी का जीवन चरित्र सत्य की राह पर चलने का देता है संदेश: सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**22 जनवरी को** श्रीराम जन्म भूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह होना है, इस समारोह को लेकर देशभर के हर तबके के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, हर कोई अपने-अपने तरीके से भगवान श्री राम की भक्ति करते दिखाई दे रहे हैं।

मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित मॉडल टाउन में रहने वाले प्रसिद्ध समाज सेवी सुरजीत सिंह ने कहा कि जैसे-जैसे 22 जनवरी की तारीख पास आ रही है वैसे-वैसे देश में अयोध्या के राम मंदिर को लेकर उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। वहीं उन्होनें कहा कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर हर तरफ चर्चाए भी जोरों पर हैं। वहीं, दुनिया भर में करोड़ों रामभक्त 22 जनवरी का इंतजार कर रहे हैं, हर कोई रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने का सोच रहा है और मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयारियां अंतिम दौर में हैं।

# जयराम कन्या महाविद्यालय में एन.एस.एस के आत्म निर्भर भारत स्वावलंबी भारत शिविर का शुभारंभ

## शिविर के पहले दिन गांव व श्री काम्यकेश्वर तीर्थ में सफाई अभियान चलाया

**विशेष शिविर**

8 मुख्य अतिथि के तौर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. हुकम सिंह ने शिरकत की।



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में एन.एस.एस. के सात दिवसीय आत्मनिर्भर भारत स्वावलंबी भारत विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. हुकम सिंह ने शिरकत की। उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के शिविर का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता का स्वागत किया। एन.एस.एस. की दोनों यूनिट की 100 स्वयं सेविकाओं ने इस शिविर में भागीदारी दिखाई। गांव कमोदा में लगे इस शिविर में मुख्य रूप से कमोदा के गांव की गलियों की सफाई और वहां स्थित श्री काम्यकेश्वर मंदिर के तालाब की सफाई को मुख्य उद्देश्य बनाया गया है। डा. हुकम सिंह ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण आंचल की इन छात्राओं ने पर्यावरण स्वच्छता का संदेश देकर एवं अपने कर्मों के द्वारा सिद्ध कर दिया कि नारी शक्ति महान है। उन्होंने गांव में सफाई का जो बीड़ा उठाया है वह सराहनीय है।

प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डा. संगीता शर्मा प्राचार्या, चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांढ मौजूद रही। उन्होंने नारी सशक्तिकरण पर अपने ओजस्वी विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने सभी बेटियों को जीवन में आगे बढ़ने, उन्नति करने के लिए मेहनत करने की प्रेरणा एवम संदेश दिया। नारी के अधिकार एवम कर्तव्य के बारे में जागृत किया।

# वैदिक संस्कृति को पुनः विश्वपटल पर स्थापित करने का कार्य किया देवव्रत ने : रणदीप आर्य



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

राज्यपाल आचार्य देवव्रत का जन्मदिन आर्य बाल भारती स्कूल में पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे। अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की।

इस अवसर पर प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित भी किया गया। प्रधान एडवोकेट रणदीप आर्य ने कहा भारतीय संस्कृति संसार की सबसे प्राचीन संस्कृति है और आचार्य देवव्रत ने वैदिक संस्कृति को पुनः विश्व पटल पर स्थापित करने का अभूत पूर्व कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि आचार्य देवव्रत का जन्म पानीपत जिला के गांव पावटी में 18 जनवरी 1959 को एक किसान परिवार में हुआ। इ मात्र 21 वर्ष की आयु में ही ये गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्राचार्य बन गए और उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में इस गुरुकुल को शिखर तक पहुंचाया आज इस गुरुकुल में 1500 से अधिक छात्र वैदिक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन्होंने आर्य समाज के माध्यम से भारत की वैदिक संस्कृति को भी विश्व शिखर तक पहुंचाया। आज आर्य समाज की लगभग 10000 से अधिक आर्य संस्थाएं और आर्य शिक्षण संस्थाएं वैदिक संस्कृति और प्राकृतिक कृषि को ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य के प्रयासों से जहां गौ आधारित जीरो बजट प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है वहीं जहर मुक्त खेती और नशा मुक्त समाज की स्थापना के भी सभी प्रयास किया जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### समालखा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा 19 जनवरी ( कुलदीप सिह )**
नगर पालिका समालखा के क्षेत्र मे प्रातः 10 बजे राजकीय प्राथमिक पाठशाला, माता मंदिर रोड , समालखा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा है। जिसमें विभिन्न विभागों के माध्यम से सरकार द्वारा आमजन के लिये चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी व योजना का लाभ दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त "जनसंवाद" का भी आयोजन किया गया है। इसलिए उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर सरकार की जन हितकारी योजनाओं का लाभ उठायें । यह जानकारी नगर पालिका सचिव मुकेश कुमार ने दी

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वीरवार को मडलौडा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम का आज ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम दिन रहा



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वीरवार को मडलौडा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम का आज ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम दिन रहा। बड़ी संख्या में महिलाओं,बुजुर्गों व युवाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश एलईडी वैन के माध्यम से सुना। कार्यक्रम में हरियाणवी कलाकार बाली शर्मा ने बेहतरीन रागनियां प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया। स्कूली बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने मडलौडा में विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की घोषणा करते हुए विकास कार्यों को और गति देने की बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र में राज्य सरकार ने किसान मजदूर के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की है जिनका वर्तमान में बड़े स्तर पर लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों व पशुपालकों की आय बढ़ाने व उनके जीवन में खुशहाली लाने के लिए नई.नई योजनाएं सरकार द्वारा लागू की जा रही हैं।

कार्यक्रम में लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने ग्रामीणों से मंच से नीचे उतर कर सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश को मजबूती मिली है। आज हम दुनिया की पहली पांच आर्थिक मजबूती वाले देशों में गिने जाते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है 2047 से पूर्व ही हम विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से भारत माता की जय के नारों का उद्घोधन कराया व इस विकसित भारत भारत संकल्प यात्राओं की सफलताओ को लेकर बधाइयां भी दी।

उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष भारत योजना पर बोलते हुए कहा की 30 करोड से ज्यादा लोगो को अब योजना का लाभ मिला है यात्रा के तहत 55 करोड लोगो तक लाभ पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि 2 लाख 15 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायत तक यह यात्रा पहुंच चुकी है।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, एडीसी वीना हुडा, एसडीएम मनदीप,तहसीलदार अजय सैनी, बीडीपीओ सुरेंद्र, सीएमओ डा.जयंत आहूजा, डीएसपी कृष्ण लाल, सीएम जीजीए अवंतिका थरेजा, सामाजिक कार्यकर्ता रंजीता कौशिक, सरपंच सरोज देसवाल, भारतीय जनता पार्टी महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता, बीईओ मुनिष गुप्ता, ब्लॉक समिति चेयरमैन हरपाल मलिक,रोशन लाल माहला, टेकराम, सूबेदार राजकुमार, राजेश देशवाल, पब्लिक हैल्थ एसडीओ विरेन्द्र, बिजली विभाग के एसडीओ सत्यवान के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## भगोड़े घोषित हुए महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** थाना सिविल लाइन की टीम ने अलग-अलग मामलों में महिला सहित दो उद्घोषित अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना सिविल लाइन की टीम ने अदालत के आदेशों की उल्लंघना करने वाले घोषित पीओ अपराधी सचिन पुत्र प्रेम कुमार वासी बालु गंज आगरा उत्तर प्रदेश और तारा रानी पत्नी सुभाष वासी कुंजपुरा, जिनको जेएमआईसी गुलशन वर्मा द्वारा पीओ घोषित कर थाना सिविल लाइन में 18 मई 2023 में आईपीसी की धारा 174ए के तहत दर्ज हुए मुकदमा और 18 दिसंबर 2023 में ही दर्ज हुए मुकदमे में गिरफ्तार किया गया है।

# भौतिक विकास से पहले लोगों के व्यक्तित्व का विकास अधिक महत्वपूर्ण : पन्नु

**कार्यक्रम**

8 देश की बात अभियान के अन्तर्गत बाबारामदास विद्यापीठ कुलवेहड़ी में मोटिवेशनल कार्यक्रम रखा गया।



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स, जेनेसिस क्लासेस व कानन इंटरनेशनल के सहयोग से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये शुरू किए गए अभियान देश की बात के अन्तर्गत आज बाबा रामदास विद्यापीठ कुलवेहड़ी में मोटिवेशनल कार्यक्रम रखा गया।

स्कूल प्रिंसिपल नीनू चाँदना की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने बाबा रामदास विद्या पीठ के विद्यार्थियों को कहा कि किसी भी देश को उसकी अच्छी सडकों, बड़े हवाई अड्डों, भौतिक विकास से अधिक उसके लोगों के राष्ट्रीय चरित्र से महत्व दिया जाता है। इसलिए भौतिक विकास से पहले लोगों के व्यक्तित्व का विकास अधिक महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बच्चों को देश, समाज व परिवार के प्रति अपने कर्तव्यों को पहचान कर उनका निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले देश का भविष्य उनके कंधों पर है। जब वह बड़े होकर इंजीनियर, डॉक्टर या प्रशासनिक अधिकारी बनेंगे तो देश का विकास करेंगे अथवा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देंगे, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आज उन्होंने किस प्रकार के जीवन मूल्यों को धारण किया है। इसलिए सबसे पहले अपनी जिम्मेदारी का एहसास मजबूत कर फिर जीवन पथ पर सफलता को प्राप्त करना अधिक महत्वपूर्ण होगा।

पन्नु ने विद्यार्थियों को अपना स्वॉट परीक्षण कर लक्ष्य निर्धारित करने, शारीरिक व मानसिक विकास और एकाग्रता को बढ़ावा देने के लिए व्यायाम व त्राटक क्रिया का तरीका भी बताया। हर अच्छी बात को ध्यानपूर्वक सुनने की कला विकसित करने, मोबाइल फोन का इस्तेमाल बेहतरीन जानकारी हासिल करने व ज्ञानवर्धन करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों का आने वाला कल कैसा होगा यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आज वह क्या पढ़ रहे हैं, क्या देख रहे हैं और किन लोगों की संगत में रह रहे हैं।

सेमिनार में देश की बात अभियान के सहयोगी जेनेसिस क्लासेज से राजेश सैनी ने भी बच्चों को संबोधित किया व उन्हें शिक्षा के लिए किसी भी संस्थान का चयन करने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी हासिल करने की सलाह दी।

# हरबीर सिंह बने सेक्टर-8 पार्ट-2 की रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस।**
सेक्टर-8 पार्ट-2 की रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव को लेकर पार्क में एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पार्षद मुकेश अरोड़ा ने की। कार्यकारिणी चुनाव रिटर्निंग अधिकारी लोकेश्वर नाथ मलिक की देखरेख में संपन्न हुआ।

मीटिंग में आपसी सहमति से कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें हरबीर सिंह दलाल को प्रधान, चंद्रभान लाजपाल को उपप्रधान, योगेंद्र सिंह शिशोदिया को सचिव, राकेश कुमार हंस को उप सचिव, हुकम सिंह को सलाहकार, विशाल गुप्ता को कैशियर बनाया गया। इसके अलावा नवनीत शर्मा, ईशपाल सिंह, मेघराज सिंह पंवार, सुभाष चंद व सत्यादेश को कार्यकारिणी सदस्य में शामिल किया गया।

## जय श्रीराम राम के नारों से गूंज उठा देहात

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्रभु रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में गुरुवार को जिले के कई गांवों में विशाल राम रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा का शुभारंभ इलाके के प्रसिद्ध संत श्रीश्री 1008 कालीदास महाराज ने किया। उन्होंने सेक्टर-2 स्थित युद्धवीर भारद्वाज के कार्यालय से यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रीश्री 1008 कालीदास महाराज ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होना हर देशवासी के लिए गौरव की बात है। 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक दिन है इसलिए इस दिन को त्योहार की तरह मनाएं। चेयरमैन युद्धवीर भारद्वाज ने कहा कि जिस शुभ घड़ी का हर हिंदू को सदियों से इंतजार था वह अब आ गया है।

## चेयरमैन युद्धवीर भारद्वाज द्वारा निकाली गई रथ यात्रा का श्री श्री 1008 कालीदास महाराज ने किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
अयोध्या में प्रभु राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भाजपा के वरिष्ठ नेता चेयरमैन युद्धवीर भारद्वाज द्वारा पूरे बहादुरगढ़ हलके में एक विशाल रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा का शुभारंभ श्री श्री 1008 कालीदास महाराज जी ने किया। उन्होंने सेक्टर-2 स्थित चेयरमैन युद्धवीर भारद्वाज के कार्यालय से यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया और इस भव्य आयोजन के लिए युद्धवीर भारद्वाज को बधाई दी।

श्री श्री 1008 कालीदास महाराज ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होना हर देशवासी के लिए गौरव की बात है। 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक दिन है इसलिए इस दिन को त्योहार की तरह मनाए। चेयरमैन युद्धवीर भारद्वाज ने कहा कि जिस शुभ घड़ी का हर हिंदु को सदियो से इंतजार था वह क्षण अब आ गया है। करोड़ों हिंदुओं की आस्था और विश्वास के प्रतीक भव्य दिव्य राम मंदिर की 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्राण प्रतिष्ठा होगी। उन्होंने इस क्षण को साकार करने, भव्य राम लला म दिर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बदौलत ही हर देशवासी का यह सपना पूरा हो पाया है। उन्होंने कहा कि भगवान राम में आस्था रखने वाले लोग काफी वर्षों से इस क्षण की प्रतीक्षा कर रहे थे, जिन्हें माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया है। यात्रा सेक्टर-2 से शुरू होकर लाल चौक, नाहरा-नाहरी रोड, बामड़ोली, कानोंदा, कुलासी, जसोरखेड़ी, आसोदा, बराही, जाखोदा, टांडाहेड़ी, मांडोठी, महेंदीपुर डाबोदा, नूना माजरा, सोलधा, बलोर, नया गांव से होते हुए ओमैक्स स्थित राम मंदिर में संपन्न हुई। यहां सैकड़ों लोगों ने आरडब्ल्यूए प्रधान अतर सिंह कौशिक के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय नजर आया। यात्रा के दौरान लोगों ने श्रीराम के जयकारे लगाए। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

# मुख्य आयकर व प्रधान आयकर आयुक्त ने किया श्रमदान



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** मुख्य आयकर आयुक्त हरियाणा क्षेत्र, पंचकूला तरुण कुमार गुरूवार को आयकर विभाग कार्यालय सेक्टर 12 करनाल पहुंचे। उनका स्वागत प्रधान आयकर आयुक्त, करनाल निधि श्रीवास्तव, संयुक्त आयकर आयुक्त वेद प्रकाश, सहायक आयकर आयुक्त करनाल रवींदर सागर शर्मा व अन्य अधिकारीगण / कर्मचारीगण ने किया ।

सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वच्छता पखवाड़ा क्रमागत नौंवी मुहिम जो कि 16 जनवरी से 31 जनवरी तक चलाई जा रही है, यह वार्षिक कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन का एक हिस्सा है, जो महात्मा गाँधी जी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किया गया एक मुख्य कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम की अगुवाई करने के लिए मुख्य आयकर आयुक्त हरियाणा, आयकर विभाग करनाल पहुंचे व अन्य अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण के साथ इस कार्यक्रम का हिस्सा बने ।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया। इन गतिविधियों में स्वच्छता अभियान से सम्बंधित कार्य जैसे पुरानीं भौतिक फाईलों की समीक्षा, छंटाई व पुरानी अप्रचलित वस्तुओं की पहचान, बिजली के उपकरण जैसे स्विच बोर्ड, पंखों, ए.सी. की सफाई व दीवारों तथा शौचालय की सफाई शामिल है। मुख्य आयकर व प्रधान आयकर आयुक्त ने सभी अधिकारीगणों व कर्मचारीगण के साथ मिलकर सामूहिक श्रमदान, कार्यालय को स्वच्छ करने के लिए दिया ।

इसके साथ-साथ उन्होंने कार्यालय के सभी अधिकारीगण व कर्मचारियों को स्वच्छता प्रतिज्ञा दिलाई एवं साथ ही उन्होंने सभी अधिकारीगण व कर्मचारियों को जागरूक दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने कार्यालय / क्षेत्र को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने के लिए प्रेरित किया ।

# मनुष्य के जीवन में रामनाम रूपी बैंक बैलेंस भी आवश्यक : करूणदास



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
जय मां दुर्गा जय श्री महाकाल ट्रस्ट एवं मां बाला सुंदरी यज्ञशाला मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में दुःखभंजन महादेव मंदिर में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्याधाम में राम मंदिर की पुनः स्थापना के उपलक्ष्य में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथाव्यास संत करूणदास महाराज ने श्रद्धालुओं को श्री राम जन्म प्रसंग सुनाया।

जानकारी देते हुए आयोजन समिति सदस्य अंकुश गुप्ता एवं विनीत गर्ग ने बताया कि बुधवार सांय श्रीराम कथा में आयोजन समिति सदस्य सुरेंद्र शर्मा बारना, पंडित राजेश मौदगिल, सचिन गुप्ता, जतिन गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आचार्य बलराम गौतम और महंत राजेंद्र पुरी ने कथाव्यास करूणदास महाराज को तिलक लगाकर व्यासपीठ की पूजा की। इस दौरान हरियाणा ब्राह्मण सभा के प्रदेशाध्यक्ष पवन शर्मा पहलवान,कुलदीप शर्मा गोल्डी,जगदम्बा सेवा समिति और गणेश मित्र मंडल के सदस्यों सहित करनाल से प्रेम कुमार और राहुल ने श्री राम कथा की आरती में बतौर यजमान हिस्सा लिया। प्रवचनों में करुणदास महाराज ने बताया कि ब्रह्मा जी के पुत्र दरीची, दरीची के पुत्र महर्षि कूर्म कश्यप के वंश से जो सूर्यवंश हुआ उसी के इक्षवाकु कुल में श्री राम का जन्म हुआ। प्रभु श्रीराम कौशल नरेश महाराज दशरथ और रानी कौशल्या के सबसे बड़े पुत्र, सीता के पति व लक्ष्मण, भरत तथा शत्रुघ्न के भ्राता थे। हनुमान उनके परम भक्त है। पुराणों में राम जी की प्रतिष्ठा मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में है क्योंकि उन्होंने मयार्दा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता तक का त्याग किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में रामनाम रूपी बैंक बैलेंस भी आवश्यक है। यही बैलेंस परलोक में उसके काम आएगा। जिस प्रकार हम बैंक में अपना धन जमा करवाते है उसी प्रकार जीवन में राम के नाम रुपी धन का संग्रह करके हम अपना जीवन संवारते है। तीर्थों में मयार्दा के अनुकूल ही रहना चाहिए। इससे तीर्थराज प्रसन्न होकर अपने स्थान के निवासियों को प्रत्येक आपत्ति से बचाते है। उन्होंने कहा कि सत्य परेशान तो होता है किंतु पराजित नहीं होता। सत्य और धर्म का पालन करने वाले मनुष्यों की कभी पराजय नहीं होती। इसलिए सत्य और धर्म का पालन करो। कथा के बीच-बीच में सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा में जय श्री राम और हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्री राम आरती में श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति के महासचिव रमेश शर्मा,पंडित जय सियाराम गौतम, सतपाल शर्मा ग्योंग, कपिल गुप्ता, राकेश मौदगिल, प्रेम मदान, चंद्रभान कौशिक,विजय कुमार मित्तल,भारत भूषण सिंगला, गोपाल शर्मा, राहुल तंवर एडवोकेट और सुंदर वालिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चलाया मंदिर में सफाई अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

इसे लेकर स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने करनाल के विभिन्न मंदिरों में अभियान चलाया और स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छ भारत मिशन की जिला टास्क फोर्स के सदस्य रवि सौदा ने नगर के शिव मंदिर गांधी चौक सदर बाजार में स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाते हुए झाड़ू लगाया। इसके साथ ही कार्यकताओं के साथ मंदिर परिसर को स्वच्छ करने में योगदान दिया। रवि सौदा ने कहा कि सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान 22 जनवरी तक पूरे ताकत से चलाया जाएगा। अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी देशवासियों के लिए सौभाग्य का दिन है। इस दिन रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। पूरे विश्व में यह दिन दीपोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिलेभर में दीपोत्सव समेत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

ACTION INDIA
एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 19 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 'आदर्श रसोई' ने किया जूते और कंबल वितरण समारोह का आयोजन

**'राकेश भारद्वाज चौक' पर 'आदर्श रसोई' द्वारा वितरित किए गए 750 कंबल और 250 जोड़ी जूते, राकेश भारद्वाज चौक पर बुद्धिराजा परिवार ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का विधिवत शुभारंभ**
















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "राकेश भारद्वाज चौक" पर धूमधाम से आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 42वें रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## राकेश भारद्वाज चौक पर जरूरतमंदों के बीच बांटे गए 750 कंबल और 250 जोड़ी जूते

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई ने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर कंबल और जूते वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने जरूरतमंदों के बीच 750 कंबल और 250 जोड़ी जूते बांटें गए।साथ ही मंकर संक्रांति का पर्व भी मनाया और एकदूसरे को बधाई दी।

## कंबल और जूतों के साथ खिचड़ी का भी किया गया वितरण

राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई ने जूते और कंबल तो बाँटे ही। साथ ही खिचड़ी भी वितरित की। इस दौरान बड़ी संख्या में मजदूर और जरूरतमंद लोग कंबल और जूते लेने भारद्वाज चौक पर पहुँचे।

## बुद्धिराजा परिवार ने रिबन काटकर आदर्श रसोई का किया शुभारंभ

मकर संक्रांति के अवसर पर आदर्श रसोई के संरक्षक सुरेंद्र बुद्धिराजा का जन्मदिन धूमधाम एस मनाया गया। इस अवसर पर पूरा बुद्धिराजा परिवार भी मौजूद रहा। बुद्धिराजा परिवार ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की।श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया और फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।



## बेहतरीन कार्य कर रही है आदर्श रसोई: सुरेंद्र बुद्धिराजा

इस अवसर पर श्री बुद्धिराजा ने कहा कि कड़कड़ाती ठंड का प्रकोप जारी है और इस ठंड में अगर किसी जरूरतमंद को शरीर ढकने के लिए कंबल और जूते मिल जाए तो जिंदगी भरी वह आपके लिए दुआ मांगेगा। इस नेक कार्य के लिए मैं आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करता हूं जो उन्होंने कंबल और जूते बांटने का निर्णय लिया। रसोई बहुत अच्छा कार्य कर रही है।







## धूमधाम से मनाया गया संरक्षक सुरेंद्र बुद्धिराजा का जन्मदिन

**इस बार** आदर्श रसोई ने सुरेंद्र बुद्धिराजा का धूमधाम से जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर पूरा बुद्धिराजा परिवार भी मौजूद रहा। आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने केक कटवाकर सुरेंद्र बुद्धिराजा को जन्मदिन की बधाई दी और उनके व्यक्तित्व के बारे में अपने विचार रखें।

### क्या बोले सुरेंद्र बुद्धिराजा

इस विशेष मौके पर सुरेंद्र बुद्धिराजा ने कहा कि "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक दूसरे वर्ष का 42वां हफ्ता पूरा कर लिया है। इसके लिए सभी को बधाई। इन डेढ़ साल में आदर्श रसोई ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं और सामाजिक कार्य में एक नई मिसाल स्थापित की है। मैं आदर्श रसोई के सभी सदस्यों का दिल की गहराईयों से अभिनंदन करता हूं और मैं लोगों से आह्वान करता हूं कि हम सभी को इस तरह के नेक कार्य से जुड़ना चाहिए।

### क्या बोली नीलम बुद्धिराजा

इस अवसर पर पूर्व पार्षद नीलम बुद्धिराजा ने कहा कि आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से पिछले डेढ़ वर्षों से लोगों को नाममात्र के शुल्क में थाली परोस रही है।

मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी बनीं हूं। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है। वहीं आदर्श रसोई के अन्य सदस्यों ने भी सुरेंद्र बुद्धिराजा को जन्मदिन की बधाई देते हुए स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना की।





